





झारखण्ड का अपना दैनिक
झारखण्ड उजाला
सच आप तक

रांची, गुरुवार, 24 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -96 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्रीमती मनीषा सिंह**
**अध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा, झारखण्ड प्रदेश महिला विंग**

**महिलाएं और छात्राएं समाज की शक्ति और भविष्य की आधारशिला हैं। उन्हें शिक्षा, सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देकर ही सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। हमारा संकल्प है कि हर महिला आत्मनिर्भर बने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो और विकास की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक अपनी भूमिका निभाए।**

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,33,700**
चांदी (प्रति किलो) : **2,36,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **74,828.25**
निफ्टी :- **23,446.80**

### मौसम

अधिकतम तापमान : **24**
न्यूनतम तापमान : **22**

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:38**
संध्या :- **17:43**

### आज का इतिहास

**आज ही के दिन सन 1996 को अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र में (व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि) पर हस्ताक्षर किए।**

### संक्षिप्त समाचार

#### तिरिल लावेद में फंदे से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** विधानसभा थाना क्षेत्र के तिरिल लावेद में बुधवार को एक व्यक्ति का शव फंदे से लटका मिला. मृतक की पहचान पवन सिंह के रूप में हुई है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी. पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुटी है. फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि पवन सिंह ने यह कदम क्यों उठाया. मामले में परिजनों और आसपास के लोगों से भी जानकारी ली जा रही है.

#### तमाड़ में तीन ट्रकों की टक्कर, 6 घंटे केबिन में फंसा रहा चालक

**तमाड़।** रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में ढल्ल पर मंगलवार देर रात तीन ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर हो गई. हादसा इतना भीषण था कि दो ट्रकों के केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों चालक अंदर फंस गए. इनमें से एक चालक को कुछ देर बाद बाहर निकाल लिया गया, जबकि दूसरे चालक को करीब छह घंटे तक केबिन में फंसा रहना पड़ा. जानकारी के अनुसार, एक ट्रक जमशेदपुर से रांची की ओर आ रहा था. इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर के बाद तीसरा ट्रक भी आगे चल रहे ट्रक से जा भिड़ा. लगातार हुए हादसे में दूसरे और तीसरे ट्रक के सामने के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई. क्षतिग्रस्त केबिन में फंसे चालकों को बाहर निकालने के लिए स्थानीय लोगों और राहत दल ने काफी प्रयास किया. एक चालक को पहले ही सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि दूसरे चालक को बाहर निकालने में करीब छह घंटे लग गए. सुबह करीब आठ बजे उसे भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया.

# करम डाली विसर्जन के दौरान नदी में डूबने से 6 की मौत

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**



**पलामू।** करम पर्व की खुशियां बुधवार की सुबह उस वक्त मातम में बदल गयीं, जब करम डाली विसर्जन के दौरान कोयल नदी में डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गयी. घटना चैनपुर थाना क्षेत्र के पतरिया खुर्द गांव से सटे बोकया गांव के समीप कोयल नदी में सुबह करीब छह बजे हुई. हादसे की सूचना मिलते ही पूरे इलाके में कोहराम मच गया. ग्रामीणों की भीड़ नदी तट पर जुट गयी. चार बच्चों के शव बरामद कर लिये गये हैं, जबकि एक बच्चे की तलाश जारी है. जानकारी के अनुसार. पतरिया खुर्द गांव के बच्चे करम पर्व को लेकर करम डाली लेकर कोयल नदी में विसर्जन करने गये थे. विसर्जन के दौरान अचानक एक बच्चा गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. उसे बचाने के प्रयास में दूसरे बच्चे भी नदी में उतर गये. नदी में तेज बहाव होने के कारण बच्चे संभल नहीं सके और देखते ही देखते एक के बाद एक पानी में डूबते चले गये. बताया जाता है कि इसी दौरान नदी के समीप मौजूद एक महिला ने बच्चों की आवाज सुनी. उसने नदी की ओर देखा तो बच्चे पानी में डूब रहे थे. महिला ने शोर मचाकर ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी. आवाज सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण नदी तट पर पहुंचे और बच्चों को बचाने का प्रयास किया. काफी प्रयास के बाद चार बच्चों के शव बरामद कर लिये गये, जबकि पांचवें बच्चे की तलाश जारी रही. घटना की जानकारी मिलने के बाद चैनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की. पुलिस और ग्रामीणों की ओर से लापता बच्चे की तलाश की जा रही है. घटना की सूचना मिलने पर डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया भी घटनास्थल पर पहुंचे. उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया. विधायक ने कहा कि घटना बेहद दुखद है. बच्चों की मौत की भरपाई किसी भी कीमत पर नहीं की जा सकती. करम पर्व की खुशियां देखते ही देखते गम में बदल गयीं. उन्होंने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की.

दूसरी घटना पाटन थाना क्षेत्र के हिसरा बरवाडीह के नानी झरिया निवासी दिलीप पासवान की नाबालिक (17वर्ष) सिंपी कुमारी की मौत हो गयी. घटना बुधवार सुबह करीब 6:15 की बताई जा रही है. बताया गया कि सिंपी कुमारी करमा पर्व के लिए गई हुई थी. उसने बुधवार को सुबह अपनी सहेलियों के साथ करमा पर्व का झुर बहाने (विसर्जन) करने के लिए गांव के बगल में स्थित जिंजोई नदी गई थी. झुर बहाने के क्रम में वह गहरे पानी में चली गयी. ग्रामीणों ने उसे पानी से बाहर निकाला और आनन फानन में उसे मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच पहुंचाया. जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.

### पलामू करम डाली विसर्जन हादसे पर सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दुख



पलामू में करम पर्व के दौरान करम डाली विसर्जन के लिए नदी में उतरे लोगों के डूबने की घटनाओं ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है. अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत के बाद पर्व की खुशियां मातम में बदल गई. हादसे की खबर सामने आने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना पर गहरा दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पर पोस्ट कर कहा कि पलामू में करम डाली विसर्जन के दौरान हुए हादसे में लोगों के नदी में डूबने का समाचार अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है. उन्होंने इस दर्दनाक घटना में जान गंवाने वाले सभी मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की. सीएम ने कहा कि इस तरह की दुखद घटना से परिवारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है. करम पर्व जैसे पारंपरिक और उत्सव के मौके पर हुई इन घटनाओं से कई परिवारों की खुशियां अचानक मातम में बदल गई. उन्होंने दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की.

#### पलामू में 5 युवकों के डूबने की घटना पर बाबूलाल ने जताया दुख, प्रशासन से मदद की मांग

पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के बोकया में करमा पूजा के विसर्जन के दौरान 5 बच्चों के डूबने की सूचना से नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुख जताया है. पलामू में 5 बच्चों के डूबने पर बाबूलाल ने जताया दुख, प्रशासन से मदद की मांग उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद मिलनी चाहिए. बाबूलाल मरांडी ने जिला प्रशासन से भी प्रभावित परिवारों को जरूरी सहायता देने की मांग की है.

# जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक मामले में सीआईडी की बड़ी कार्रवाई, रांची नगर निगम का फूड इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**गिरिडीह।** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित अनियमितता की जांच के सिलसिले में गावां पुलिस ने फूड सेफ्टी विभाग के इंस्पेक्टर संजय कुमार को हिरासत में लिया है. पुलिस टीम ने बुधवार को पिहरा बाजार स्थित उनके आवास से उन्हें हिरासत में लिया. बताया गया कि सीजीएल मामले में पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में लिया गया है. हिरासत में लेने के लिए गठित टीम में गावां थाना प्रभारी जयप्रकाश कुमार, देवरी थाना प्रभारी श्वेता कुमारी और तिसरी थाना प्रभारी शंभुनंद ईश्वर शामिल थे. टीम ने पिहरा बाजार स्थित आवास पर पहुंचकर संजय कुमार को हिरासत में लिया.

#### सीआईडी के निर्देश पर कार्रवाई

खोरीमहुआ एसडीपीओ अमरेंद्र कुमार ने बताया कि सीआईडी की ओर से संजय कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ करने का निर्देश दिया गया था. उन्होंने कहा कि मामला सीजीएल परीक्षा में कथित धांधली से जुड़ा है और सीआईडी की टीम इस मामले में लगातार पूछताछ कर रही है. एसडीपीओ के अनुसार, पूछताछ के बाद ही मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी. यदि पूछताछ के दौरान संजय कुमार के खिलाफ गड़बड़ी से संबंधित कोई साक्ष्य नहीं मिलता है, तो उन्हें पीआर बांड पर छोड़ा जा सकता है.



#### जांच के बाद स्पष्ट होगी भूमिका

सीजीएल परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर सीआईडी की जांच जारी है. जांच के दौरान अलग-अलग लोगों से पूछताछ और आवश्यक जानकारी जुटायी जा रही है. संजय कुमार की हिरासत भी इसी जांच प्रक्रिया का हिस्सा बतायी गयी है. फिलहाल पुलिस और सीआईडी की ओर से संजय कुमार की कथित भूमिका को लेकर कोई अंतिम निष्कर्ष सामने नहीं आया है. पूछताछ और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी. गिरफ्तार किया गया संजय कुमार वर्ष 2025 बैच का फूड इंस्पेक्टर है और वर्तमान में रांची नगर निगम में अपनी सेवाएं दे रहा था. सीआईडी की टीम फिलहाल उसे रांची में किसी अज्ञात/सुरक्षित स्थान पर रखकर गहन पूछताछ कर रही है. जांच अधिकारी यह पता लगाने में जुटे हैं कि सीजीएल पेपर लीक/गड़बड़ी के इस पूरे नेटवर्क में उसकी क्या भूमिका थी.

# हेमंत सरकार का बड़ा फैसला, सरकारी कोषागार अब पूरी तरह पेपरलेस, ई साइन से वेतन, पेंशन सहित अन्य बिल का भुगतान

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सरकारी कोषागार से कई जिलों में हुई अवैध निकासी और उसकी चल रही जांच के बीच हेमंत सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. सरकारी कोषागार को पूरी तरह पेपरलेस बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. वित्त विभाग के निर्देश पर 1 सितंबर से यह व्यवस्था लागू हो चुकी है. अब राज्य सरकार के सभी प्रकार के बिलों का भुगतान ई-साइन या डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से ही होगा. डिजिटल वित्तीय प्रबंधन के तहत वेतन, आकस्मिक व्यय, यात्रा भत्ता समेत विभिन्न अग्रिमों से जुड़े बिलों के लिए कागजी प्रक्रिया स्वीकार नहीं की जाएगी.

#### वित्त विभाग ने पहले ही जारी किया था निर्देश

वित्त विभाग की संयुक्त सचिव ज्योति कुमारी झा ने पिछले अगस्त महीने में ही पत्र जारी कर सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों




(डीडीओ) को आवश्यक कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया था. विभागों से कहा गया था कि निर्धारित समय सीमा के भीतर डिजिटल भुगतान व्यवस्था लागू करने के लिए जरूरी प्रक्रिया पूरी करें. इसके बावजूद राज्य सरकार के कई विभाग अभी तक अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का डिजिटल डाटा अपडेट नहीं कर पाए हैं.

#### कागजी विपत्र की जगह अब ई-साइन से होगा भुगतान

राज्य में कुल 33 कोषागार और उप कोषागार हैं. सरकारी कर्मियों के वेतन बिल, आकस्मिक व्यय बिल, यात्रा भत्ता (टीए) बिल, हाउस बिल्डिंग एडवांस और मोटर कार एडवांस समेत अन्य संबंधित बिलों का भुगतान अब डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से शुरू हो गया है. हर माह औसतन करीब 3,205 करोड़ रुपये की निकासी ट्रेजरी से होती है. इस कदम से राज्य में वित्तीय प्रशासनिक व्यवस्था सरल होने और डिजिटल वित्तीय प्रबंधन मजबूत होने के आसार हैं. झारखंड सरकार के विभिन्न विभागों और कार्यालयों में उपलब्ध आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार कुल 1,78,445 नियमित सरकारी कर्मी दर्ज हैं. इसके अलावा राज्य के विभिन्न विभागों में संविदा (अनुबंध) और आउटसोर्सिंग के आधार पर लगभग 1.60 लाख कर्मचारी कार्यरत हैं, जो पंचायत से लेकर सचिवालय तक में पदस्थापित हैं. राज्य में वर्तमान में पंजीकृत सरकारी पेंशनभोगियों (सेवानिवृत्त कर्मचारियों और पारिवारिक पेंशनर्स) की कुल संख्या लगभग 1,48,277 है, जिनका मासिक पेंशन का भुगतान होता है. अकेले राज्य सरकार अपनी कुल राजस्व प्राप्ति का करीब 16 प्रतिशत हिस्सा वेतन मद में खर्च करती है. यह राशि औसतन 1,800 से 2,000 करोड़ रुपये प्रति माह है. पेंशन पर करीब सात प्रतिशत राशि खर्च होती है, जो औसतन 800 से 900 करोड़ रुपये प्रति माह है. पहले एक कर्मचारी के वेतन भुगतान की प्रक्रिया में कई विभागीय अधिकारी-कर्मचारी से गुजरकर विपत्र सरकारी कोषागार तक पहुंचता था. कोई आपत्ति न होने पर उसे स्वीकृत कर बैंक को भुगतान के लिए भेजा जाता था. कागजी कार्रवाई में काफी वक्त लगता था.

# बीजेपी में संगठनात्मक बदलाव: स्मृति ईरानी समेत 5 नेताओं को 2 राज्यों की कमान, एमपी में बिप्लब देव; यूपी में विनोद तावड़े प्रभारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में बदलाव करते हुए 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के लिए नए प्रदेश प्रभारी और सह-प्रभारी नियुक्त किए हैं। पार्टी की ओर से 23 सितंबर 2026 को जारी सूची के मुताबिक, सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। मध्य प्रदेश में बिप्लब कुमार देव को प्रदेश प्रभारी और रेखा वर्मा को सह-प्रभारी बनाया गया है। वहीं राजस्थान की जिम्मेदारी संजय भाटिया को दी गई है। उनके साथ कविता पाटीदार और कुलजीत चहल सह-प्रभारी होंगे।

#### छत्तीसगढ़-हरियाणा की जिम्मेदारी स्मृति ईरानी को

स्मृति ईरानी को छत्तीसगढ़ और हरियाणा, दोनों राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में उनके साथ सिद्धार्थ शम्भू और हरियाणा में डॉ. भोला सिंह सह-प्रभारी होंगे।




#### यूपी में विनोद तावड़े को जिम्मेदारी

उत्तर प्रदेश में विनोद तावड़े को प्रदेश प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ जगदीश पटेल, मेधा कुलकर्णी, डॉ. प्रदीप वर्मा और अनंत ओझा सह-प्रभारी होंगे। राज्यों में संगठनात्मक जिम्मेदारियां तय करने के साथ बीजेपी ने केंद्रीय संचार और मीडिया विभाग में भी नियुक्तियां की हैं। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अनिल बलूनी को संचार विभाग का समन्वयक और आशीष उषा अग्रवाल को मीडिया विभाग का संयोजक नियुक्त किया गया है। ये नियुक्तियां भी तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। पार्टी ने प्रदेश स्तर के बदलाव के साथ केंद्रीय संगठन के संचार और मीडिया विभाग में भी नई नियुक्तियां की हैं। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनिल बलूनी को संचार विभाग का समन्वयक और आशीष उषा अग्रवाल को मीडिया विभाग का संयोजक नियुक्त किया गया है। ये नियुक्तियां भी तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। भाजपा ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सिर्फ प्रभारी नियुक्त किए हैं। इनमें अंडमान-निकोबार, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा नगर हवेली एवं दमन और दीव, लद्दाख, लक्षद्वीप, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम और त्रिपुरा शामिल हैं।

#### 5 नेताओं को दो-दो राज्यों का प्रभार

1. स्मृति ईरानी - छत्तीसगढ़ और हरियाणा
2. हरीश द्विवेदी - बिहार और कर्नाटक
3. सतीश पूनिया - जम्मू-कश्मीर और पंजाब
4. राम माधव - तमिलनाडु और उत्तराखंड
5. सुनील बंसल - तेलंगाना और पश्चिम बंगाल






उत्तम त्याग धर्म की आराधना से गूंजा दिगंबर जैन मंदिर

# श्रद्धा और भक्ति से मनाया गया दसलक्षण महापर्व का आठवां दिन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़।** दसलक्षण महापर्व के आठवें दिन बुधवार, दिनांक 23 सितम्बर 2026 को उत्तम त्याग धर्म की श्रद्धा एवं भक्ति भाव से आराधना की गई। दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ कैंट सहित 1008 श्री पार्श्वनाथ जिनालय, रांची रोड में मुनिसंघ के पावन सानिध्य में दसलक्षण महापर्व हर्षोल्लास एवं धार्मिक वातावरण के बीच मनाया जा रहा है। प्रातःकाल मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रही। मुनिश्री 108 पुण्यानंद जी महाराज के मुखारविंद से मंगल शांतिधारा संपन्न हुई। वहीं पंडित संदीप जी शास्त्री के तत्वावधान में अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन सहित समस्त धार्मिक क्रियाएं विधि-विधानपूर्वक संपन्न कराई गईं। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान का अभिषेक एवं पूजन कर उत्तम त्याग धर्म की आराधना की।समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जी चूड़ीवाल ने बताया कि श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में पाण्डुशिला पर



विराजमान आदिनाथ भगवान जी की प्राचीन प्रतिमा पर कलश द्वारा अभिषेक का पुण्यार्जन श्री महिपाल जी, अशोक जी, सुनील जी एवं संजय जी सेठी परिवार द्वारा किया गया। वहीं शांतिधारा का पुण्यार्जन सुशील जी, सुनीता जी एवं श्रीयांश चूड़ीवाल परिवार द्वारा किया गया। चंद्रप्रभु भगवान जी की प्राचीन प्रतिमा पर कलश द्वारा अभिषेक का पुण्यार्जन श्री मांगीलाल जी, मनोज जी, अशोक जी, अरुण जी, आयुष जी एवं पीयूष जी चूड़ीवाल परिवार द्वारा किया गया।इसी क्रम में भगवान महावीर जी की प्राचीन प्रतिमा पर कलश द्वारा अभिषेक का पुण्यार्जन श्री महावीर प्रसाद जी, नरेंद्र जी, नीलेश जी, रौनक जी एवं कुशल जी छाबड़ा परिवार द्वारा, समस्त छाबड़ा परिवार की ओर से किया गया। तीनों वेदियों पर विराजमान बड़ी प्रतिमाओं पर कलश द्वारा अभिषेक का पुण्यार्जन श्री महेंद्र जी एवं आयुष जी बगड़ा परिवार, श्री अशोक जी, अमित जी, योगेश जी एवं आरव काला परिवार तथा श्री महिपाल जी, अशोक जी, सुनील जी एवं संजय जी सेठी परिवार द्वारा किया गया।

वहीं आदिनाथ भगवान जी की बड़ी प्रतिमा पर शांतिधारा का पुण्यार्जन श्री जीवन मल जी, जंबू कुमार जी, अभिजीत जी एवं अमित जी पाटनी परिवार द्वारा, समस्त पाटनी परिवार की ओर से किया गया। 1008 श्री पार्श्वनाथ जिनालय, रांची रोड में भी दसलक्षण महापर्व के अवसर पर अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति के साथ किया गया। प्रथम अभिषेक का पुण्यार्जन श्री हरखचंद जी, विवेक जी एवं विकास जी अजमेरा परिवार, रामगढ़ द्वारा तथा शांतिधारा का पुण्यार्जन भी अजमेरा परिवार द्वारा किया गया। संध्या आरती का पुण्यार्जन श्रीमती संतोष देवी, दीपक, अभिनव, तनिष एवं उदित बड़जात्या परिवार, रांची रोड द्वारा किया गया।इस अवसर पर मंगल प्रवचन में मुनिश्री 108 पुण्यानंद जी महाराज ने उत्तम त्याग धर्म का आध्यात्मिक महत्व समझाते हुए कहा कि त्याग केवल वस्तुओं को छोड़ना नहीं, बल्कि राग-द्वेष, मोह, अहंकार और कषायों का त्याग करना है। त्याग मनुष्य को भीतर से निर्मल बनाता है और आत्मा को मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर करता है। मुनिश्री ने कहा कि मानव जीवन की सच्ची सार्थकता संग्रह में नहीं, बल्कि त्याग में है। जितना मनुष्य अपने भीतर के विकारों और आसक्तियों को छोड़ता है, उतना ही वह आत्मिक शांति और आत्मशुद्धि के निकट पहुंचता है। उत्तम त्याग धर्म हमें आवश्यकता से अधिक संग्रह न करने, परोपकार की भावना रखने तथा अपनी सामर्थ्य के अनुसार दूसरों के हित में योगदान देने की प्रेरणा देता है। त्याग का अर्थ है मोह का त्याग, अहंकार का त्याग, कषायों का त्याग और आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ना। यही त्याग धीरे-धीरे आत्मा को शुद्धता की ओर ले जाता है।

दसलक्षण महापर्व को लेकर रामगढ़ जैन समाज में विशेष उत्साह और धार्मिक उल्लास का वातावरण बना हुआ है। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया। महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालुओं ने अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं धार्मिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों, धार्मिक मंत्रोच्चार एवं जयकारों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया।दसलक्षण महापर्व के प्रत्येक दिन समाज के श्रद्धालु परिवार पूरे उत्साह के साथ धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागी बन रहे हैं। पर्व के माध्यम से समाज में संयम, त्याग, आत्मचिंतन, परस्पर प्रेम, सेवा और धार्मिक संस्कारों की भावना को और मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चों और युवाओं की सहभागिता भी पर्व के प्रति समाज की बढ़ती धार्मिक जागरूकता को दर्शा रही है।समाजजनों ने कहा कि दसलक्षण महापर्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों का पर्व नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने, आत्मशुद्धि करने और जीवन को सदाचार एवं संयम की दिशा में ले जाने का अवसर है। इसी भावना के साथ पूरा जैन समाज श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ पर्व मना रहा है।

दशलक्षण महापर्व के आठवां(8) दिन दिनांक 23-09-2026 को 1008 श्री पार्श्वनाथ जिनालय रांची रोड में अभिषेक एवं शांति धारा के पुण्यार्जक है प्रथम अभिषेक- श्री हरखचंद जी, विवेक जी विकास जी अजमेरा परिवार रामगढ़ शांतिधारा- श्री हरखचंद जी, विवेक जी, विकास जी अजमेरा परिवार रामगढ़ संध्या आरती- संतोष देवी, दीपक, अभिनव, तनिष, उदित बड़जात्या रांची रोड उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## श्री शुभकामना दुर्गा पूजा समिति का किया गया गठन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**कुमार सुमन साहू बने अध्यक्ष**

**लोहरदगाः** पतराटोली स्थित निधि कॉम्प्लेक्स में श्री शुभकामना दुर्गा पूजा समिति की बैठक पूर्व अध्यक्ष कुमार सुमन साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम वर्ष 2025 की पूजा समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से कुमार सुमन साहू को अध्यक्ष, बिनोद साहू को कार्यकारी अध्यक्ष, रितेश कुमार गुप्ता को सचिव, रौशन गुप्ता को सह सचिव तथा सोहन साहू को कोषाध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड पार्षद अजय उरांव, अभिषेक साहू (बंटी), निशांत राज, अनुज साहू, अनिल कुमार और हिमांशु कुमार का चयन किया गया। वहीं कुंदन कुमार साहू को मीडिया प्रभारी बनाया गया।





संरक्षक मंडली में दिलीप सिंह, सुरेश ठाकुर, बिनोद सिंह (पूर्व वार्ड पार्षद), कमला देवी, प्रभु प्रसाद गुप्ता, संजय साहू, मनोज गुप्ता (मन्ना), अजय मधुर, अनिल साहू, विमलकांत सिंह, नंदकिशोर साहू, दिगंबर साहू, अरुण साहू, सुनील छत्री, दिनेश प्रसाद, शामू साहू, निधिकांत प्रसाद, संजय अग्रवाल, प्रभात कुमार भगत, उदय दत्ता, सुरेश कुजूर, निरंजन साहू, विक्रम कुमार (बाबा), बतेश्वर साहू, आश्रम प्रसाद, लक्ष्मीकांत प्रसाद, प्रमोद महतो, चंद्रभूषण मिश्रा, जुगल साहू, नंदकिशोर मिश्रा, महावीर साहू, राजेश चौधरी तथा संतोष प्रसाद को शामिल किया गया। इसके अलावा 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। बैठक के दौरान समिति के वरिष्ठ सदस्य स्व. शुभम कुमार के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस वर्ष मां अंबे की पूजा धूमधाम और भव्य तरीके से आयोजित की जाएगी।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुमार सुमन साहू ने कहा कि सभी के सहयोग से इस बार प्रथम कलश स्थापना के साथ ही मां अंबे की भव्य पूजा-अर्चना की जाएगी। पूजा के दौरान प्रतिदिन भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक के अंत में नवनियुक्त सचिव रितेश गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## तिरला-कालीकरण सड़क धंसने से बढ़ा हादसे का खतरा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र की तिरला-कालीकरण सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क के एक हिस्से के धंस जाने से जहां आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, वहीं यह मार्ग बड़े हादसे को भी आमंत्रण देता नजर आ रहा है।बताया जाता है कि यह सड़क गोला एनएच-23 के समीप से शुरू होकर तिरला होते हुए चाड़ी-रजरप्पा मुख्य पथ को जोड़ती है। क्षेत्र में इस मार्ग को एक महत्वपूर्ण बाईपास सड़क के रूप में जाना जाता है। गोला मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर बड़ी संख्या में वाहन इसी वैकल्पिक मार्ग से होकर चाड़ी और रजरप्पा की ओर आवागमन करते हैं। इसके अलावा यह सड़क आसपास के कई गांवों और प्रमुख मार्गों को भी



आपस में जोड़ती है।

लेकिन सड़क के धंस जाने से वर्तमान में इस महत्वपूर्ण मार्ग पर आवागमन जोखिमपूर्ण हो गया है। खासकर बड़े वाहनों के गुजरने के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। रात के समय स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, क्योंकि धंसे हुए हिस्से का सही तरीके से पता नहीं चल पाता।स्थानीय ग्रामीणों और वाहन चालकों ने संबंधित विभाग से सड़क की स्थिति का तत्काल निरीक्षण कर धंसे हुए हिस्से की मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में यह मार्ग किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

## 25 सितंबर को सुबह 11 बजे पांच केंद्रों पर होगा आयोजन, राष्ट्रव्यापी महाअभियान में शामिल होने की अपील

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**वन्दे मातरम्' के सामूहिक गान से गूंजेगा पतरातू**

**पतरातू :** 'वन्दे मातरम्' के 150वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली की ओर से देशभर में 'नमामि भारतम्' सामूहिक गायन महाअभियान आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पतरातू थर्मल की ओर से पतरातू के नागरिकों से इस राष्ट्रव्यापी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की गई है। 25 सितंबर 2026 को सुबह ठीक 11 बजे देशभर में एक साथ सम्पूर्ण 'वन्दे मातरम्' का सामूहिक गान किया जाएगा। इस दौरान एक ही स्वर और एक ही लय में राष्ट्रगीत का गायन राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सांस्कृतिक चेतना का संदेश देगा। पतरातू क्षेत्र में नागरिकों की सुविधा के लिए पांच प्रमुख केंद्र बनाए गए हैं। इनमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पतरातू थर्मल मुख्य केंद्र के रूप में





शामिल है। इसके अलावा मनोरमा देवी पब्लिक स्कूल, वारिश पब्लिक स्कूल, चौक एंड डस्टर स्कूल और किड्जी स्कूल में भी सामूहिक गायन का आयोजन होगा। विद्यालय प्रबंधन ने पतरातू के गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनों, युवाओं, विद्यार्थियों और माताओं-बहनों से सुबह 11 बजे से पूर्व अपने निकटतम केंद्र पर पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का आग्रह किया है। अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा नई पीढ़ी में मातृभूमि के प्रति सम्मान और नागरिक कर्तव्य की भावना विकसित करना है।

## प्रकृति पूजा के साथ भाई-बहन के अटूट रिश्ते का पर्व है करमा : डीसी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बीएस कॉलेज परिसर में धूमधाम से मनाया गया करमा पूजा समारोह**

**लोहरदगाः**केंद्रीय सरना समिति लोहरदगा के तत्वावधान में मंगलवार को बीएस कॉलेज परिसर में करमा पूजा समारोह हर्षोल्लास और पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। पूजा समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, छात्र-छात्राएं, उपवास करने वाले व्रती, पुजारी एवं समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त संदीप कुमार मीना उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथियों में एसपी सादिक अनवर रिजवी, आईटीडीए की सुषमा निलम सोरेंग, एसडीओ राज महेश्वरम, जिला परिषद अध्यक्ष सुखदेव उरांव, डीएसपी श्रद्धा केरकेट्टा,



समीर तिर्की, लोहरदगा एवं भंडरा के अंचल अधिकारी, श्रम अधीक्षक दिनेश भगत समेत कई पदाधिकारी, बुद्धिजीवी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने कहा कि प्रकृति की पूजा आदिवासी समाज की समृद्ध परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। करमा पर्व प्रकृति के प्रति आस्था के साथ भाई-बहन के अटूट प्रेम और रिश्ते का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा को बढ़ावा देना और नशे से दूर रहना आवश्यक है। करमा पूजा के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ करम डाली की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद अखड़ा में मांदर, नगाड़ा और पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर रातभर नृत्य-संगीत का दौर चलता रहा। महिला- पुरुष एवं युवक- युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में करमा गीतों पर झूमते नजर आए। पूरे परिसर में देर रात तक उत्सव का माहौल बना रहा। बुधवार को दोपहर 12 बजे के आसपास श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते और पारंपरिक गीतों के साथ करम डाली का विसर्जन किया। इसी के साथ बीएस कॉलेज परिसर में आयोजित करमा पूजा समारोह का विधिवत समापन हुआ।

## मतदाता सूची सुधार और एसआइआर की समय सीमा बढ़ाने की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**खूंटी** ।आदिवासी समन्वय समिति और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) को लेकर जिला एवं राज्य निर्वाचन प्रशासन के समक्ष कई मांगें रखी है। बुधवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि स्वच्छ लोकतंत्र के लिए एसआइआर प्रक्रिया का स्वागत है, लेकिन मतदाता सूची में बड़ी संख्या में नाम पेंडिंग रहने से स्थानीय नागरिकों को परेशानी हो रही है।समिति के अनुसार खूंटी में करीब 1,34,587 और पूरे जिले में लगभग 4,30,453 लोगों के नाम मतदाता सूची में पेंडिंग हैं। प्रतिनिधियों ने कहा कि



पूर्व की मतदाता सूची में डाटा एंट्री की त्रुटियों के कारण स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ बीएलओ और अन्य कर्मियों को भी दस्तावेजों के सत्यापन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।संगठनों ने मांग की कि मतदाता सूची की त्रुटियों के सुधार में बीएलओ और स्थानीय ग्रामसभा के सत्यापन को आधार बनाया जाए, ताकि कोई योग्य मतदाता सूची से वंचित न हो।आदिवासी बहुल क्षेत्र में अशिक्षित मतदाताओं की कठिनाइयों को देखते हुए एसआइआर से संबंधित प्रक्रिया के लिए पर्याप्त समय देने की मांग की गई। इसके लिए मतदाता सूची के प्रकाशन एवं सुधार की समयसीमा 15 नवंबर तक बढ़ाने की मांग रखी गई। इसके अलावा पांचवीं अनुसूची क्षेत्रों के पुनरावलोकन, आदिवासी क्षेत्रों को अनुसूचित क्षेत्र में शामिल करने और आगामी परिसीमन में अनुसूचित क्षेत्रों की लोकसभा एवं विधानसभा सीटों के आरक्षण से संबंधित मांगें भी रखी गईं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मार्शल बरला, दामु मुंडा, चन्द्र प्रभात मुंडा, बिनसाय मुंडा, जोनसन होरो सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सीसीएल में जेम की नई सुविधाओं पर क्षमता निर्माण पर कार्यक्रम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची,** (हि.ससेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) रांची के सतर्कता विभाग के तत्वावधान में बुधवार को जेम झनई सुविधाएं और कार्यप्रणाली विषय पर क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने बताया कि प्रतिभागियों को गवर्मेंट ई मार्केटप्लेस (जेम) की नवीनतम सुविधाओं, प्रक्रियाओं और कार्यप्रणाली की जानकारी देकर खरीद संबंधी कार्यों में दक्षता बढ़ाने की बात पर यह आयोजन बेहतर साबित होगा।इस अवसर पर जेम के निदेशक एवं नोडल अधिकारी, दिल्ली, सूरज शर्मा और झारखंड स्थित उनकी टीम ने प्रतिभागियों को जेम पोर्टल की नवीनतम सुविधाओं और खरीद प्रक्रिया से जुड़ी कार्यप्रणाली की जानकारी दी। सत्र के दौरान निर्धारित गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करते हुए सर्वोत्तम उपलब्ध मूल्य (एल-1) पर खरीद प्रक्रिया को प्रभावी और पारदर्शी तरीके से पूरा करने के महत्व





पर भी चर्चा की गई।कार्यक्रम में कई प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संवादात्मक एवं सहभागितापूर्ण सत्र में प्रतिभागियों ने जेम से जुड़े नवीनतम प्रावधानों और विकासों को समझा। इसके साथ ही, खरीद संबंधी कार्यों में कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए उपयोगी जानकारी प्राप्त की।सीसीएल के अनुसार, यह क्षमता निर्माण कार्यक्रम कंपनी में पारदर्शी, दक्ष और प्रभावी खरीद प्रक्रियाओं को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा।कार्यक्रम में निदेशक (तकनीकी-योजना एवं परियोजना) अनूप हंजूरा, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार, महाप्रबंधक (एमएम) राज किशोर और महाप्रबंधक (एचआरडी) एमएफ हक मौजूद थे।

## ›››: संक्षिप्त खबर :‹‹‹

### पारंपरिक गीत-नृत्य के साथ हुई करम डाली की पूजा, भाई-बहन के प्रेम, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक एकता का दिया संदेश



**कटिया बस्ती के 25 करमा अखाड़ों में गूंजे मांदर-ढोल, धूमधाम से मना करमा पर्व**

**पतरातूः** ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के अंतर्गत 25 करमा अखाड़ों में बुधवार को झारखंड की समृद्ध संस्कृति और प्रकृति से जुड़े करमा पर्व को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सभी अखाड़ों में पारंपरिक विधि-विधान से करम डाली की पूजा-अर्चना की गई। मांदर और ढोल-नगाड़ों की थाप पर परबतिया महिलाओं ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया। देर रात तक विभिन्न अखाड़ों में उत्सव का माहौल बना रहा। इस अवसर पर मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि करमा पर्व केवल पूजा और उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि भाई-बहन के प्रेम, प्रकृति के सम्मान, सुख-समृद्धि और सामाजिक एकता का प्रतीक है। करम वृक्ष की पूजा के माध्यम से बहनें अपने भाइयों के सुख, समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं। उन्होंने कहा कि करमा पर्व हमें पेड़-पौधों, जंगलों और पर्यावरण की रक्षा का भी संदेश देता है। मुखिया ने कहा कि गीत, नृत्य और पारंपरिक रीति-रिवाजों के माध्यम से झारखंडी संस्कृति पीढ़ी-दर-पीढ़ी आगे बढ़ रही है। आज के समय में पर्यावरण संरक्षण की जरूरत को देखते हुए करमा पर्व का महत्व और बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से अपनी संस्कृति और परंपराओं को सुरक्षित रखने तथा आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया।

### जय श्री राम समिति अध्यक्ष के रूप में सुनील अग्रवाल ने पूरे किए दो वर्ष

**देवी मंदिर में भव्य भगवती आरती व सम्मान समारोह का हुआ आयोजित**



**लोहरदगाः** क्षेत्र की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था जय श्री राम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल के नेतृत्व में अपने सफल दो वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर देवी मंडप, पावरगंज चौक में भव्य भगवती आरती एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रामभक्त एवं समिति के सदस्य शामिल हुए। विधि-विधान के साथ माता भगवती की आरती की गई और सभी ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इस दौरान समिति के दो वर्ष के कार्यकाल और सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में योगदान को लेकर सदस्यों में उत्साह देखने को मिला। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रभु श्रीराम और माता भगवती के आशीर्वाद तथा कार्यकताओं के सहयोग से समिति निरंतर सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान समिति से जुड़े लोगों एवं सहयोगियों को सम्मानित भी किया गया। समारोह में उपस्थित रामभक्तों ने समिति के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी उत्साह व्यक्त किया तथा संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

### तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में गए अधेड़ की मौत, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया शव



**लोहरदगा** जिले के कैरो थाना क्षेत्र के नगड़ा गांव में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से 50 वर्षीय एईता उरांव पिता स्वर्गीय मंगरु उरांव की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा। बताया गया कि एईता उरांव नहाने के लिए तालाब गए थे। काफी देर तक उनके बाहर नहीं आने पर तालाब में मौजूद अन्य लोगों ने आसपास के ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद परिजनों को घटना की सूचना मिली। सूचना पाकर एएसआई जमशेद खान ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शव को सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार शाम करीब 5 बजे शव परिजनों को सौंप दिया गया। मौके पर झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष शमसूल अंसारी, मिथिलेश यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### माओवादियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, जंगल से इंसास और राइफल सहित भारी मात्रा में गोलियां बरामद

**पूर्वी सिंहभूम।** जिले में भाकपा माओवादी संगठन के खिलाफ सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ एहतेशाम वकारिब के निर्देश पर बुधवार को एमजीएम और चाकुलिया थाना क्षेत्रों के दुर्गम जंगल एवं पहाड़ी इलाकों में चलाए गए संयुक्त सघन तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने इंसास और एकेएम राइफल सहित भारी मात्रा में हथियार और गोलियां बरामद की हैं।पुलिस के अनुसार, यह अभियान भाकपा माओवादी से जुड़े मंगल महतो और मालती मुर्मू की निशानदेही पर चलाया गया था।बुधवार सुबह पांच बजे से शाम चार बजे तक चले अभियान में जमशेदपुर पुलिस, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा इकाई, कोलकाता पुलिस की विशेष कार्यबल और झारखंड जगुआर के जवान शामिल हुए। एमजीएम थाना क्षेत्र के छोटा बांकी और कुड़लुंग पहाड़ के साथ-साथ चाकुलिया थाना क्षेत्र के जोभी जंगल में सुरक्षाबलों ने संदिग्ध स्थानों की बारीकी से तलाशी ली।तलाशी के दौरान कुड़लुंग पहाड़ से एक इंसास राइफल, 85 चक्र गोलियां, तीन मैगजीन और एक सीलिंग बरामद की गई। वहीं चाकुलिया के जोभी जंगल से एक एकेएम राइफल, 147 चक्र गोलियां और दो मैगजीन बरामद हुईं। पुलिस के मुताबिक दोनों स्थानों से कुल दो राइफल, 232 चक्र गोलियां, पांच मैगजीन और एक सीलिंग बरामद हुई है।अभियान में पटमदा के पुलिस उपाधीक्षक दयानंद कुमार, एमजीएम थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक सचिन कुमार दास, बोड़ाम थाना प्रभारी नीरज कुमार, चाकुलिया थाना प्रभारी राजेश कुमार, एमजीएम थाना के अवर निरीक्षक सुगना मुंडा और सहायक अवर निरीक्षक मजीउद्दीन के अलावा कोबरा के जवान शामिल थे। कोबरा-209 के सहायक कमांडेंट आकिफ वानी, कोबरा-203 के सहायक कमांडेंट गौरव शर्मा, झारखंड जगुआर के अवर निरीक्षक रमेश कुमार आर बरनवाल, अवर निरीक्षक संदीप बनर्जी, आक्रमण दल-27 और कोलकाता विशेष कार्यबल के निरीक्षक इश्तियाक अहमद भी अभियान का हिस्सा रहे। बरामद हथियार और गोलियों को पुलिस ने विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत जब्त कर लिया है। बरामद सामग्री और अभियान के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई और अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस ने कहा है कि क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए लगातार तलाशी अभियान और निगरानी जारी रहेगी।

## घर में अकेली थी छठी की छात्रा, पड़ोसी युवक पर दुष्कर्म का आरोप

**रांची।** राजधानी के विधानसभा थाना क्षेत्र में छठी कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना 21 सितंबर की शाम की बताई जा रही है। मामले में परिजनों ने विधानसभा थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, घटना के समय बच्ची घर में अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक परिचित युवक घर पहुंचा और बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। परिजनों को जानकारी मिलने के बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

**10 माह में 14 आपत्तियां बताती हैं कि आयोग के भीतर सब ठीक नहीं**

# चुनाव आयोग 'वन-मैन शो' बन गया ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करें : विनोद पांडेय

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने द इंडियन एक्सप्रेस की जांच रिपोर्ट में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर सामने आए तथ्यों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग तीन सदस्यों की संवैधानिक संस्था है, किसी एक व्यक्ति का निजी कार्यालय नहीं। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के अनुसार चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने 10 महीनों में कम-से-कम 14 बार ऐसे फैसलों और आदेशों पर लिखित आपत्ति जताई, जिनकी जानकारी उन्हें नहीं थी। दो चुनाव आयुक्त बार-बार लिखित आपत्ति दर्ज कराएं और फिर भी फैसले होते रहें, तो सवाल उठेगा ही कि चुनाव आयोग चला कौन रहा था ? उन्होंने कहा कि यह सामान्य प्रशासनिक मतभेद नहीं है। यह चुनाव आयोग की संस्थागत स्वतंत्रता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता का सवाल है। उएउ ज्ञानेश कुमार को देश के सामने बताना चाहिए कि दोनों चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों पर क्या कार्रवाई हुई और उनकी जानकारी के बिना फैसले कैसे लिए गए।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल पहली बार नहीं उठा है। ज्ञानेश कुमार की मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर नियुक्ति के समय ही झामुमो सहित देश की सभी विपक्षी पार्टियों और कानून के जानकारों ने सवाल उठाया था।

महासचिव श्री पांडेय ने कहा कि रक्क्र के नाम पर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव, सॉफ्टवेयर के केंद्रीकरण और पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने में सामने आई कथित तकनीकी बाधाएं बेहद गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची किसी सरकार की कृपा नहीं, नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकार की बुनियाद है। एक भी पात्र नागरिक को मताधिकार से वंचित करना स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि झामुमो ने शुरूआत से रक्क्र पर नहीं बल्कि एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। महाराष्ट्र एवं बिहार के बाद पश्चिम बंगाल में भी उठे सवालों ने चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर संदेह पैदा किया है। इन तीनों राज्यों में एसआईआर की आड़ में लाखों मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए और लोकतंत्र की हत्या कर भाजपा की सरकार स्थापित कराई गई। अब यह देश का हर नागरिक समझ चुका है। उन्होंने कहा ज्ञानेश कुमार बताएं कि 10 महीने में 14 आपत्तियां क्यों आईं? क्या प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को इन आपत्तियों की जानकारी थी? यदि थी तो कार्रवाई क्यों नहीं हुई? उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को राजनीतिक सत्ता के प्रभाव से मुक्त रखना लोकतंत्र की पहली शर्त है। लेकिन, ये बातें भाजपा की सरकार ने मजाक बन कर रह गई है। विनोद पांडेय ने सुप्रीम कोर्ट से पूरे मामले का तत्काल संज्ञान लेने की मांग करते हुए कहा कि चुनाव आयोग को वन-मैन शो नहीं बनने दिया जा सकता।

## खबर एक नजर

### रिम्स के मेडिसिन आईसीयू से कैदी फरार, बाथरूम जाने के बहाने सुरक्षा जवानों को दिया चकमा



**रांची।** रिम्स के मेडिसिन आईसीयू में इलाज के लिए भर्ती पाकुड़ का कैदी हाथिया हेंब्रम (45) मंगलवार सुबह फरार हो गया. हाथिया को 20 सितंबर को इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था. वह ब्रेन से जुड़ी समस्या से परेशान था और उसका इलाज मेडिसिन आईसीयू में चल रहा था. जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 4 बजे हाथिया ने पेशाब करने के लिए बाथरूम जाने की बात कही. वह बाथरूम गया और इसी दौरान सुरक्षा में तैनात जवानों को चकमा देकर रिम्स से फरार हो गया. कैदी के फरार होने की जानकारी मिलते ही रिम्स में इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई. रिम्स अधीक्षक डॉ. हीरेंद्र बिरुआ मेडिसिन आईसीयू पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली. घटना की जानकारी पुलिस प्रशासन को भी दे दी गई है. रिम्स प्रबंधन ने सुरक्षा में तैनात होमगार्ड जवानों से पूछताछ की है. पुलिस और रिम्स प्रशासन कैदी के फरार होने की घटना को लेकर जानकारी जुटा रहा है. साथ ही फरार कैदी की तलाश की जा रही है.

### करम पूजा विधि-विधान से संपन्न, करम डाली विसर्जित कर बहनों ने दी विदाई

**रांची।** दो दिवसीय करम पूजा बुधवार को करम डाली को नदी-तालाब में विसर्जन के साथ संपन्न हो गया. बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ करम डाली को विदाई दी. इससे पहले अखड़ा में मांदर, ढोल-नगाड़े की थाप पर नाचते-गाते करम डाली को मोहल्ले के आंगन तक लाया गया. अखड़े में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन और करम गीतों पर बच्चे, युवा और बुजुर्ग झूमते नजर आ रहे थे. करम डाली के चारों ओर उत्सव का माहौल बना रहा. पाहन ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर करम देवता से परिवार और समाज में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की.मोहल्ले के आंगन में करम डाली पहुंचने के बाद महिलाओं ने पारंपरिक विधि से कांसा-लोटा के पानी से जल अर्पित किया. इसके बाद करम डाली पर टीका-सिंदूर लगाया गया और अरवा चावल से चुमाया गया. पूजा के दौरान थाली में एकत्र पानी को घर की छत पर फेंका गया. ऊपर से टपककर नीचे आए पानी को महिलाओं ने अपनी साड़ी के आंचल में ग्रहण किया. मान्यता है कि इस जल को आंचल में लेने से घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है.करम देवता से घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहने की प्रार्थना के बाद करम डाली को नदी-तालाब में विसर्जित किया गया.

### तमाड़ के बाडू गांव में हाथियों का आतंक, कई एकड़ धान की फसल बर्बाद



**तमाड़ (रांची):** तमाड़ प्रखंड के बाडू गांव में बुधवार तड़के हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। अचानक गांव के खेतों में 6 से 7 हाथियों का झुंड पहुंच गया और कई एकड़ में लगी धान की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। हाथियों के अचानक खेतों में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। किसानों का कहना है कि महीनों की मेहनत से तैयार की गई धान की फसल कुछ ही समय में हाथियों के कारण नष्ट हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल वन विभाग को दी। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ा जाए और फसल नुकसान का आकलन कर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई टीम द्वारा हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है और उन्हें आबादी वाले क्षेत्र से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से हाथियों के लगातार बढ़ते आवागमन को देखते हुए स्थायी समाधान और किसानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है।

### मोबाइल हैक कर महिला के खाते से 4.92 लाख उड़ाए, साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** अरगोड़ा निवासी प्रभा सिन्हा का मोबाइल हैक कर साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खाते से 4.92 लाख रुपये की निकासी कर ली. घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़िता ने साइबर क्राइम थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. प्रभा सिन्हा ने पुलिस को बताया कि दो सितंबर को उनका मोबाइल हैक हो गया था. इसके बाद जब उन्होंने अपने बैंक खाते की जानकारी ली, तो पता चला कि डीबीटी के तहत खाते से 4.92 लाख रुपये की निकासी कर ली गयी है. खाते से इतनी बड़ी रकम निकलने की जानकारी मिलते ही वह साइबर क्राइम थाना पहुंचीं और पूरे मामले की शिकायत दर्ज करायी. प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

## दाखिल-खारिज वाद की फाइल गायब करने के मामले में दो गिरफ्तार, रांची के नामकुम अंचल से जुड़ा है मामला

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में नामकुम अंचल, रांची कार्यालय से दाखिल-खारिज वाद से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज गायब किए जाने के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में मनोज कुमार दीक्षित और दीपक कुमार शामिल हैं.

**क्या है पूरा मामला**

ये पूरा मामला दाखिल-खारिज वाद संख्या 356फ27/2013-14 से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज गायब करने का है. इस संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रांची थाना में कांड संख्या 18/2026, दिनांक 26 अगस्त 2026 दर्ज किया गया था. एसीबी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस मामले में तत्कालीन अंचलाधिकारी, नामकुम डॉ. श्वेता वर्मा, तत्कालीन अंचल निरीक्षक मनोज कुमार और तत्कालीन




लिपिक दीपक कुमार समेत अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था. जांच के दौरान एसीबी को मामले के प्राथमिक अभियुक्त मनोज कुमार दीक्षित (लगभग 65 वर्ष), पिता स्वर्गीय महेश प्रसाद दीक्षित तथा दीपक कुमार (लगभग 51 वर्ष), पिता स्वर्गीय दिनेश प्रसाद के खिलाफ साक्ष्य मिले. इसके आधार पर दोनों को 22 सितंबर 2026 को गिरफ्तार कर लिया गया.

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई जारी**

एसीबी की ओर से बताया गया है कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी आवश्यक कार्रवाई की जा रही है. जांच के दौरान दस्तावेजों के गायब होने की परिस्थितियों और इसमें संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की पड़ताल की जा रही है. हाईकोर्ट के आदेश के बाद शुरू हुई कार्रवाई ने नामकुम अंचल कार्यालय में पुराने दाखिल-खारिज वाद से जुड़े दस्तावेजों की सुरक्षा और रिकॉर्ड प्रबंधन पर भी सवाल खड़े किए हैं.

## 2.20 करोड़ के इनामी असीम मंडल से झारखंड पुलिस करेगी पूछताछ, पूर्वी सिंहभूम के 55 मामलों का खुलेगा राज

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** सीपीआई (माओवादी) सेंट्रल कमेटी के सदस्य और 2.20 करोड़ रुपये के इनामी नक्सली नेता असीम मंडल उर्फ आकाश से पूछताछ का दायरा बढ़ने जा रहा है. पश्चिम बंगाल एसटीएफ फिलहाल असीम मंडल को 10 दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. इसी बीच पूर्वी सिंहभूम पुलिस भी उसे रिमांड पर लेने की तैयारी में जुट गयी है. असीम मंडल के खिलाफ करीब 100 गंभीर मामले दर्ज हैं. इनमें सबसे ज्यादा 55 मामले पूर्वी सिंहभूम जिले के अलग-अलग थानों में दर्ज हैं. यही वजह है कि पूर्वी सिंहभूम पुलिस असीम को अपनी रिमांड पर लेकर पुराने नक्सली कांडों के साथ संगठन के नेटवर्क, सहयोगियों और हथियारों से जुड़े मामलों में पूछताछ करना चाहती है. इसके लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. सूत्रों के मुताबिक, झारखंड पुलिस की टीम कोलकाता पहुंच चुकी है. हालांकि इस संबंध में पुलिस अधिकारियों की ओर से आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी



नहीं दी गयी है.

असीम मंडल पिछले करीब 26 वर्षों से नक्सली गतिविधियों से जुड़ा रहा है. पूर्वी सिंहभूम और आसपास के इलाकों में हुई कई बड़ी नक्सली घटनाओं में उसका नाम सामने आया है. बाघुड़िया में तत्कालीन सांसद सुनील महतो की हत्या, बुरुडीह लैंडमाइन विस्फोट में 11 जवानों की मौत और धालभूमगढ़ के तत्कालीन बीडीओ के अपहरण समेत कई मामलों में वह नामजद आरोपी रहा है. झारखंड पुलिस की रिमांड मिलने के बाद इन पुराने मामलों को लेकर भी उससे पूछताछ की जा सकती है. पुलिस संगठन के स्थानीय नेटवर्क, सहयोगियों और हथियारों से संबंधित जानकारी जुटाने की कोशिश करेगी.

असीम मंडल की गिरफ्तारी को पांच दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस को अब तक उसके कथित मुख्य हथियार अङ-47 का सुराग नहीं मिला है. पूछताछ के दौरान असीम ने पुलिस को क्या जानकारी दी है, इसकी भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आयी है. इधर पश्चिम बंगाल पुलिस समीर महतो उर्फ मंगल को साथ लेकर झारखंड-बंगाल सीमा से सटे इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है. पुलिस हथियारों के संभावित ठिकानों के साथ नक्सली नेटवर्क से जुड़े अन्य सुराग तलाश रही है. पूर्वी सिंहभूम में असीम मंडल के खिलाफ दर्ज 55 मामले झारखंड पुलिस की पूछताछ का प्रमुख आधार बन सकते हैं. रिमांड मिलने के बाद पुलिस पुराने मामलों की कड़ियां जोड़ने के साथ यह भी जानने का प्रयास करेगी कि लंबे समय तक इलाके में नक्सली गतिविधियों को संचालित करने में उसका नेटवर्क किस तरह काम करता था.

## वोट चोरी का खेल कर रहा है चुनाव आयोगः दीपिका पांडेय सिंह

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रांची।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि चुनाव आयोग की सह पर वोट चोरी का खेल चल रहा है. देश में संगठित तरीके से वोट चोरी का खेल चल रहा है. राहुल गांधी बहुत पहले से यह कहते रहे हैं, आज वही सच साबित हो रहा है. आज हुए खुलासे ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं. जब चुनाव आयोग के अंदर से ही फैसलों पर 14 बार आपत्ति दर्ज हुई तो फिर देश के मतदाताओं से सच्चाई क्यों छिपाई जा रही है? उन्होंने कहा कि वोट चोरी सिर्फ चुनावी घोटाला नहीं है. यह संविधान और लोकतंत्र के साथ किया गया गंभीर विश्वासघात है. 10 महीनों में 14 आपत्तियां. वोटर रजिस्ट्रेशन, वोटरों का नाम काटना, वोटरों को शामिल करना और इलेक्ट्रॉल रोल डाटा बेस को केंद्रीयकृत करना, सबकुछ सवालों के घेरे में है. उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जब चुनाव आयोग के भीतर ही वोटर लिस्ट और उसके कंट्रोल को लेकर इतनी गंभीर आपत्तियां उठ रही हों, तो यह सिर्फ प्रशासनिक विवाद नहीं है. यह लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है. मोदी सरकार और उएउ ज्ञानेश कुमार के दौर में अगर चुनावी व्यवस्था पर ही सवाल खड़े हो रहे हैं, तो देश चुप नहीं बैठेगा.

## आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर, आयुष निदेशालय में मनाया गया 11वां आयुर्वेद दिवस

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** आयुष निदेशालय, झारखंड में बुधवार को 11वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया. इस वर्ष कार्यक्रम की थीम स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद रखी गई. कार्यक्रम में आयुर्वेद को लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी से जोड़ने और इसके बारे में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक आयुष दिनेश कुमार यादव ने कहा कि आयुर्वेद केवल बीमारियों के इलाज तक सीमित नहीं है. यह स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित खान-पान, नियमित दिनचर्या और मानसिक शांति पर भी जोर देता है. उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान, तनाव और पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों के कारण जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां बढ़



रही हैं. ऐसे समय में आयुर्वेद की उपयोगिता और बढ़ जाती है. दिनेश कुमार यादव ने कहा कि आयुर्वेद को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है. खासकर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में काम करने वाले आयुष कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण है. वे लोगों को स्वास्थ्य, योग, औषधीय पौधों और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दे सकते हैं. उन्होंने कहा कि आयुर्वेद दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि आयुर्वेद को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाने का संकल्प लेने का अवसर भी है. उन्होंने आयुष अधिकारियों और कर्मचारियों से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की अपील की.

कार्यक्रम में शिवजी वर्मा ने भी लोगों को आयुर्वेद के जरिए स्वस्थ और लंबे जीवन के उपायों की जानकारी दी. झारखंड राज्य आयुर्वेदिक चिकित्सा परिषद के निबंधक डॉ. वकील कुमार सिंह ने आयुर्वेद के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी. उप निदेशक आयुर्वेद ने भी लोगों तक आयुर्वेद की स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उपायों के बारे में बताया. इस मौके पर औषधीय पौधों का रोपण भी किया गया. कार्यक्रम का समापन उप निदेशक आयुर्वेद डॉ. कृष्ण कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. कार्यक्रम में डॉ. वकील कुमार सिंह, यूनानी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. फैजल समी, होम्योपैथिक चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. निर्मल कुमार, रांची जिला आयुष समन्वयक डॉ. अनुज कुमार मंडल समेत रांची जिले में कार्यरत आयुष सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी, योग प्रशिक्षक, आयुष निदेशालय और जिला संयुक्त औषधालय के कर्मचारी मौजूद रहे.

## झारखंड जैव विविधता बोर्ड में 5 नए गैर-सरकारी सदस्यों का मनोनयन, राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** झारखंड सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने झारखंड जैव विविधता बोर्ड में बदलाव किया है. विभाग ने पांच नए गैर-सरकारी सदस्यों का चयन किया है. विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, नव-चयनित सदस्यों का कार्यकाल आदेश जारी होने की तिथि से अगले तीन वर्षों के लिए लागू रहेगा. पूर्व में चयनित पांच गैर-सरकारी सदस्यों का तीन साल का कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद यह नई नियुक्तियां की गई हैं. मुख्यमंत्री की औपचारिक स्वीकृति के बाद, विभाग ने तुरंत प्रभाव से यह आदेश जारी कर दिया है.




**पर्यावरण, वानिकी और कानून क्षेत्र के विशेषज्ञों को मिली जगह**

बोर्ड में शामिल किए गए नए सदस्यों में शिक्षा, वानिकी , वनस्पति विज्ञान और पर्यावरण कानून के दिग्गजों को स्थान मिला है.बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आशीष कुमार चक्रवर्ती और एएन कॉलेज दुमका के डॉ. अमरनाथ सिंह जहां वानिकी व जैव विविधता संरक्षण के तकनीकी पहलुओं में मार्गदर्शन देंगे. वहीं एनयूएसआरएल रांची के प्रोफेसर डॉ. एमआर श्रीनिवास मूर्ति और डॉ. श्यामला कंडादाई बौद्धिक संपदा अधिकारों और पर्यावरणीय कानूनों के क्रियान्वयन में बोर्ड को सहयोग प्रदान करेंगे. इनकी विशेषज्ञता से राज्य में बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघन को रोकने और पर्यावरणीय कानूनों के बेहतर अनुपालन में मदद मिलेगी. जारी विभागीय आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि चयनित सभी नए सदस्यों को राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित एवं स्वीकृत भत्तों का भुगतान किया जाएगा. जैव विविधता बोर्ड में विशेषज्ञों की इस नई टीम के जुड़ने से राज्य के प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जैविक प्रजातियों के दस्तावेजीकरण और पर्यावरण संतुलन से जुड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने में तेजी आएगी.

**झारखंड जैव विविधता बोर्ड में शामिल हुए पांच नए विशेषज्ञ**

| क्र. सं. | नाम | वर्तमान पद एवं संस्थान |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. प्रसंजित मुखर्जी | प्रिंसिपल इंचार्ज, महिला महाविद्यालय, गुमला |
| 2. | डॉ. अमरनाथ सिंह | असिस्टेंट प्रोफेसर (वनस्पति विज्ञान), एएन कॉलेज, दुमका |
| 3. | डॉ. आशीष कुमार चक्रवर्ती | एसोसिएट प्रोफेसर-कम-सीनियर साइंटिस्ट (फैकल्टी ऑफ फॉरेस्ट्री), इअव, कांके |
| 4. | डॉ. एमआर श्रीनिवास मूर्ति | प्रोफेसर ऑफ लॉ एवं आईपीआर चेयर प्रोफेसर, एनयूएसआरएल रांची |
| 5. | डॉ. श्यामला कंडादाई | प्रोफेसर ऑफ लॉ, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल), रांची |

## नेशनल हाईवे पर देर रात करीब दो बजे तीन ट्रकों की हुई जोरदार टक्कर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**तमाड़।** थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर मंगलवार की देर रात करीब दो बजे तीन ट्रकों की जोरदार टक्कर के बाद ट्रक का चालक करीब छह घंटे तक क्षतिग्रस्त केबिन में फंसा रहा. चालक दर्द से कराहता रहा, लेकिन उसे समय पर बाहर निकालने के लिए राहत-बचाव व्यवस्था सक्रिय नहीं हो सकी. सुबह करीब आठ बजे चालक को केबिन से बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया. जानकारी के अनुसार, एक ट्रक जमशेदपुर से रांची की ओर जा रहा था. इसी दौरान पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर के बाद पीछे से आ रहा तीसरा ट्रक भी दूसरे ट्रक से जा भिड़ा. हादसा इतना भीषण था कि दूसरे और



तीसरे ट्रक के केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. दोनों चालकों के केबिन में फंसने की सूचना है. एक चालक को कुछ देर की मशक्कत के बाद बाहर निकाल लिया गया, जबकि दूसरा चालक करीब छह घंटे तक केबिन में ही फंसा रहा. हादसे के बाद क्षतिग्रस्त ट्रक के केबिन में चालक के फंसे होने की जानकारी के बावजूद उसे करीब छह घंटे तक बाहर नहीं निकाला जा सका. रात दो बजे से सुबह आठ बजे तक चालक जिंदगी और मौत के बीच फंसा रहा. इस दौरान वह दर्द से कराहता रहा. सुबह राहत-बचाव की कार्रवाई के बाद उसे क्षतिग्रस्त केबिन से बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. हादसे ने नेशनल हाईवे पर आपातकालीन राहत-बचाव व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. दुर्घटना के बाद यदि कोई व्यक्ति क्षतिग्रस्त वाहन में फंस जाए तो उसे तत्काल बाहर निकालने के लिए हाईवे पर त्वरित राहत व्यवस्था होनी चाहिए. ऐसे में सवाल उठ रहा है कि रात दो बजे हादसा होने के बाद चालक को सुबह आठ बजे तक क्यों इंतजार करना पड़ा? क्या हाईवे की पेट्रोलिंग और आपातकालीन राहत व्यवस्था इतनी कमजोर है कि दुर्घटना में फंसे घायल को छह घंटे तक मदद का इंतजार करना पड़े?

# राष्ट्रकवि दिनकर की 108वीं जयंती पर साहित्यिक संगोष्ठी, वक्ताओं ने गिनाए व्यक्तित्व और कृतित्व के आयाम

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।** झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी एवं मनोरंजन भोजपुरी साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता, पद्मभूषण राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 108वीं जयंती एनआरपी सेंटर विद्यालय के सभागार में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एफजेसीसीआई संताल परगना प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आकाश पांडेय, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार अनिरुद्ध प्रभास, शिक्षाविद् गीता पांडेय, पूर्व सार्जेंट मेजर नरेंद्रनाथ साहा, पर्यावरणविद् नवल कुमार झा, मुख्य वक्ता झारखंड राजभाषा साहित्य अकादमी के सचिव डॉ. सच्चिदानंद तथा कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार झा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।




कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अध्यक्ष मनोज कुमार झा ने अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विषय प्रवेश करते हुए जलमंच के अध्यक्ष नवल कुमार झा ने कहा कि रामधारी सिंह दिनकर का साहित्य हिंदी साहित्य में एक अलग काल स्थापित करता है। उनकी रचनाएं कालजयी हैं। ओज और तेज के कवि दिनकर को उनकी कृति उर्वशी के लिए वर्ष 1972 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से भावी पीढ़ी साहित्य की ओर उन्मुख होगी और राष्ट्रकवि के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से परिचित होगी।मुख्य वक्ता डॉ. सच्चिदानंद ने कहा कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की रचनाएं समाज के शोषित, पीड़ित, दलित और उपेक्षित वर्गों का प्रतिनिधित्व करती हैं तथा उनकी पीड़ा को स्वर देती हैं। उन्होंने कहा कि दिनकर की उर्वशी वीर रस और राष्ट्रीय चेतना से ओत-प्रोत उनकी अन्य रचनाओं से अलग प्रेम, काम और अध्यात्म के गूढ़ संबंधों पर केंद्रित कृति है।विशिष्ट अतिथि साहित्यकार अनिरुद्ध प्रभास ने कहा कि रामधारी सिंह दिनकर प्रगतिवाद के मुखर समर्थकों में गिने जाते हैं। उनकी रचनाओं में समाज की विषमता का चित्रण मिलता है। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से जनचेतना को जो स्वर दिया, वह आज भी भारतीय जनमानस में गुंजायमान है।मुख्य अतिथि आकाश पांडेय ने कहा कि दिनकर कालजयी कवि थे। उनके व्यक्तित्व के कई आयाम हैं और प्रत्येक आयाम में वे उसी ओज और तेज के साथ दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य के शिखर पुरुष दिनकर ने राज्यसभा सांसद के रूप में साहित्य और राजनीति के बीच बेहतर संबंध स्थापित किया। उनका साहित्य आज की युवा पीढ़ी का मार्गदर्शन करता है और विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करने का साहस प्रदान करता है।इस अवसर पर शिक्षाविद् गीता पांडेय, शिक्षक सुनील कुमार झा एवं श्रद्धा कुमारी ने भी राष्ट्रकवि दिनकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोहर शर्मा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सार्जेंट मेजर नरेंद्रनाथ साहा ने किया।

**शिक्षक मनोहर शर्मा सम्मानित**

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की 108वीं जयंती के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक मनोहर शर्मा को सम्मानित किया गया। एफजेसीसीआई के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आकाश पांडेय ने उन्हें स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

## मोबाइल चोरी के पुराने मामले में कार्रवाई, जबलपुर जीआरपी की टीम पहुंची तीनपहाड़, आरोपियों के घर पर की छापेमारी

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** मध्यप्रदेश राज्य के जबलपुर जीआरपी थाना की पुलिस टीम बुधवार को एक पुराने मोबाइल चोरी के मामले में दो युवकों की गिरफ्तारी के लिए तीनपहाड़ थाना पहुंची। मामले की जानकारी देते हुए जबलपुर जीआरपी के प्रधान आरक्षक अनिल चौधरी ने बताया कि वर्ष 2021 में जबलपुर जीआरपी थाना में बाबूपुर निवासी चंद्र महतो और दीपक महतो के विरुद्ध मोबाइल चोरी का मामला दर्ज किया गया था। उसी मामले में दोनों आरोपितों की तलाश की जा रही है।बुधवार को जबलपुर जीआरपी पुलिस ने तीनपहाड़ थाना पुलिस के सहयोग से बाबूपुर स्थित दोनों अभियुक्तों के घर पर छापेमारी की। हालांकि छापेमारी के दौरान दोनों युवक घर पर मौजूद नहीं मिले। काफी देर तक तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिला।आरोपितों के नहीं मिलने पर जबलपुर जीआरपी पुलिस टीम को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा। पुलिस का कहना है कि आगे भी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी रहेगा।

## पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा बने यूपी के सह-प्रभारी, भाजपा कार्यकताओं ने दी बधाई



**साहिबगंज।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पत्र जारी करके विभिन्न राज्यों के लिए प्रदेश प्रभारी और सह-प्रभारियों को नियुक्त किया है। जारी पत्र में झारखंड से राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा और राजमहल के पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा को उत्तर प्रदेश का सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। दोनों नेताओं को उत्तर प्रदेश राज्य में संगठनात्मक जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी ने विभिन्न राज्यों में संगठन को मजबूत करने और चुनावी व राजनीतिक गतिविधियों के समन्वय के लिए प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की नई जिम्मेदारियां तय की हैं। अनंत कुमार ओझा राजमहल विधानसभा क्षेत्र से दो बार के विधायक रह चुके हैं और झारखंड भाजपा में संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। वही कई राज्यों में चुनाव में अहम भूमिका निभाए है। पश्चिम बंगाल चुनाव में भी अनंत ने काफी अहम भूमिका अदा की थी। नई जिम्मेदारी के बाद पार्टी संगठन में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है।उत्तर प्रदेश का सह-प्रभारी बनाए जाने पर पूर्व विधायक राजमहल अनंत कुमार ओझा को सोशल मीडिया व दूरभाष पर ओर घर पर मिलकर पार्टी कार्यकर्ता बधाई दे रहे है।

# तीनपहाड़ क्षेत्र के आस पास धूमधाम से मना करमा पर्व, पारंपरिक गीतों और नृत्य से गूंज उठे गांव

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ क्षेत्र के आस पास आदिवासी समाज का प्रमुख लोकपर्व करमा मंगलवार की रात बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। देर रात तक पूरा क्षेत्र करमा गीतों और मांदल की थाप पर झूमता रहा। वही तीनपहाड़ क्षेत्र के दरला, बसियाचक, खेरबन्नी, पड़रिया, बभनगामा, तेतुलिया, बाबूपुर सहित दर्जनों गांवों में करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। गांवों में युवाओं द्वारा जंगल से करमा डाल लाकर विधिवत स्थापना की गई और पारंपरिक विधि-विधान से करमा देवता की पूजा-अर्चना की गई।करमा पर्व को प्रकृति, कृषि, भाईचारे और सामुदायिक परंपरा से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है। इस दौरान ग्रामीणों ने सुख-समृद्धि,



खुशहाली, अच्छी फसल और परिवार की मंगल कामना को लेकर करमा देवता से प्रार्थना की। कई गांवों में पूजा स्थल को फूलों और रंग-बिरंगी रोशनियों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था।शाम ढलते ही गांवों में करमा गीतों की गूंज के साथ सामूहिक नृत्य का दौर शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा। महिलाओं और युवतियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर करमा डाल के चारों ओर गोलाकार घेरा बनाकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भी पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया।करमा महोत्सव के बहाने ग्रामीणों ने अपनी पुरानी लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करते हुए नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और जड़ों से जोड़ने का संदेश दिया। दरला से लेकर बभनगामा और तेतुलिया से बाबूपुर तक गांव-गांव में करमा की उमंग ने तीनपहाड़ क्षेत्र में लोक संस्कृति की एक अलग ही छटा बिखेर दी।

## तीनपहाड़ में ग्यारहवीं शरीफ पर गौसुल वरा कॉन्फ्रेंस का आयोजन, यूपी-उड़ीसा से पहुंचे उलेमा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर तीनपहाड़ में भोला हाजी के घर के समीप मंगलवार की रात रजा-ए-मुस्तफा कमेटी की ओर से गौसुल वरा कॉन्फ्रेंस (जलसा) का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चला।जलसे में मुख्य रूप से यूपी से मौलाना हाशिम अशरफी कानपुरी, यूपी से नात खां (शायर-ए-इस्लाम) मोहम्मद अली फैजी और उड़ीसा से मुफ्ती शहाबुद्दीन सकाफी शामिल हुए।अपनी तकरीर में मौलाना हाशिम अशरफी ने लोगों से नमाज पढ़ने और नेकी के रास्ते पर चलने की अपील की। उन्होंने पीरों के पीर गौस-ए-आजम अब्दुल कादिर जिलानी की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए लोगों से उनके नक्शे-कदम पर चलने का आह्वान किया। जलसे में ही उन्होंने लोगों को तौबा भी कराई।वहीं शायर-ए-इस्लाम मो.



अली फैजी ने अपनी नात शरीफ से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया और महफिल में शमा बांध दिया। उड़ीसा से आए मुफ्ती शहाबुद्दीन सकाफी ने भी तकरीर पेश करते हुए लोगों से नमाज और रोजे का पाबंद बनने की बात कही।जलसे में काफी भीड़ देखने को मिली। जलसा समाप्ति के बाद तबर्रुक के तौर पर खिचड़ा और मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## ओवरटेक के दौरान टोटो पलटा, मां-बेटा गंभीर रूप से घायल

**राजमहल/साहिबगंज।** थाना क्षेत्र के महाजनटोला गांव में मंगलवार देर शाम दो टोटो को ओवरटेक करने के दौरान एक टोटो में सवार दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार, हसन टोला निवासी नाबेरा बीबी (30) और उनके डेढ़ वर्षीय पुत्र आयान शेख गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल



लाया गया। वहीं ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर नाजिश ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गयी।

## 37वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स में दूसरे दिन परमा हांसदा ने स्वर्ण,काजल कुमारी ने रजत पदक जीता

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।**22-24 सितंबर 2026 तक आयोजित 37वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता, पटना के दूसरे दिन जिले में खेल विभाग द्वारा सिद्धो कान्हु स्टेडियम में संचालित आवासीय बालक एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र साहेबगंज के ट्रेनी परमा हांसदा ने बालक अंडर 16 वर्ष आयु वर्ग के पेंटाथलन में 3852 अंकों साथ स्वर्ण पदक जीता, वहीं मिथिलेश कुमार 3783 अंकों के साथ दूसरे एवं निखिल कुमार बिहार 3691 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे वहीं सकरीगली की काजल कुमारी ने जेवलिन थ्रो बालिका अंडर 16 वर्ष में 29.92 मीटर के साथ रजत पदक जीता वहीं पश्चिम बंगाल की मोनिका वैदया प्रथम, एवं पूजा सोनोवाल असम तीसरे स्थान पर रही एवं विवेक यादव बालक अंडर 20 जेवलिन थ्रो



में छठे स्थान पर रहे।ज्ञातव्य हो जिले के कुल 11 प्रतिभागियों इस प्रतियोगिता में शामिल हैं।इस प्रतियोगिता में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, असम, मिजोरम मणिपुर, त्रिपुरा मेघालय, सिक्किम, नागालैंड अरुणाचल प्रदेश, अंडमान एवं निकोबार की टीम भाग ले रही है। जिले के विजेता एथलीट परमा हांसदा एवं काजल कुमारी को उपायुक्त श्री दीपक कुमार दूबे, उपविकास आयुक्त श्री सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक श्री संजय कुमार, जिला खेल पदाधिकारी श्री नयन कुमार समेत जिले के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# मंगलहाट सड़क हादसे में घायल कन्हाई मंडल की इलाज के दौरान मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

राजमहल/साहिबगंज।थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलहाट सड़क दुर्घटना में घायल एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राजमहल थाना क्षेत्र के कन्हैयास्थान गांव निवासी कन्हाई मंडल (58) बीते सोमवार की देर शाम लगभग 7:45 बजे अपने घर के सामने फोरलेन मुख्य सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक सवार की चपेट में आने से कन्हाई मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क पर मौजूद ग्रामीणों और परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने इलाज के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें इलाज



के लिए भागलपुर ले गए, जहां से भी उन्हें तुरंत रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन घायल कन्हाई मंडल को रांची रिम्स ले गए। वहां उनका इलाज चल रहा था। मंगलवार की देर शाम लगभग 8:00 बजे, यानी घटना के करीब 24 घंटे बाद, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। कन्हाई मंडल की मौत की खबर से क्षेत्र में मातम और सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी बिजोल देवी रिम्स के बाहर रोते हुए कह रही थीं कि अब हम किनके सहारे जिएंगे। कैसे मेरा भरण-पोषण होगा।मृतक के पुत्र पप्पू मंडल ने घटना की पूरी जानकारी देते हुए बताया कि एंबुलेंस के द्वारा पार्थिव शरीर को राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम कराने की बात बताई गई है। जहां पोस्टमार्टम करा कर पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। राजमहल थाना पुलिस भी मामले की जांच में जुटी है।

## शोभनपुर भट्ठा में 5.55 लाख की लागत से बनेगी पीसीसी सड़क, जिला परिषद उपाध्यक्ष ने किया शिलान्यास

**साहिबगंज।** जिला परिषद क्षेत्र अंतर्गत सदर प्रखंड क्षेत्र के शोभनपुर भट्ठा गंगा प्रसाद पूर्व बुधवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव ने जिला परिषद निधि से दिलीप साह के घर से शंभू राय के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ फीता काटकर नारियल




फोड़कर पूजन करके किया। लगभग 5 लाख 55 हजार रुपए की लागत से पीसीसी सड़क बनेगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि सड़क के बन जाने से क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क सुविधाएं मिलेगा। क्षेत्र की जनता को बेहतर सड़क सुविधाएं ओर अपने क्षेत्र का निरंतर विकास करना ही मेरा मुख्य कर्तव्य और संकल्प है। आप सभी का विश्वास ही मेरी ताकत है। मौके पर दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट अस्पताल का डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने किया उद्घाटन

**देवघर।** असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने बुधवार को देवघर में बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट अस्पताल का शुभारंभ किया। 750 बिस्तरों वाला यह अत्याधुनिक अस्पताल क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरूआत करेगा।इस अवसर पर बाबा बैद्यनाथ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट और पीडी हिंदुजा हॉस्पिटल एंड मेडिकल रिसर्च सेंटर के संयुक्त प्रयास से देवघर में बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट अस्पताल शुरू किया गया है।उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यहां मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।झारखंड के देवघर और गोड्डा में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए डॉ सरमा ने कहा कि क्षेत्र में हवाई अड्डा, एम्स, रेलवे मार्ग और रिंग रोड जैसी सुविधाएं विकसित हुई हैं।उन्होंने कहा कि सांसद निशिकांत दुबे के नेतृत्व में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में हुए विकास ने पूरे देश के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। विकास की इस यात्रा को आगे बढ़ाते हुए आज क्षेत्र में एक और बड़ा अस्पताल शुरू किया गया है।वर्ष 2006 से लगभग 15 वर्षों तक असम के स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने अनुभव का उल्लेख करते हुए डॉ सरमा ने कहा कि किसी अस्पताल की सफलता में उसके वास्तु और निर्माण योजना की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने उद्घाटित अस्पताल के आईसीयू, कॉरिडोर, आपातकालीन इकाई, सामान्य वार्ड सहित विभिन्न सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि अस्पताल को आम लोगों के लिए सुविधाजनक बनाने के लिए सांसद डॉ निशिकांत दुबे और ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ अनामिका गौतम ने स्वयं काफी विचार और परिश्रम किया है।ट्रस्ट की अध्यक्ष डॉ अनामिका गौतम का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट ने अस्पताल का निर्माण लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि जनसेवा के लिए किया गया है। इसी भावना के तहत चिकित्सा क्षेत्र के किसी व्यावसायिक समूह के बजाय उस हिंदुजा समूह के साथ सहयोग किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सांसद निशिकांत दुबे की सोच, डॉ अनामिका गौतम के परिश्रम और हिंदुजा समूह की चिकित्सा विशेषज्ञता से यह अस्पताल जनसेवा का एक बड़ा केंद्र बनेगा।

# बड़ासोनकर में एसआईआर सहायता कैंप, ग्रामीणों को दस्तावेज और प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

बरहरवा/साहिबगंज। बरहरवा प्रखंड अंतर्गत बड़ासोनकर पंचायत के बड़ासोनकर गांव में बुधवार को एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सहायता कैंप आयोजित किया गया। कैंप का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमिटी, साहिबगंज के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने किया। इस दौरान एसआईआर के मास्टर ट्रेनर मुरसलीन खान भी मौजूद रहे। कैंप के दौरान ग्रामीणों ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर जानकारी के अभाव और आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित अपनी समस्याएं रखीं। कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अब तक एसआईआर से संबंधित नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। ग्रामीणों



की समस्याओं को देखते हुए बरकत खान और मुरसलीन खान ने टीम के साथ उनकी समस्याएं सुनीं और प्रक्रिया से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी। कैंप में ग्रामीणों को एसआईआर नोटिस के महत्व, मतदाता सूची में नाम के सत्यापन तथा आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में विस्तार से बताया गया। उन्हें समझाया गया कि नोटिस प्राप्त होने के बाद उसमें दिए गए निर्देशों के अनुसार निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर संबंधित पदाधिकारी के समक्ष आवश्यक कागजात प्रस्तुत करें। ग्रामीणों को नाम, पता, जन्म संबंधी जानकारी और मतदाता सूची से जुड़े उपलब्ध प्रमाणों को सही एवं स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की जानकारी भी दी गई। वहीं, नाम या विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा दस्तावेज संबंधी समस्या वाले ग्रामीणों को संबंधित प्रक्रिया के बारे में जानकारी देकर समाधान के लिए उचित मार्गदर्शन किया गया। कैंप के दौरान जिन ग्रामीणों तक एसआईआर नोटिस नहीं पहुंचा था, उन्हें इछड के माध्यम से नोटिस उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई कि वे अफवाहों और भ्रम से बचें तथा एसआईआर से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए अपने संबंधित BLO एवं BLA-2 से संपर्क करें। मौके पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यकताओं ने ग्रामीणों को एसआईआर प्रक्रिया समझने और आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित जानकारी प्राप्त करने में सहयोग किया। इस अवसर पर बरकत खान ने कहा कि किसी भी योग्य मतदाता को जानकारी के अभाव में परेशानी नहीं होनी चाहिए। एसआईआर प्रक्रिया को लेकर ग्रामीणों की समस्याओं को समझना और उन्हें सही प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी उपलब्ध कराना जरूरी है। कैंप के माध्यम से ग्रामीणों के बीच एसआईआर को लेकर व्याप्त भ्रम दूर करने और मतदाताओं को प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि हर योग्य मतदाता तक सही जानकारी और आवश्यक सहयोग पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

# अमड़ापाड़ा शिव मंदिर में व्याहुत कलवार समाज की ओर से समाज के कुलदेवता भगवान श्री बलभद्र की पूजा-अर्चना श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ की गई

**रुपामुनी सोरेन @झारखंड उजाला संवाददाता**



**अमड़ापाड़ा।** मुख्य बाजार स्थित श्री शिव मंदिर में बुधवार को व्याहुत कलवार समाज की ओर से समाज के कुलदेवता भगवान श्री बलभद्र की पूजा-अर्चना श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ की गई। धार्मिक अनुष्ठान के साथ आयोजित कार्यक्रम ने समाज की सामाजिक एकजुटता, आपसी भाईचारे, पारस्परिक सहयोग और सामाजिक समरसता की मजबूत झलक प्रस्तुत की।पूजा को लेकर सुबह से ही समाज के लोगों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। अमड़ापाड़ा मुख्य बाजार के अलावा बासमती, कुसचिरा, डूमरचीर, पाकुड़, गोड्डा, काठीकुंड, दुमका समेत विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं श्रद्धालु समारोह में शामिल हुए। पूजा के यजमान के रूप में कुंदन भगत उर्फ भूटान भगत एवं उनकी पत्नी राधिका भगत शामिल हुए। पुरोहित अश्विनी तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भगवान बलभद्र की पूजा संपन्न कराई। श्रद्धालुओं ने भगवान बलभद्र से परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली और सामाजिक प्रगति की कामना की।पूजन कार्यक्रम के समापन के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इसके पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन हुआ, जिसमें समाज के लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। सामूहिक भोज के दौरान जातीय एवं सामाजिक बंधुत्व, सहयोग की भावना और आपसी सद्भाव का वातावरण देखने को मिला।

**23 सरकारी कर्मचारियों को मिला गौरव सम्मान:**

पूजा समारोह के दौरान गौरव सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। इसमें अमड़ापाड़ा मुख्य बाजार के ऐसे 23 लोगों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जो विभिन्न सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।सम्मानित होने वालों में शिक्षक-शिक्षिका, सचिवालय कर्मी, इनकम टैक्स विभाग में ऑफिस सुपरिटेंडेंट सहित विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत समाज के सदस्य शामिल हैं।आयोजकों ने कहा कि इन सदस्यों ने अपनी ईमानदारी, कर्मठता और सेवाभाव से न केवल अपने कार्यक्षेत्र में योगदान दिया है, बल्कि समाज का गौरव भी बढ़ाया है। ऐसे लोगों का सम्मान करना समाज में प्रतिभा, शिक्षा, अनुशासन और सेवा भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।समारोह के माध्यम से समाज के युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने तथा सरकारी एवं अन्य प्रतिष्ठित सेवाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। आयोजकों का कहना था कि समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, संस्कार, परिश्रम और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करना आवश्यक है।

**विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे समाज के लोग:**

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे व्याहुत कलवार समाज के लोगों का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर गोपीकांदर थाना प्रभारी सुमित भगत, पाकुड़ से कैलाश भगत, अशोक भगत, तारकेश्वर भगत एवं प्रदीप भगत, काठीकुंड से जितेंद्र भगत, दुमका से गायत्री जयसवाल, महेशपुर से श्रवण भगत, डूमरचीर से अमित भगत, संजय भगत, अजीत भगत, विनोद भगत एवं निशा भगत, डेम दुगार्पुर से लक्ष्मण भगत, पूर्व जिला परिषद सदस्य पूनम देवी तथा पोड़ैयाहाट से अशोक भगत सहित समाज के अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में संजीव भगत उर्फ बबलू भगत, नारायण भगत, संजय भगत, सुदर्शन भगत, कन्हैया भगत, उमाशंकर भगत, विजय भगत, विष्णु भगत, सुमन भगत, संतोष जयसवाल, राजा, गौतम, रोहित समेत समाज के अन्य गणमान्य सदस्य एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पूजा एवं सम्मान समारोह ने यह संदेश दिया कि धार्मिक आस्था के साथ शिक्षा, सामाजिक सेवा, प्रतिभा का सम्मान और आपसी सहयोग समाज को मजबूत बनाने के महत्वपूर्ण आधार हैं। समारोह में समाज के लोगों ने एकजुट होकर सामाजिक विकास और नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संकल्प भी व्यक्त किया।

## पर्जन्य बी.एड.कॉलेज में मनाई गई विनोद बिहारी महतो की 103 वीं जयंती

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**बलियापुर/ धनबाद।** बलियापुर पहाड़पुर स्थित पर्जन्य बी.एड. कॉलेज में बुधवार को झारखंड अलग राज्य आंदोलन के प्रमुख आंदोलनकारी एवं समाज सुधारक श्रद्धेय विनोद बिहारी महतो की 103 वीं जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में बीजेपी झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती तारा देवी ने विनोद बिहारी महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर तारा देवी ने कहा कि विनोद बिहारी महतो का ₹पढ़ो और लाडो₹ का प्रेरणादायक संदेश आज भी समाज के लिए प्रासंगिक है। शिक्षा के माध्यम से समाज को जागरूक और सशक्त बनाने के साथ उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उनके विचार, संघर्ष और समाज सुधार के प्रति समर्पण आने वाली पीढ़ियों को समाज एवं प्रदेश के हित में कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम में कॉलेज के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, निर्देशक राम सरोज यादव, प्राचार्य डॉ. सजल बनर्जी, डॉ .निशी महतो सहित कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एफसीआईएल के पूर्व कर्मचारियों के मुआवजा और वेतन संशोधन का रास्ता साफ, हाई कोर्ट के आदेश की दी जानकारी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**



**सिंदरी/धनबाद।** शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में बुधवार को एफसीआईएल सिंदरी इकाई के पूर्व कर्मचारियों से जुड़े मुद्दे के संदर्भ में एक पत्रकार वार्ता बुलाई गई। इसमें वीएसएस के तहत सेवानिवृत कर्मचारियों एवं पूर्व कर्मियों के लंबित मुआवजा और वेतन संशोधन मामले में झारखंड हाई कोर्ट, में रांची के 5 अगस्त 2026 के आदेश की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता एस.डी. चट्टराज ने बताया कि मुआवजा एवं वेतन संशोधन को लेकर नवंबर 2002 में झारखंड हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर की गई थीं। इसमें डब्लू.पी.(एस)-6834/2002 एवं डब्लू.पी.(एस)- 55 54/2008 मामले प्रमुख है। बाद में वर्ष 2014 में मामला सर्वोच्च न्यायालय तक भी पहुंचा। बताया गया कि न्यायालय के निदेर्शानुसार वीएसएस के तहत सेवा से अलग हुए कर्मचारियों को, भले ही उन्होंने 30 वर्ष की सेवा पूरी की हो या नहीं, 60 माह के वेतन के बराबर राशि पाने का अधिकार है। इसके अलावा डब्लू.पी.(एस)-6688/2015 के तहत वर्ष 1992, 1997और 2002 के वेतन संशोधन का मामला भी शामिल है। पूर्व कर्मचारियों के अनुसार वर्ष 1987 में लागू संशोधित वेतनमान 5 वर्ष के लिए था, इसलिए अगला वेतन संशोधन वर्ष 1992 से देय होना चाहिए। मामले में प्रतिवादियों की ओर से प्रतिवाद दाखिल किया गया है। श्री चटर्जी ने कहा कि करीब 24 वर्षों बाद मामले में फैसला सुनाया जाना पूर्व कर्मचारियों( वीएसएस )के लिए बड़ी उपलब्धि है। आदेश के परिणाम स्वरूप अधिकांश पूर्व कर्मचारियों को एफसीआईएल प्रबंधन के पास लंबित बड़ी राशि मिलने का रास्ता साफ हो गया है। प्रेस वार्ता में एस.जे. सिंह, गोपाल सिंह, वीरेंद्र, पी.डी. सिंहा, एस.डी. मंडल, राम जी राम, के.पी.यादव, एस.एन. ठाकुर, शैलेश सिंह, आर.एन कुमार, आर.पी. सिंह, और जगत माझी सहित अन्य पूर्व कर्मचारी मौजूद थें।

# पाकुड़ पाकुड़िया में धूमधाम से मना करमा पर्व, गीत-संगीत से गूंजे गांव

**विनोद कुमार साह@ झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़िया।** भाई-बहन के अटूट प्रेम, सुख-समृद्धि और प्रकृति के प्रति आस्था का पर्व करमा पाकुड़िया प्रखंड के विभिन्न गांवों में मंगलवार देर रात पारंपरिक रीति-रिवाज और उत्साह के साथ मनाया गया। दुर्गा मंदिर प्रांगण, मोंगलाबाँध, राधानगर, तेगुडिंया अंगरगड़िया समेत दर्जनों गांवों में करमा पूजा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पाकुड़िया बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में आयोजित करमा पूजा समारोह में झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी एवं ग्राम पंचायत मुखिया अनीता सोरेन शामिल हुईं। दोनों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान उपासना मरांडी ने करम देव की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।वहीं, विभिन्न गांवों में महिलाओं एवं युवतियों ने करम की डाली स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की। करमा गीत, झूमर नृत्य और पारंपरिक उत्सव से पूरा माहौल रंगीन और भक्तिमय नजर आया। परंपरा के अनुसार जावा डलिया में कुरथी, मूंग, घंघरा, चना और जौ सहित विभिन्न अनाज बोए गए। बहनों ने करमा गीत गाते हुए अपने भाइयों की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस मौके पर उपासना मरांडी ने कहा कि करमा पर्व झारखंड की समृद्ध लोक संस्कृति, प्रकृति प्रेम और आपसी भाईचारे की खूबसूरत पहचान है। उन्होंने आयोजन समिति एवं क्षेत्रवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में हृदयानंद भगत, विश्वजीत दास, सूरज दास, श्रवण राय समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बीबीएम इंटर महाविद्यालय में धूमधाम से मनी विनोद बाबू की 103वीं जयंती



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बलियापुर /धनबाद।** बीबीएम इंटर महाविद्यालय विकास समिति सह बीबीएम डिग्री महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को कॉलेज परिसर में झारखंड आंदोलन के प्रणेता विनोद बिहारी महतो की 103 वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने विनोद बाबू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि विनोद बाबू का संदेश ₹पढ़ो और लड़ो₹आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को सशक्त समाज की आधारशिला बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक आनंद महतो ने की जबकि संचालन प्रो. वरुण सरकार ने किया। इस दौरान प्रतिभा सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रतिभागियों के साथ क्षेत्र के किसानों को भी सम्मानित किया गया। मौके पर अधिवक्ता राहुल कुमार महतो, गुरचरण सिंह, मनमोहन ग्रोवर, प्राचार्य डॉ.जितेंद्र महतो, डॉ राकेश कुमार महतो समेत शिक्षक, शिक्षकेतर, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थें।

# कुटिया मोड़ से रुदवा मुख्य सड़क तक कालिचरण पथ निर्माण की मांग, आवेदन लेकर वित्त मंत्री के इंतजार में ग्रामीण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**सड़क निर्माण से कई गांवों को मिलेगा लाभ, पलामू समाहरणालय तक आवागमन होगा आसान; वर्षों से सड़क की आस लगाए बैठे हैं ग्रामीण**




**छतरपुर (पलामू):** आजादी के दशकों बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क सुविधा की उम्मीद लगाए बैठे लोगों की समस्याएं विकास के दावों पर सवाल खड़े कर रही हैं। छतरपुर-पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अब कुटिया मोड़ से चिरैयाटांड़ एवं कोकरो होते हुए रुदवा मुख्य सड़क तक कालिचरण पथ के निर्माण की मांग को लेकर एकजुट हैं। ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग से संबंधित आवेदन लेकर झारखंड सरकार की वित्त मंत्री सह स्थानीय विधायक के समक्ष अपनी बात रखने और उनसे पहल की उम्मीद में इंतजार कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त सड़क का निर्माण केवल एक मार्ग का निर्माण नहीं, बल्कि कई गांवों के लोगों के लिए आवागमन की बड़ी समस्या का समाधान होगा। सड़क बनने से कुटिया मोड़, चिरैयाटांड़, कोकरो एवं आसपास के गांवों के लोगों को प्रखंड और जिला मुख्यालय तक पहुंचने में काफी सहूलियत मिलेगी।

**आवेदन लेकर इंतजार में ग्रामीण, कब पूरी होगी सड़क की आस?**

ग्रामीणों ने कालिचरण पथ के निर्माण को लेकर आवेदन देने की तैयारी की है। उनकी मांग है कि कुटिया मोड़ से चिरैयाटांड़ एवं कोकरो होते हुए रुदवा मुख्य सड़क तक सड़क निर्माण की दिशा में जल्द पहल की जाए। ग्रामीणों को उम्मीद है कि वित्त मंत्री सह स्थानीय विधायक उनकी वर्षों पुरानी समस्या को गंभीरता से सुनेंगी और सड़क निर्माण की दिशा में आवश्यक कदम उठाएंगी।ग्रामीणों के अनुसार, इस सड़क के बनने से पलामू समाहरणालय तक आवागमन भी आसान हो जाएगा। वर्तमान में जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए ग्रामीणों को जिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है, उससे काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। खासकर सरकारी कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य जरूरी कामों के लिए जिला मुख्यालय जाने वाले लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

**सड़क बनेगी तो गांवों में विकास की राह होगी आसान**

ग्रामीणों का मानना है कि बेहतर सड़क संपर्क किसी भी क्षेत्र के विकास की बुनियादी जरूरत है। कालिचरण पथ का निर्माण होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार से जुड़ी गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आवेदन लेकर इंतजार कर रहे ग्रामीणों की आवाज वित्त मंत्री तक कब पहुंचेगी और कालिचरण पथ निर्माण की मांग कब धरातल पर उतरेगी?

ग्रामीणों को उम्मीद है कि उनकी मांग को प्राथमिकता देते हुए सड़क निर्माण की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। वर्षों से बेहतर सड़क संपर्क की आस लगाए बैठे ग्रामीण अब आश्वासन नहीं, बल्कि कालिचरण पथ के निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

## सैल्यूट तिरंगा के स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि होंगे सांसद डॉ. निशिकांत दुबे, मिला औपचारिक आमंत्रण



**देवघर:** सामाजिक और राष्ट्रहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था ह्यसैल्यूट तिरंगाह्ल के आगामी 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाले स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह की तैयारियाँ देवघर में बड़े पैमाने पर चल रही हैं। इस भव्य आयोजन को लेकर संस्था के पदाधिकारियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की कड़ी में सैल्यूट तिरंगा झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी के नेतृत्व में एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को देवघर में आयोजित होने वाले समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए औपचारिक निमंत्रण पत्र सौंपा। सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने संस्था के राष्ट्रभक्ति से जुड़े प्रयासों की सराहना करते हुए आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया और कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराने की अपनी सहमति प्रदान की।कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी ने बताया कि 2 अक्टूबर का दिन देवघर के लिए बेहद खास होने वाला है। इस गौरवमयी अवसर पर देवघर जिले के विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और जनसेवा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय योगदान देने वाली महान विभूतियों को ह्यदेवघर सेवा रत्न सम्मानह्ल से अलंकृत किया जाएगा। इस सम्मान का मुख्य उद्देश्य समाज की निस्वार्थ सेवा करने वाले प्रतिभावान लोगों का हौसला बढ़ाना है।सांसद को आमंत्रण देने पहुंचे इस प्रतिनिधिमंडल में भाजपा देवघर जिला अध्यक्ष सचिन रवानी, संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुनी झा, बिजया सिंह बबली, रुद्र शंकर शर्मा, उत्तम साह, अलका सोनी, विनय तिवारी, संध्या कुमारी, प्रभात गुप्ता, कमल कश्यप, लक्ष्मी देवी, सुमन केसरी और कुसुम सिंह समेत सैल्यूट तिरंगा तथा देवघर के कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि सांसद डॉ. निशिकांत दुबे की गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की भव्यता और अधिक बढ़ेगी।

## दुर्गा पूजा मनाने से लेकर मां भवानी संघ की बैठक हुई संपन्न भवानी संघ लोहराही समिति का विस्तार अध्यक्ष शिवनाथ कुमार यादव, उपाध्यक्ष अनुज ,चंदीप तो सचिव सुनील यादव



**छतरपुर,पलामू।** नगर पंचायत अंतर्गत ग्राम लोहराही के वार्ड नंबर 14 स्थित सतबहिनी धाम परिसर में मां भवानी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभात सिन्हा ने की, जबकि संचालन धीरज कुमार ने किया। बैठक में पूजा समिति के विस्तार को लेकर चर्चा हुई और कुल 40 लोगों को कमिटी में शामिल किया गया। समिति के मुख्य संरक्षक के रूप में प्रभात सिन्हा, डॉ गिरजा शर्मा,चंदन प्रकाश सिन्हा, चौधरी होटल के संचालक राजवीर चौधरी,मुकेश सिन्हा, अजय कुमार यादव, नन्हकू यादव, सत्यनारायण प्रजापति,भुवनेश्वर यादव, मनोज यादव को जिम्मेदारी दी गई। वहीं,सर्वसम्मति से शिवनाथ कुमार यादव को अध्यक्ष, अनुज चंद्रवंशी, चंदीप यादव को उपाध्यक्ष, पूर्व वार्ड पार्षद सुनील यादव को सचिव, श्रवण साव को उपसचिव, धीरज कुमार को कोषाध्यक्ष तथा ददन उर्फ छोटू कुमार,रामाशीष यादव को उपकोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं मनोहर यादव को मीडिया प्रभारी चुना गया।पूजा में डॉ गिरजा शर्मा एवं राहुल कुमार सिन्हा को पुजारी की जिम्मेदारी दी गई। पूजा पंडाल प्रभारी रवि कुमार, जितेंद्र कुमार, दिनेश यादव, सीताराम यादव, को वहीं प्रसाद वितरण में राहुल, विजय , संजय को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान किसी भी प्रकार के नशे से संबंधित गतिविधि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साथ ही पूजा को शांतिपूर्ण एवं भव्य तरीके से मनाने पर सहमति बनी। पूजा पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था के लिए विमलेश यादव, गोलू,यादव ,नवीन कुमार, अनिल चंद्रवंशी, चंदीप यादव, विकास यादव ,रुनजय कुमार तथा रवि कुमार भुइयां, अमृत कुमार,पंकज गुप्ता, विजय यादव तथा भंडारा प्रभारी मृत्युंजय कुमार, संजय कुमार यादव सहित अन्य सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई। नई कमिटी के गठन के बाद सदस्यों ने दुर्गा पूजा को आपसी सहयोग और शांतिपूर्ण माहौल में सफल बनाने का संकल्प लिया।

## 26 से 30 सितंबर तक लगातार 5 दिन प्रभावित रहेगा बैंकिंग कामकाज

**सिंदरी/ धनबाद।** सितंबर के अंतिम सप्ताह में बैंक ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण खबर है। 26 से 30 सितंबर तक लगातार 5 दिनों तक बैंक शाखाओं का सामान्य कामकाज प्रभावित हो सकता है। 26 सितंबर को चौथा शनिवार और 27 सितंबर को रविवार का अवकाश है। इसके बाद यूनाइटेड फॉर्म ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने 28 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। हालांकि 5 दिन लगातार बैंक बंद रहने की स्थिति में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के अनुसार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्राहकों की सुविधा के लिए 27 सितंबर ,रविवार को भी सामान्य रूप से खुले रहेंगे। हड़ताल में बैंक कर्मचारी पांच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था सहित विभिन्न मांगों को लेकर शामिल होंगे। ग्राहकों को सलाह दी गई है की शाखा से जुड़े जरूरी काम समय रहते निपटारा कर ले। हड़ताल के दौरान डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई और अन्य ऑनलाइन सेवाओं का इस्तेमाल किया जा सकेगा, हालांकि नगदी की उपलब्धता स्थानीय परिस्थितियों पर निर्भर कर सकती है।

## बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, मामला दर्ज

**दुमका।** जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के एक गांव में तीन साल की बच्ची के साथ पड़ोस में रहने वाले युवक ने दुष्कर्म का प्रयास करने का मामला सामने आया है।मां के समय पर पहुंचने पर आरोपित फरार हो गया। पुलिस ने मां के बयान पर मामला दर्ज कर बुधवार को न्यायालय में बयान दर्ज कराया। घटना 21 सितंबर की बतायी जा रही है। पुलिस को दिए आवेदन में महिला ने आरोप लगाया कि घटना की दोपहर की है जब वह अपने घर में थी। इस दौरान वह बाथरूम चली गई। वापस आकर देखा तो पड़ोस का रहने वाला युवक गलत नीयत से बेटी के कपड़े उतार रहा था।शोर मचाने पर आरोपित वहां से भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने महिला के बयान पर दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज कर बुधवार को पुलिस पीड़िता और उसकी मां को लेकर न्यायालय पहुंची, जहां मां का बयान दर्ज किया गया। थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि तीन साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास हुआ है। मामला दर्ज कर मां का बयान दर्ज कराया गया है। आरोपित गांव से फरार हो गया है। उसकी तलाश में पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

# पाकुड़िया में पुलिस का सघन वाहन जांच अभियान, हेलमेट और कागजात की हुई जांच

**विनोद कुमार साह@झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़िया।** सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर पाकुड़िया पुलिस ने बुधवार की शाम थाना परिसर के सामने, सिदो-कान्हू चौक सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने विशेष रूप से दोपहिया वाहनों को रोककर चालकों के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस समेत वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। एएसआई महादेव चौधरी के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने सड़क से गुजरने वाले वाहनों को रोककर जांच की। इस दौरान वाहन चालकों से ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा सहित अन्य जरूरी कागजात प्रस्तुत करने को कहा गया। पुलिस टीम ने कई दोपहिया वाहनों की डिक्की की भी जांच की। अचानक चलाए गए इस अभियान से वाहन चालकों में कुछ देर के लिए हड़कंप की स्थिति बनी रही।जांच के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति गंभीर रहने की हिदायत दी। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को समझाया कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनना केवल नियम का पालन करना नहीं, बल्कि दुर्घटना की स्थिति में जान की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। साथ ही बाइक पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी नहीं बैठाने की भी चेतावनी दी गई।पुलिस ने वाहन चालकों को अपने साथ सभी आवश्यक कागजात रखने की सलाह दी। जांच के दौरान जिन वाहन चालकों के पास मौके पर जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे, उन्हें आवश्यक कागजात प्रस्तुत करने की चेतावनी देते हुए छोड़ा गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक वाहन चालक की जिम्मेदारी है।अभियान के दौरान पुलिस जवानों ने वाहन चालकों को सड़क पर तेज गति से वाहन नहीं चलाने, यातायात नियमों का पालन करने और वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने के प्रति भी जागरूक किया। पुलिस का कहना है कि नियमित वाहन जांच का उद्देश्य वाहन चालकों को परेशान करना नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाना और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। पुलिस ने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का इस्तेमाल करें, वाहन के सभी जरूरी कागजात साथ रखें और यातायात नियमों का पालन करें। पुलिस के अनुसार सड़क सुरक्षा के लिए आम लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है। पाकुड़िया पुलिस की ओर से लोगों को संदेश दिया गया कि ह्लहेलमेट पहनें, कागजात साथ रखें और सुरक्षित यात्रा करें।ह्व पुलिस ने कहा कि सड़क पर थोड़ी सी सावधानी कई गंभीर दुर्घटनाओं को रोकने में मददगार साबित हो सकती है।

## खराब मौसम में खान बचाव रेस्क्यू टीमों ने दिखाई तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन



**रामगढ़।**सीसीएल के खान बचाव केंद्र, रामगढ़ स्थित नईसराय में आयोजित चार दिवसीय 40वीं क्षेत्रीय खान बचाव प्रतियोगिता 2026 के तीसरे दिन बुधवार को विभिन्न बचाव और तकनीकी स्पधाओं का आयोजन किया गया। खराब मौसम और लगातार बारिश के बावजूद रेस्क्यू टीमों के उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना में कोई कमी नहीं आई। प्रतिभागियों ने चुनौतीपूर्ण मौसम के बीच अनुशासन, समर्पण और पेशेवर दक्षता का प्रदर्शन किया।तीसरे दिन रेस्क्यू एवं रिकवरी, फर्स्ट एड और स्टैच्यूटरी टेस्ट सहित विभिन्न व्यावहारिक और तकनीकी स्पधाएं आयोजित हुईं। इन प्रतियोगिताओं में आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, टीमवर्क, तकनीकी कौशल और निर्धारित सुरक्षा प्रक्रियाओं के अनुरूप बचाव कार्य करने की दक्षता को परखा गया।प्रतियोगिता का समापन समारोह और पुरस्कार वितरण 24 सितंबर 2026 को होगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों एवं प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।स्पधाओं के दौरान टीमों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में बेहतर समन्वय, तत्परता और तकनीकी क्षमता का परिचय दिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निदेशालय खान सुरक्षा (डीजीएमएस) और सीसीएल के विशेषज्ञ अधिकारियों को शामिल कर गठित निर्णायक मंडल की ओर से निर्धारित मानकों के आधार पर किया जा रहा है।प्रतियोगिता में सीसीएल के 11 क्षेत्रों बरका-सयाल, बीएंडके, अरगड्डा, कुजू, हजारीबाग, ढोरी, कथारा, मगध-संघमित्रा, एनके, आम्रपाली-चंद्रगुप्त और पिपरवार के अलावा एनसीएल एवं जेएमएस (चूरी) की टीमें शामिल हो रही है।

## एचईसी में 300 करोड़ बकाया पीएफ पर सोसिएशन ने जताई नाराजगी

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**रांची।** हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन (एचईसी), रांची में कर्मचारियों के पीएफ अंशदान की राशि लंबे समय से ईपीएफ खाते में जमा नहीं होने का मामला सामने आया है। एचईसी ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम शंकर पासवान ने नाराजगी जताते हुए बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि जनवरी 2021 से कर्मचारियों का पीएफ अंशदान और अप्रैल 2022 से नियोक्ता का पीएफ योगदान जमा नहीं किया गया है जो बढ़कर बकाया राशि अब 300 करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। लेकिन इसका भुगतान नहीं किया जाना बेहद दुखद है। पासवान ने बताया कि इस मामले से एचईसी प्रबंधन, भारी उद्योग मंत्रालय, क्षेत्रीय पीएफ कमिश्नर रांची और केंद्रीय पीएफ कमिश्नर को कई बार पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया है। लेकिन अबतक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि हर महीने सेवानिवृत्त होने वाले और इस्तीफा देने वाले कर्मचारियों एवं अधिकारियों को उनकी पीएफ राशि का भुगतान नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन के अनुसार कर्मचारियों की सैलरी स्लिप और बैंक स्टेटमेंट की प्रतियां आठ जून 2026 को पीएफ कमिश्नर, रांची को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई थीं। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि अबतक बकाया राशि की वसूली के लिए ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कार्रवाई नहीं होने पर एसोसिएशन ने कानूनी कदम उठाने की चेतावनी दी है।

## पाथरडांगा मुस्लिम टोला में बिजली संकट से मिली राहत, 25 केवी का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया

**विनोद कुमार साह@झारखण्ड उजाला प्रतिनिध**



**पाकुड़िया।** प्रखंड क्षेत्र के पाथरडांगा मुस्लिम टोला में पिछले दिनों से जारी बिजली संकट के बीच ग्रामीणों को राहत मिली है। 10 सितंबर को 16 केवी का ट्रांसफार्मर चोरी हो जाने के बाद से इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित थी। लगातार बिजली नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को रोजमर्रा के कामकाज में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से खासकर घरेलू कार्यों, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी कामों पर असर पड़ रहा था। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए स्थानीय स्तर पर बिजली व्यवस्था बहाल कराने की पहल की गई। इसी क्रम में जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम के सहयोग से बुधवार को पाथरडांगा मुस्लिम टोला में 25 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया।नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने के बाद ग्रामीणों में बिजली व्यवस्था जल्द सामान्य होने की उम्मीद जगी है। लंबे समय से बिजली संकट झेल रहे ग्रामीणों के बीच ट्रांसफार्मर लगाए जाने की खबर से खुशी का माहौल देखने को मिला। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अब नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने से समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।ग्रामीणों ने बिजली संकट के समाधान के लिए सहयोग करने पर जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिष्टमणी हेम्ब्रम के प्रति आभार जताया। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली जैसी बुनियादी सुविधा बाधित होने से पूरे टोले के लोगों को परेशानी होती है। ऐसे में नया ट्रांसफार्मर लगने से आम लोगों को काफी सुविधा मिलने की उम्मीद है।ग्रामीणों ने यह भी उम्मीद जताई कि नए ट्रांसफार्मर से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित होगी और भविष्य में ट्रांसफार्मर की सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक व्यवस्था की जाएगी, ताकि दोबारा ऐसी समस्या उत्पन्न न हो।इस अवसर पर रकीब अंसारी, जाकिर अंसारी, बाबुल अंसारी, जुलकर अंसारी, मबजुद्दीन अंसारी, कैसवा मियां, यूनुस मियां, सजाद, राजू अंसारी, आरिफ अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।बिजली संकट के बीच नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों के चेहरे पर राहत और खुशी नजर आई।

## ओबीसी मुद्दों को लेकर तेली समाज और पिछड़ा वर्ग की बैठक 24 को

**खूंटी।** जिला पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के तत्वावधान में तेली समाज और पिछड़ा वर्ग की बैठक गुरुवार को महात्मा गांधी धर्मशाला में होगी। बैठक में जातीय जनगणना में पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए अलग कॉलम नहीं होने और राज्य के पांच जिलों में पिछले करीब 10 वर्षों से ओबीसी आरक्षण शून्य रहने के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। समिति के जिला प्रतिनिधि जितेंद्र कश्यप ने बुधवार को बताया कि सूचना में कहा गया है कि जातीय जनगणना के प्रपत्र में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और अन्य का कॉलम रखा गया है, जबकि ओबीसी के लिए अलग से कॉलम नहीं बनाया गया है। समिति ने इसे पिछड़ा वर्ग के हितों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए बैठक में अधिक से अधिक लोगों से शामिल होने की अपील की है। बैठक में आगामी 27 सितंबर को सिसई में आयोजित होने वाली ओबीसी समाज की वृहद बैठक को सफल बनाने को लेकर भी चर्चा की जाएगी। सिसई में 27 सितंबर को ओबीसी के अंतर्गत आने वाली विभिन्न जातियों की बैठक प्रस्तावित है। इसमें खूंटी से अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की गई है। पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति ने तेली, अहीर, रौतिया, कुम्हार, नाई, सूड़ी, केशरी, कसेरा, रौनियार, अग्रवाल, सोनार, कसौधन, कोइरी, कुर्मी, कोष्टा, कलवार, जायसवाल, हलवाई, गोसाईं, महाकुर, महार, झोरा सहित अन्य ओबीसी समाज के लोगों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है। समिति के जिला प्रतिनिधि जितेंद्र कश्यप ने समाज के लोगों से अपने अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर सहभागिता निभाने की अपील की है।

## पर्व-त्योहारों को लेकर पाकुड़िया थाना प्रभारी की अपील, शांति और सौहार्द बनाए रखने का दिया संदेश

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**

**विनोद कुमार साह@ झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़िया।** अक्टूबर से दिसंबर तक लगातार आने वाले विभिन्न पर्व-त्योहारों को देखते हुए पाकुड़िया थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने क्षेत्रवासियों से आपसी शांति, सौहार्द और भाईचारा बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देते हैं। ऐसे में सभी समुदाय के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं और सामाजिक सौहार्द की मिसाल कायम करें। थाना प्रभारी ने विशेष रूप से युवाओं और सोशल मीडिया उपयोगकताओं से अपील करते हुए कहा कि किसी भी तरह की अफवाह, भ्रामक सूचना, आपत्तिजनक टिप्पणी या धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली सामग्री को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित या साझा न करें। उन्होंने कहा कि बिना सत्यापन के किसी संदेश या वीडियो को आगे बढ़ाने से क्षेत्र में अनावश्यक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से जानबूझकर अफवाह फैलाने, भ्रामक संदेश प्रसारित करने, आपत्तिजनक टिप्पणी करने या शांति व्यवस्था प्रभावित करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी नजर रखी जाएगी। थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो ने पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, सामाजिक कार्यकताओं, धार्मिक प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों से भी पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि, अफवाह या विवाद की जानकारी मिलने पर लोग स्वयं कानून हाथ में लेने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना दें।

उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान सभी समुदायों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। किसी भी कार्यक्रम के दौरान निर्धारित नियमों और प्रशासनिक निदेर्शों का पालन किया जाना चाहिए। पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।थाना प्रभारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि आगामी सभी पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में मनाएं तथा पाकुड़िया क्षेत्र की सामाजिक एकता और सद्भाव को मजबूत बनाए रखने में अपना योगदान दें।

## भ्रष्ट अफसरशाही को संरक्षण दे रही राज्य सरकार : भाजपा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**




**रांची।** भाजपा ने राज्य सरकार पर भ्रष्ट अफसरशाही को राजनीतिक संरक्षण देने का आरोप लगाया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार ने कहा कि राज्य में अधिकारियों के प्रति सरकार के इस रवैये से शासन की पारदर्शिता और जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।भाजपा प्रवक्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बुधवार को कहा कि उत्पाद विभाग की 2021-25 की ऑडिट रिपोर्ट में वित्तीय और तकनीकी अनियमितताओं और जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं में कथित धांधली का मुद्दा उठाया गया है।उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी युवाओं के भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है, इसलिए इसकी पारदर्शी और सीबीआई जांच होनी चाहिए।लोकतांत्रिक व्यवस्था में अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए और अनियमितता सामने आने पर केवल जांच की घोषणा करना ही काफी नहीं है। भाजपा का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार की नीति सिर्फ बयानों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए।बिना किसी राजनीतिक संरक्षण और भेदभाव के जांच पूरी की जाए।साथ ही उन्होंने जनता के पैसे और युवाओं से जुड़े इन गंभीर मामलों के तथ्य सार्वजनिक करने और आरोप प्रमाणित होने पर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

## जिम का संचालक युवती को लेकर फरार, दोनों पहुंचे थाना



**दुमका।** शहर के धर्मस्थान मंदिर के सामने खुले फिटलाइन प्रीमियम जिम का संचालक सूरज साह जिम करने वाली युवती को लेकर फरार हो गया। पुलिस के कहने पर वह बुधवार को युवती को लेकर स्वयं नगर थाना लेकर आ गया। पुलिस युवती के बयान का इंतजार कर रही है। देर शाम तक दोनों थाना में थे और युवती का बयान नहीं लिया जा सका था।बताया जाता है कि सदर प्रखंड की लखीकुंडी पंचायत की रहने वाली युवती जिम करने के लिए आती थी। सूरज और उसमें पहले से जान पहचान थी। 20 सितंबर को सूरज युवती को लेकर फरार हो गया। युवती घर नहीं पहुंची तो घरवालों ने नगर थाना में इसकी सूचना दी। पुलिस ने सूरज और उसके घरवालों से संपर्क किया और तत्काल थाना आने को कहा। दो दिन बाहर रहने के बाद बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे सूरज युवती के साथ थाना आ गया। हालांकि देर शाम तक युवती का बयान नहीं हो सका था। दोनों बालिग हैं। सूरज की माने तो वह युवती को पिछले साल से जानता है और दोनों में करीब का रिश्ता है। युवती की रजामंदी पर वह उसे लेकर गया। वह युवती से शादी करना चाहता है। पुलिस का कहना है कि युवती का बयान लेने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस संबंध में नगर थाना प्रभारी अशोक राम ने कहा कि युवती के घरवालों ने मामला दर्ज नहीं कराया था। दोनों स्वयं थाना आए। युवती के घरवाले उसे समझाने का प्रयास कर रहे हैं। अभिभावक की मर्जी जानने के बाद ही आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# लखीपोखर में पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम, माताओं और बच्चों को दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

**विनोद कुमार साह@झारखंड उजाला प्रतिनिधि**





**पाकुड़िया।** पोषण माह के तहत बुधवार, 23 सितंबर को पाकुड़िया प्रखंड के लखीपोखर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी केंद्र एवं लोक कल्याण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को संतुलित आहार, पोषण, स्वच्छता एवं बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, किशोरियां और बच्चे शामिल हुए। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं संस्था के कर्मियों ने लोगों को दैनिक जीवन में पौष्टिक एवं संतुलित आहार को शामिल करने के महत्व के बारे में जानकारी दी। उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि गर्भावस्था और प्रसव के बाद के समय में पर्याप्त एवं संतुलित पोषण मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण होता है।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान पौष्टिक थाली और संतुलित भोजन को लेकर भी विस्तार से जानकारी दी गई। ग्रामीणों को सलाह दी गई कि अपने नियमित भोजन में हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल, विभिन्न प्रकार के अनाज, दाल, दूध एवं उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों को उचित मात्रा में शामिल करें। बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनके मानसिक विकास में भी पर्याप्त पोषण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसकी जानकारी भी दी गई।गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से पौष्टिक भोजन लेने, भोजन में विविधता बनाए रखने और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं धात्री माताओं को बच्चों के बेहतर विकास के लिए उचित पोषण और देखभाल के महत्व के बारे में बताया गया। किशोरियों को भी संतुलित आहार लेने तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता और साफ-सफाई को भी स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण आधार बताया गया। ग्रामीणों से घर एवं आसपास के क्षेत्र को साफ रखने, स्वच्छ पानी का उपयोग करने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। लोगों को समझाया गया कि पौष्टिक भोजन के साथ स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण भी बीमारियों से बचाव के लिए जरूरी है।कार्यक्रम में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं संस्था के कर्मियों ने ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के साथ संवाद करते हुए पोषण से जुड़ी उनकी जानकारी और समस्याओं को भी समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को ह्लसही पोषण, बेहतर स्वास्थ्य और स्वस्थ भविष्यह्व का संदेश दिया गया। आयोजकों ने कहा कि पोषण को लेकर जागरूकता केवल एक माह तक सीमित न रहे, बल्कि परिवार और समाज के स्तर पर इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण महिलाओं, बच्चों, स्थानीय ग्रामीणों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं लोक कल्याण सेवा संस्थान के कर्मियों की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

## अफीम तस्करी मामले में दो दोषियों को सात साल-सात की कैद, 75-75 हजार का जुमार्ना




**रांची।** अफीम तस्करी के एक मामले में दो दोषियों को एनडीपीएस मामले के विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र कुमार की अदालत ने दो दोषियों को सात-सात साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोनों दोषियों पर अदालत ने 75-75 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि अदा नहीं करने पर दोनों को एक-एक साल की अतिरिक्त कैद सजा भुगतनी होगी। जिन दोषियों को सजा सुनाई गई है उनमें दिगम महतो और झारीराम महतो शामिल है। अभियुक्तों के पास से 1200 ग्राम अफीम बरामद की गई थी। मामले को लेकर तमाड़ थाना कांड संख्या 37/2024 (एन) दर्ज किया गया था। यह घटना 5 अप्रैल 2024 की है, जब तमाड़ थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर रोलाडीह और बुरुसिंगु के बीच स्थित एक ईंट भट्ठे के पास छापेमारी की थी और मौके से दोनों अभियुक्तों के पास से अफीम बरामद की थी।

# अगर अमेरिका ने सौ प्रतिशत का टैरिफ थोपा तो !



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

रूस और ईरान से अगर भारत द्वारा तेल खरीदने का बुनियादी लक्ष्य रूस-यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देना या ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका और इजरायल का विरोध नहीं है। दरअसल भारत मौजूदा माहौल में अपनी भारी-भरकम जनसंख्या के लिए किफायती ऊर्जा सुरक्षा को संरक्षित कर रहा है। अमेरिकी संसद के दोनों सदनों से ह्यसैंक्शनिंग रशा एंड ईरान एक्टह्न के पारित होने को लेकर देश में आशंकाओं के बादलों का उठना स्वाभाविक है। आज जिस आर्थिकी और विश्व व्यवस्था को तकरीबन पूरी दुनिया ने अपना रखा है, उसकी वजह से पूरी दुनिया को लगता है कि अमेरिका के सहयोग के बिना वह एक कदम आगे नहीं रख सकती। वैश्विक आर्थिकी में डालर के वर्चस्व के चलते ज्यादातर देशों को लगता है कि अगर अमेरिका की आंखें टेढ़ी हुईं तो उस पर महाविपत्ति आ जाएगी। इसी सोच का ही असर है कि इस अधिनियम के पारित होने के बाद भारत के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की नजर में भारतीय विदेश नीति नाकाम नजर आने लगी है। सैद्धांतिक रूप से भारतीय वामपंथी इकोसिस्टम अमेरिका का हर पल खुला विरोध करता है, लेकिन उसे भी अमेरिकी टैरिफ कानून भारतीय हित के खिलाफ नजर आ रहा है। इन सबके बीच भारत सरकार की प्रतिक्रिया संतुलित और सधी हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत अपनी 140 करोड़ की आबादी की ऊर्जा सुरक्षा के लिए दृढ़ है। जाहिर है, भारत को झुकाने की सोच रखने वाले ट्रंप प्रशासन को ऐसी प्रतिक्रिया की उम्मीद नहीं रही होगी। ऐसे में अमेरिका के अगले कदम पर निगाह रखना ज्यादा जरूरी हो जाता है।

रूस और ईरान से अगर भारत द्वारा तेल खरीदने का बुनियादी लक्ष्य रूस- यूक्रेन युद्ध को बढ़ावा देना या ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका और इजरायल का विरोध नहीं है। दरअसल भारत मौजूदा माहौल में अपनी भारी-भरकम जनसंख्या के लिए किफायती ऊर्जा सुरक्षा को संरक्षित कर रहा है। इसलिए भारत का न झुकना देश के विपक्षी दलों और अमेरिकी सरकार के लिए हैरतअंगेज भले ही हो, भारतीय हितों के अनुकूल नहीं है। वैसे जब से ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति का पद संभाला है, अपने ऊल-जलूल



फैसलों के लिए ही वे जाने गए हैं। यह पहला मौका नहीं है कि उन्होंने इस कानून के जरिए भारत को दबाने की कोशिश की है। बीते साल एक अगस्त 2025 से उन्होंने भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत का टैरिफ लगा दिया था। जिससे उनके ही बाजार में भारतीय वस्तुएं और सामान महंगे होने लगे थे। तब चालाकी दिखाते हुए ट्रंप प्रशासन ने फार्मास्युटिकल्स को इस टैरिफ से अलग रखा था। इसकी वजह यह है कि भारत से अमेरिका आने वाली दवाएं सस्ती पड़ती हैं। भारतीय रत्न और आभूषणों पर टैरिफ लगाने का बहुत असर नहीं पड़ा था। क्योंकि रत्न और आभूषण स्वभाव से ही महंगे होते हैं और उन्हें खरीदने वाले लोगों के लिए इनकी महंगाई मायने नहीं रखती। ठीक वैसे ही, जैसे भारत में महंगा होने के बावजूद सोने की खरीद-बिक्री पर असर नहीं पड़ा है। भारतीय सामान जब बढ़े टैरिफ के चलते अमेरिकी बाजार में महंगे होने लगे तो अमेरिका में भी ट्रंप प्रशासन के इस फैसले के खिलाफ सवाल उठने लगे। तब तक अमेरिकी प्रशासन को भी समझ आने लगा था कि उसने कैसा कदम उठाया है। इसका असर यह हुआ कि फरवरी 2026 में ट्रंप प्रशासन को टैरिफ में कटौती करनी पड़ी।

पश्चिमी एशिया का हालिया संकट अमेरिका की ही देन है। जब से यह संकट बढ़ा है, भारत ने रूस से तेल की खरीददारी बढ़ा दी है। यह भारत की मजबूरी भी है। बीती जुलाई में भारत ने अपने कुल तेल आयात का 51.4 प्रतिशत तेल अकेले रूस से खरीदा था। रूस से तेल खरीद का भारतीय मकसद मौजूदा हालात में अपने लिए किफायती दरों पर तेल हासिल करना है। भारत का यह अधिकार है और मौजूदा हालात में अगर भारत झुकता है तो इसे भारतीय नागरिक शायद ही पसंद करेगा।

भारत की तुलना में चीन ना सिर्फ रूस, बल्कि ईरान से भी भारी मात्रा में तेल खरीद रहा है। रूस से तेल खरीदना उसके लिए ज्यादा आसान और सस्ता है। चूंकि दोनों देशों की सीमाएं मिलती हैं और तेल की आपूर्ति पाइपलाइन के जरिए आसानी से होती है, इसलिए चीन भी टैरिफ युद्ध के निशाने पर होने के बावजूद तेल खरीद से पीछे नहीं हट रहा तो फिर हमें ही क्यों पीछे रहना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति इस कानून के तहत भारत पर सौ प्रतिशत टैरिफ थोपते हैं तो भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात को बड़ा झटका लग सकता है। जानने की बात है कि भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों में टेक्सटाइल्स, रत्न और आभूषण, आटोमोबाइल और इंजीनियरिंग उत्पाद ज्यादा है। टैरिफ अगर बढ़ेगा तो अमेरिकी बाजार में इनकी कीमतें महंगी होंगी, जिससे उनकी मांग घट सकतकी है। इससे भारतीय निर्यातकों को नुकसान हो सकता है। कुछ जानकारों को लगता है कि इससे रूस से जारी तेल खरीद से मिल रही अरबों रूपए की राहत खटाई में पड़ सकती है। यहां ध्यान देने की बात यह भी है कि भारत, अमेरिका से व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी रखे हुए है। अगर सौ प्रतिशत टैरिफ लागू किया जाता है तो इस प्रस्तावित व्यापार समझौते में अड़चन आ सकती है। हो सकता है कि यह बातचीत ही खटाई में पड़ जाए।

बेशक अमेरिका भारत का बड़ा कारोबारी साझीदार है। लेकिन मोदी के 2024 में सत्ता में आने के बाद से अब तक करीब चालीस देशों से मुक्त व्यापार समझौता किए जा चुके हैं। भारत ने हाल ही में यूरोपीय संघ से भी ऐसा समझौता किया है। भारत का मॉरीशस, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ, ब्रिटेन, ओमान, न्यूजीलैंड आदि से मुक्त व्यापार समझौते या व्यापक आर्थिक साझेदारी का समझौता कर चुका है। भारत सरकार के ही आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अपने कारोबारी नेटवर्क का विस्तार करते हुए नौ बड़े मुक्त व्यापार समझौते भी किए हैं। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ यानी ईएफटीए में आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड शामिल हैं। इसी तरह भारत ने आसियान देशों, जापान, दक्षिण कोरिया और साफ्टा के सदस्य देशों के साथ पारंपरिक कारोबारी समझौता कर चुका है। अगर अमेरिका भारत पर टैरिफ थोपता है तो देश को चाहिए कि इन देशों के जरिए कारोबार को बढ़ावा दे। वैसे भी टैरिफ थोपने की दशा में भारतीय कारोबारी दूसरे देशों के जरिए अमेरिका में अपना माल भेज सकते हैं। उम्मीद कर सकते हैं कि सरकार भी ऐसी राह तलाशने की कोशिश में जुटी होगी।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्रम से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यो में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यो में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# आईआईटी बॉम्बे के छात्र आत्महत्या से जुड़े सवाल



आज एआई ने शिक्षा के सामने एक बिल्कुल नई चुनौती खड़ी कर दी है। चैटजीपीटी जैसे उपकरण ज्ञान प्राप्त करने, शोध करने और सीखने में उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन परीक्षा में अनुचित तरीके से इनका इस्तेमाल शैक्षणिक ईमानदारी का प्रश्न बन जाता है। इसलिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं होंगे। आईआईटी बॉम्बे के द्वितीय वर्ष के बीटेक छात्र साहिल वाकोडे की 18 सितंबर 2026 को हुई मृत्यु ने देश के उच्च शिक्षण संस्थानों की कार्यप्रणाली, विद्यार्थियों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव, परीक्षा में बढ़ती अनैतिकता, शिक्षकों की जवाबदेही, मानसिक स्वास्थ्य और परिसरों में राजनीतिक हस्तक्षेप जैसे अनेक गंभीर प्रश्न एक साथ खड़े कर दिए हैं। इस घटना को फिलहाल आत्महत्या के रूप में रिपोर्ट किया गया है, इसके पीछे की परिस्थितियों और किसी व्यक्ति की आपराधिक जिम्मेदारी का निर्धारण जांच का विषय है। मुंबई पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज की है और जांच आगे बढ़ाई जा रही है। इसलिए किसी व्यक्ति को घटना के लिए दोषी ठहराना जांच पूरी होने से पहले उचित नहीं होगा। घटना से पहले परीक्षा के दौरान साहिल के मोबाइल और कथित रूप से एआई चैटजीपीटी के इस्तेमाल को लेकर संस्थागत कार्रवाई की स्थिति बनी थी। इसके बाद छात्रों में यह धारणा पैदा हुई कि मामले को जिस तरीके से संभाला गया, उसमें पर्याप्त संवेदनशीलता नहीं थी। संस्थान ने बाद में अपने पूर्व सार्वजनिक बयान के लिए माफी मांगते हुए स्वीकार किया कि जांच पूरी होने से पहले घटना से जुड़े विवरण सार्वजनिक करना उचित नहीं था। संबंधित प्रोफेसर को डीन के प्रशासनिक पद से हटाया गया है, जबकि उनके विरुद्ध दर्ज मामले में अंतिम निष्कर्ष अभी जांच और न्यायिक प्रक्रिया पर निर्भर करेगा।

इस घटना के बाद तीन दिनों तक छात्रों का विरोध प्रदर्शन हुआ और 18 सूत्रीय मांगपत्र सामने आया। इन मांगों में स्वतंत्र जांच, शिक्षकों के विरुद्ध शिकायतों की स्पष्ट प्रक्रिया, छात्र-प्रतिनिधित्व, बेहतर काउंसलिंग, चौबीसों घंटे मनोचिकित्सकीय सहायता, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण और परीक्षा में अनियमितता के मामलों को संभालने के लिए अधिक मानवीय प्रक्रिया जैसी बातें शामिल हैं। आईआईटी बॉम्बे के निदेशक ने छात्रों के साथ बातचीत के बाद इस चार्टर पर हस्ताक्षर किए, हालांकि संस्थान की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया कि आगे की कार्रवाई निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगी। यहीं से इस पूरे प्रकरण का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष सामने आता है। क्या शिक्षा संस्थान में अनुशासन और मानवीय संवेदना एक-दूसरे के विरोधी हैं? निश्चित रूप से नहीं। परीक्षा में नकल, मोबाइल का अनुचित इस्तेमाल अथवा एआई के माध्यम से अनुचित सहायता लेना शिक्षा की विश्वसनीयता के लिए गंभीर चुनौती है। यदि उच्च शिक्षण संस्थान ऐसी अनैतिकताओं को रोकने में असफल होते हैं तो डिग्री, शोध और प्रतिभा की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। लेकिन दूसरी ओर अनुशासनात्मक कार्रवाई ऐसी होनी चाहिए जिसमें आरोप की निष्पक्ष जांच, छात्र को अपनी बात रखने का अवसर, अपील की व्यवस्था और मानसिक स्थिति को समझने की संवेदनशीलता शामिल हो। अपराध या अकादमिक कदाचार को नजरअंदाज करना भी गलत है और किसी छात्र को बिना समुचित प्रक्रिया के सामाजिक रूप से दोषी ठहरा देना भी।

आज एआई ने शिक्षा के सामने एक बिल्कुल नई चुनौती खड़ी कर दी है। चैटजीपीटी जैसे उपकरण ज्ञान प्राप्त करने, शोध करने और सीखने में उपयोगी हो सकते हैं, लेकिन परीक्षा में अनुचित तरीके से इनका इस्तेमाल शैक्षणिक ईमानदारी का प्रश्न बन जाता है। इसलिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं होंगे। विश्वविद्यालयों को यह स्पष्ट करना होगा कि एआई का उपयोग कहां स्वीकार्य है, कहां निषिद्ध है और उल्लंघन की स्थिति में कौन-सी पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। शिक्षकों को भी केवल दंड देने वाले अधिकारी की भूमिका से आगे बढ़कर मार्गदर्शक की भूमिका निभानी होगी। साहिल प्रकरण ने जातिगत भेदभाव के आरोपों को भी चर्चा के केंद्र में ला दिया है। परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है, जबकि संस्थान की ओर से यह कहा गया कि छात्र ने पहले एससी/एसटी सेल या प्रशासन के समक्ष ऐसी शिकायत नहीं की थी। इन दोनों पक्षों में से सत्य क्या है, इसका निर्णय जांच के बाद ही हो सकता है। लेकिन इससे एक व्यापक तथ्य सामने आता है-किसी भी विद्यार्थी को अपनी जाति, आर्थिक स्थिति, भाषा, क्षेत्र या सामाजिक पृष्ठभूमि के कारण स्वयं को अकेला या असुरक्षित महसूस नहीं होना चाहिए। भारत में उच्च शिक्षा को लेकर नियामकीय ढांचा भी लगातार अधिक जवाबदेही और छात्र-केंद्रित व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। यूजीसी की 2023 की छात्र शिकायत निवारण संबंधी नियमावली के साथ-साथ 2026 में प्रमोशन आफ इक्विटी इन हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन भी सूचीबद्ध हैं। इसका मूल उद्देश्य यही होना चाहिए कि विद्यार्थी के अधिकार सुरक्षित रहें, शिकायतों का स्वतंत्र और समयबद्ध निवारण हो तथा संस्थान अपनी जिम्मेदारी से बच न सकें। लेकिन यहां एक सावधानी भी आवश्यक है।

# न्याय पर बोझ

त्वरित न्याय ही वास्तविक न्याय होता है और त्वरित न्याय के लिए पूरे संसाधन और पर्याप्त न्यायाधीश भी होने चाहिए। अतः अपने देश के प्रधान न्यायाधीश का यह इशारा स्वाभाविक और स्वागतयोग्य है कि न्यायपालिका पर बहुत बोझ है और पर्याप्त संख्या में अदालतें होंगी, तो ही न्याय संभव है। बीते वर्ष से ही देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाइयों के दौरान ट्रिब्यूनल में रिक्त पदों का मुद्दा उठता रहा है। शीर्ष अदालत की नाराजगी भी सामने आती रही है। यह अपने आप में गंभीर बात है कि देश के प्रधान न्यायाधीश न्यायपालिका में कमी को लेकर एकाधिक बार अपनी राय रख चुके हैं। प्रधान न्यायाधीश ने शुक्रवार को तेलंगाना स्टेट ज्युडिशियल कॉन्फ्रेंस 2022 को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यन्यायपालिका का बुनियादी ढांचा और रिक्त पदों पर भर्तियां चिंता का मुख्य विषय हैं। न्याय तक पहुंच तभी संभव है, जब हमें पर्याप्त संख्या में अदालतें मिलेंगी।

यह अपने आप में बेहद संवेदनशील विषय है कि न्यायपालिका में नियुक्तियों में देरी हो रही है। सरकार को देखना चाहिए कि बाधा कहां है? अदालतों ने पहले भी न्यायपालिका के विस्तार का पक्ष लिया है, लेकिन प्रशासन बहुत सजग नहीं दिखता। भारतीय न्यायपालिका पर जो बोझ है, वैसा दुनिया की किसी न्यायपालिका पर नहीं है। अभी भी मामलों को न्याय तक पहुंचने में तीस-चालीस साल भी लग जा रहे हैं। पुराने मुकदमों का निपटारा जल्दी नहीं हो रहा है और नए मुकदमे बढ़ते जा रहे हैं। यह बात अलग है कि कई मुकदमे प्रशासन की कमियों की वजह से हैं। खासकर गैर-फौजदारी मामलों में बहुत कमी आ सकती है, लेकिन प्रशासन का काम करने का तरीका निचले स्तर पर अपेक्षित गति से सुधर नहीं रहा। अदालतों के कागजी कामकाज का विस्तार भी लगातार हो रहा है, अतः न्याय में देरी ज्यादातर मामलों में एक सच्चाई है। न्याय में देरी से कुछ लोगों को फायदा होता है, लेकिन कुल मिलाकर शासन-प्रशासन की छवि खराब होती है। आम लोगों की नजर में न्याय या अन्याय अंततः सरकार की जिम्मेदारी है। फिर भी कोई भी राजनीतिक दल त्वरित न्याय को लेकर चिंतित नहीं दिखता। किसी के भी घोषणापत्र में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की कोई रूपरेखा नहीं होती है। ऐसे में, हमारे न्यायाधीशों की शिकायत जायज है। क्या हमारी राजनीतिक पार्टियां लोगों को त्वरित न्याय का वादा नहीं कर सकती हैं? क्या यह लोकहित का मामला नहीं है?

आज न्यायपालिका का विस्तार जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसमें समय के साथ आंतरिक सुधार। एक अनुमान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय में साल भर में 200 दिन भी सुनवाई नहीं होती है। उच्च न्यायालयों में करीब 210 दिन और निचली अदालतों में करीब 245 दिन ही काम होता है। सर्वोच्च न्यायालय में करीब 73,000 मामले और भारत की सभी अदालतों में लगभग 4.40 करोड़ मामले लंबित हैं। मुकदमों की संख्या में हर साल बढ़ोतरी हो रही है। नीति आयोग के एक रणनीति पत्र के मुताबिक, अदालतों को तमाम दर्ज मामले सुलझाने में अभी के हिसाब से करीब 324 साल से अधिक समय लग जाएगा। हजारों मामले तीस-तीस साल से लंबित हैं। अतः न्यायपालिका के बोझ को हल्का करने और उसे त्वरित न्याय की दिशा में प्रेरित करने के भगीरथ प्रयासों की जरूरत है। त्वरित न्याय समाज में सुख-शांति और कानून के राज के लिए भी जरूरी है।

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56,120



# 'मैथिली ठाकुर विधायक हैं, इसलिए रात में घूम सकती हैं', प्रशांत किशोर ने जमुई कांड पर किया रिएक्ट



**पटना (एजेंसी)** बिहार के जमुई जिले में छात्रा से बदसलूकी मामले में लगातार बयानबाजी हो रही है. इस बीच बांकीपुर के विधायक प्रशांत किशोर ने इस मामले में कहा, यह भयावह घटना है. इतना ही नहीं, इस मुद्दे को लेकर उन्होंने विधायक मैथिली ठाकुर पर भी तंज कसा. बिहार के जमुई जिले में छात्रा के साथ बदसलूकी मामले में मंगलवार को आरोपी नंदन यादव का एनकाउंटर किया गया. इस मामले के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है. ऐसे में बांकीपुर के विधायक प्रशांत किशोर ने मीडिया के सामने प्रतिक्रिया दी. प्रशांत किशोर ने कहा, नीट की छात्रा का रेप-हत्या, बेगूसराय की लड़की को होटल से खींचने या जमुई की घटना, यह दिखाता है कि सरकार का दावा बिहार को अपराध मुक्त बनाना नहीं बल्कि अपराध युक्त बनाना है. मैथिली ठाकुर और पुलिस प्रशासन को निशाने पर लिया इस मामले को लेते हुए प्रशांत किशोर ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए. इसके साथ ही अलीनगर की विधायक मैथिली ठाकुर पर भी हमला बोला. मैथिली ठाकुर जिस तरह से सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल हो रहीं हैं, उसे लेकर ही प्रशांत किशोर ने तंज कसा. मैथिली ठाकुर पर किया हमला प्रशांत किशोर ने मीडिया के सामने कहा, जिस मैथिली ठाकुर को आइकन बनाकर दरभंगा की जनता ने वोट दिया और जिताया, वे अब अंबानी के परिवार के गणेश उत्सव में जाकर परफॉर्म कर रहीं हैं. लेकिन दूसरी तरफ, उनके क्षेत्र में कई लोग बाढ़ से प्रभावित हैं औप परेशानी झेल रहे हैं. साथ ही अपराध जैसी घटनाओं की परेशानी भी झेल रहे हैं. आगे पीके ने यह भी कहा, माथिली ठाकुर ज्ञान दे रही हैं कि देखिए 12 बजे रात में भी बिहार में आप अकेले घूम सकते हैं. लेकिन आपको बता दें कि आप रात में घूम सकती हैं, क्योंकि आप विधायक हैं. कोई सामान्य लड़की रात में 12 बजे घूम सकती हो, ऐसा मुझे लगता नहीं है. बिहार में तो आज लड़कियों की बात छोड़ दीजिए, लड़के भी 12 बजे रात में घूमने से पहले दो बार सोच रहे हैं. शराब और बालू माफियाओं को भी निशाने पर लिया आगे मीडिया से बातचीत के दौरान प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि वीडियो वायरल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही जा रही है लेकिन अगर आरोपितों ने पूरी घटना का वीडियो नहीं बनाया होता तब घटना की जानकारी कैसे सामने आती? वीडियो वायरल होने के बाद ही घटना के बारे में जानकारी मिली. उन्होंने आरोप लगाया कि वीडियो वायरल करने वालों पर कार्रवाई की बात होती है लेकिन अपराध करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती. इस दौरान उन्होंने बालू और शराब माफियाओं को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा.

# मनेर में एक साथ चार घरों को बनाया निशाना, लाखों के जेवरात और नकदी ले गये चोर



**पटना (एजेंसी)** मनेर के छितनावा गांव में रात में 4 घरों में चोरी हुई. चोर लाखों के जेवरात और नकदी लेकर भागे. पुलिस मामले की जांच कर रही है. ढंइल्लं ठी६२ : मनेर थाना क्षेत्र की खासपुर पंचायत के छितनावा गांव में अज्ञात चोरों ने एक ही रात में चार घरों को निशाना बनाया. चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गये. घटना की जानकारी मंगलवार की सुबह घरवालों के जागने पर हुई. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. अलमारी और बक्से के लॉकर तोड़कर चोरी बताया जाता है कि छितनावा गांव निवासी सुधांशु कुमार और रिंटू कुमार यादव के परिवार के सदस्य सोमवार की रात घर में सोये हुए थे. इसी दौरान अज्ञात चोर किसी तरह घर में दाखिल हो गये और दोनों घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया. सुधांशु कुमार के घर में चोरों ने अलमारी और बक्से के लॉकर तोड़कर करीब चार लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 1.20 लाख रुपये नकद चोरी कर लिये. वहीं, रिंटू कुमार यादव के घर में भी अलमारी और लॉकर तोड़कर करीब 10 से 12 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने और हजारों रुपये नकद चोरी किये जाने की बात सामने आयी है. रातभर घर खंगालते रहे चोर परिजनों के अनुसार, चोरों ने दोनों घरों में काफी देर तक सामान खंगाला, लेकिन किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी. मंगलवार की सुबह जब घर के लोगों की नींद खुली तो अलमारी और बक्सों के लॉकर टूटे मिले. घर का सामान भी बिखरा पड़ा था. इसके बाद परिवार के सदस्यों ने मनेर पुलिस को घटना की जानकारी दी. दो अन्य घरों में भी चोरी ग्रामीणों के अनुसार, छितनावा गांव में ही मंटी शर्मा और भूषण सिंह के घर में भी चोरों ने चोरी की है. इस तरह एक ही रात में चार घरों में चोरी की घटना से गांव में चर्चा का माहौल है. हालांकि, इन दोनों घरों से चोरी गयी संपत्ति का विस्तृत आकलन अभी सामने नहीं आया है. पुलिस पेट्रोलिंग पर ग्रामीणों ने उठाये सवाल घटना के बाद ग्रामीणों में पुलिस गश्ती को लेकर नाराजगी है.

# 6 क्विंटल गांजा तस्करी में दो दोषियों को 13-13 साल की सजा, एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया

**पटना (एजेंसी)** पटना में 6 क्विंटल गांजा तस्करी के मामले में दो दोषियों को 13-13 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है. अदालत ने दोनों पर एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है. पटना में एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत ने 6 क्विंटल 7 किलोग्राम गांजा तस्करी के मामले में मंगलवार को दो दोषियों को 13-13 वर्षों के सश्रम कारावास की सजा सुनायी. अदालत ने दोनों पर एक-एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है. पटना सिविल कोर्ट स्थित एनडीपीएस एक्ट की विशेष अदालत संख्या-2 ने सुनवाई पूरी करने के बाद उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के कंधारी गांव निवासी विक्की शर्मा और उपेंद्र कुमार यादव को एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देते हुए यह सजा सुनायी. जुमार्ना नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त कारावास अदालत के आदेश के अनुसार, जुमार्ने की राशि जमा नहीं करने पर दोनों दोषियों को छह-छह माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी. एनएच-30 से गांजा के साथ हुई थी गिरफ्तारी मामले के विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली थी कि गांजा की बड़ी खेप पटना लायी जा रही है. सूचना के आधार पर एनसीबी की टीम ने पटना जिले में पटना-बख्तियारपुर मुख्य राज्य मार्ग स्थित एनएच-30 पर कार्रवाई की. अभियोजन के अनुसार, इसी दौरान दोनों आरोपितों को 6 क्विंटल 7 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया था. गांजा की यह खेप ओड़िसा के संबलपुर से पटना लायी जा रही थी. छह गवाहों के बयान और 32 दस्तावेज पेश किये विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने आरोप साबित करने के लिए अदालत में छह गवाहों के बयान दर्ज कराये. इसके अलावा मामले से संबंधित 32 दस्तावेज भी अदालत के समक्ष पेश किये गये. सुनवाई के बाद अदालत ने दोनों आरोपितों को दोषी करार देते हुए 13-13 वर्ष के सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनायी.

# पीएमसीएच में कैंसर मरीजों के ऑपरेशन के बाद अब होगी रेडियोथेरेपी, लीनियर एक्सीलेटर मशीन की खरीद का रास्ता साफ




**पटना (एजेंसी)** पीएमसीएच में कैंसर मरीजों के लिए अब ऑपरेशन के साथ रेडियोथेरेपी की सुविधा भी उपलब्ध होगी। लीनियर एक्सीलेटर मशीन से ट्यूमर पर सीधा रेडिएशन होगा। पटना पीएमसीएच में कैंसर मरीजों के ऑपरेशन के साथ अब रेडियोथेरेपी (सिंकाई) की सुविधा भी उपलब्ध होने का रास्ता साफ हो गया है. इसके लिए अस्पताल में आधुनिक लीनियर एक्सीलेटर मशीन स्थापित की जायेगी. सूत्रों के अनुसार, मशीन की खरीद अब टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के माध्यम से नहीं, बल्कि बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमआइसीएल) खुद करेगा. मशीन की स्थापना के बाद इसके संचालन के लिए अलग से कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी. पहले टाटा मेमोरियल के दिशा-निर्देश पर होनी थी खरीद पीएमसीएच में कैंसर मरीजों के इलाज की सुविधा को विस्तार देने के लिए लीनियर एक्सीलेटर मशीन खरीदने की योजना पहले से बनायी गयी थी. शुरूआत में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के दिशा-निर्देश के अनुसार मशीन खरीदने की बात थी. लेकिन हाल में हुई बैठकों के बाद व्यवस्था में बदलाव किया गया है. अब बीएमआइसीएल मशीन की खरीद कर उसे पीएमसीएच में उपलब्ध करायेगा. ट्यूमर वाले हिस्से पर सीधे डाला जायेगा रेडिएशन कैंसर रोग विशेषज्ञों के अनुसार, आधुनिक लीनियर एक्सीलेटर मशीन से ट्यूमर वाले हिस्से को लक्षित कर रेडिएशन दिया जा सकेगा. इससे आसपास की स्वस्थ कोशिकाओं पर रेडिएशन के दुष्प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी. मशीन के पीएमसीएच में स्थापित होने के बाद कैंसर मरीजों को रेडियोथेरेपी के लिए दूसरे संस्थानों में जाने की जरूरत काफी कम हो सकती है. ऑपरेशन के बाद दूसरे संस्थानों का लेना पड़ता है सहारा पीएमसीएच में ब्रेस्ट कैंसर समेत कुछ अन्य प्रकार के कैंसर के मरीजों का ऑपरेशन शुरू किया जा चुका है. फिलहाल ऑपरेशन के बाद रेडियोथेरेपी की जरूरत वाले मरीजों को निजी अस्पतालों के अलावा आइजीआइएमएस, एम्स पटना या महावीर कैंसर संस्थान जाना पड़ता है. पीएमसीएच में रेडियोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है.

## संक्षिप्त डायरी

### बक्सर स्टेशन पर RPF का भेष, यात्री का अपहरण और फिर हत्या, मोबाइल ऑन होते ही पकड़ा गया आरोपी



**पटना (एजेंसी)** बक्सर रेलवे स्टेशन से आरपीएफ जवान बनकर रेल यात्री नितिन कुमार का अपहरण कर हत्या कर दी गई. 24 घंटे में शव बरामद हुआ और वाराणसी से आरोपी गिरफ्तार किया गया. बक्सर रेलवे स्टेशन से एक रेल यात्री के अपहरण और हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है. आरोप है कि अपराधी ने आरपीएफ जवान बनकर यात्री नितिन कुमार का अपहरण किया. इसके बाद आरा के जगजीवन हाल्ट के समीप उसकी हत्या कर शव रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया. मंगलवार को शव बरामद होने के बाद रेल पुलिस ने जांच तेज की और वाराणसी से आरोपी रोहित दुबे को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार की है. पहले आरपीएफ का नाम लेकर किया फोन वैशाली जिले के चांदसराय गांव निवासी मुकेश राय का पुत्र नितिन कुमार हैदराबाद में मजदूरी करता था. वह 19 सितंबर को हैदराबाद-दानापुर स्पेशल ट्रेन से दानापुर के लिए रवाना हुआ था. 20 सितंबर की रात करीब 10 बजे उसने परिजनों को फोन कर बताया कि वह बक्सर पहुंचने वाला है. इसके कुछ देर बाद नितिन ने फिर फोन किया और बताया कि आरपीएफ ने उसे पकड़ लिया है. 10 हजार से शुरू हुई मांग, फिर मांगे 20 हजार नितिन ने परिजनों से कहा कि उसे छोड़ने के एवज में 10 हजार रुपये मांगे जा रहे हैं. इसके बाद सुबह फिर 20 हजार रुपये की मांग की गई. लेकिन इसके कुछ ही देर बाद नितिन का मोबाइल फोन बंद हो गया. परिजनों की चिंता बढ़ी तो उन्होंने बक्सर रेल पुलिस से संपर्क किया. 24 घंटे में बरामद हुआ शव मामले की गंभीरता को देखते हुए रेल पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की. जांच के दौरान पुलिस को नितिन की हत्या किए जाने का सुराग मिला. इसके बाद आरा के जगजीवन हाल्ट के समीप रेलवे ट्रैक से उसका शव बरामद किया गया. शव मिलने के बाद अपहरण और हत्या का मामला और गहरा गया. वाराणसी में छिपा था आरोपी, पुलिस ने बिछाया जाल जांच के दौरान पुलिस को आरोपी की लोकेशन वाराणसी में मिली. इसके बाद आरपीएफ और जीआरपी की बक्सर, आरा और दिलदारनगर की संयुक्त टीम ने मंगलवार सुबह एक होटल की घेराबंदी की. हालांकि आरोपी ने अपना मोबाइल बंद कर दिया था. पुलिस उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए रही. मोबाइल ऑन होते ही पुलिस ने दबोचा काफी देर तक मोबाइल बंद रखने के बाद जैसे ही आरोपी ने उसे ऑन किया, पुलिस को उसकी लोकेशन मिल गई. इसके बाद टीम ने उसे धर दबोचा. गिरफ्तार आरोपी की पहचान भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बरीसवन गांव निवासी रोहित दुबे के रूप में हुई है. पूछताछ में हत्या की बात स्वीकारने का दावा रेल एसपी अनंत कुमार राय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस के अनुसार, पूछताछ में रोहित दुबे ने नितिन की हत्या करने की बात स्वीकार की है. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हत्या के पीछे की परिस्थितियों को खंगाला जा रहा है.

# बैंक कस्टमर केयर का हूबहू नंबर खरीदा, ग्राहक खुद फोन करता व ठग खाली कर देते थे खाता, 3 करोड़ की ठगी का खुलासा



**पटना (एजेंसी)** लाखों रुपये देकर खरीदे मिलते-जुलते नंबर से ठगी. ग्राहक खुद कॉल करते थे और फंस जाते थे. पटना पुलिस ने 4 को दबोचा, 3 करोड़ से अधिक का खुलासा. पटना में साइबर ठगी का एक नया तरीका सामने आया है. ठग ग्राहकों को फोन नहीं करते थे, बल्कि बैंक के कस्टमर केयर नंबर से हूबहू मिलता-जुलता मोबाइल नंबर लाखों रुपये देकर हासिल करते थे. इसके बाद बैंक ग्राहक किसी समस्या के समाधान के लिए इंटरनेट या अन्य माध्यम से मिले इस नंबर पर खुद फोन करता था. कॉल रिसीव करने के बाद ठग बैंक का कस्टमर केयर कर्मी बनकर ग्राहक को अपने जाल में फंसा लेते थे. पटना साइबर थाना और साइबर अपराध एवं सुरक्षा इकाई की संयुक्त कार्रवाई में गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार, अब तक तीन करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है. असली नंबर के आगे से हटाकर बनाते थे मिलता-जुलता नंबर पुलिस के अनुसंधान में सामने आया है कि गिरोह एक्सिस बैंक के कस्टमर केयर नंबर के शुरूआती अंक को हटाकर उससे मिलता-जुलता नंबर हासिल करता था. पुलिस इन नंबरों पर ग्राहक अपनी बैंकिंग समस्या के समाधान के लिए खुद फोन करते थे. इसके बाद आरोपी बैंक कर्मी बनकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, रिवार्ड प्वाइंट और बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर ग्राहकों से जरूरी जानकारी हासिल करते थे. इसके बाद इसी जानकारी के आधार पर ठगी की जाती थी. 70 हजार से डेढ़ लाख रुपये में खरीदते थे नंबर गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि कस्टमर केयर जैसा दिखने वाला नंबर हासिल करने के लिए 70 हजार से डेढ़ लाख रुपये तक खर्च किये जाते थे. आरोपित कंकड़बाग स्थित एक मोबाइल कंपनी के स्टोर से जुड़े वितरकों से सिम खरीदते थे. इस मामले में सिम बेचने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस उसकी भूमिका की भी जांच कर रही है. पुलिस को पुणे से भी सिम खरीदने के साक्ष्य मिले हैं. संदिग्ध नंबर की तकनीकी जांच से खुला मामला पटना साइबर डीएसपी संगीता के अनुसार, 20 सितंबर को एक संदिग्ध नंबर की तकनीकी जांच की गयी. इसकी लोकेशन ट्रांसपोर्ट नगर, कंकड़बाग मिली. इसके बाद पुलिस ने वहां से शेखपुरा निवासी प्रतोष कुमार को गिरफ्तार किया. पूछताछ में प्रतोष ने पुलिस को बताया कि नालंदा के गुड्डू कुमार और अंशु कुमार उसे मोबाइल और सिम उपलब्ध कराते थे. इसके बाद पुलिस ने दोनों को बिहारशरीफ से गिरफ्तार कर लिया. उनकी निशानदेही पर कंकड़बाग से विक्की कुमार को पकड़ा गया. पुलिस के अनुसार, विक्की ही हूबहू मिलता-जुलता मोबाइल नंबर उपलब्ध कराता थां. जांच के जरिए ठगी की वास्तविक रकम और गिरोह के पूरे नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि इस तरीके से गिरोह ने कितने बैंक ग्राहकों को अपना निशाना बनाया है.

# पटना-पूर्णिया समेत 6 जिलों में सफर होगा आसान, 400 इलेक्ट्रिक बसें चलाने के लिए BSRTC की तैयारी तेज

**पटना (एजेंसी)** बिहार के 6 प्रमुख जिलों में सफर आसान होने वाला है. 6 जिलों में 400 इलेक्ट्रिक बसें चलाने का निर्णय लिया गया और इसे लेकरकी ओर से तैयारी भी तेज कर दी गई है. बसों के आसानी से चलाने को लेकर चार्जिंग स्टेशन भी तैयार किया जा रहा है. पटना, पूर्णिया, भागलपुर समेत 6 जिलों के लोगों के लिए जरूरी खबर है. पीएम ई-बस योजना के तहत राज्य के 6 प्रमुख शहरों को टोटल 400 इलेक्ट्रिक बसें मिलने जा रही हैं. इनमें अकेले पटना को 150 बसें मिलेंगी, जबकि गयाजी, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, पूर्णिया और दरभंगा को 50-50 ई-बसें दी जायेंगी. इन बसों के सड़क पर उतरने के बाद रोजाना बस से सफर करने वाले यात्रियों को न सिर्फ आधुनिक परिवहन का ऑप्शन मिलेगा, बल्कि शहरों में पॉल्यूशन कम करने को लेकर भी खास पहल मानी जा रही है. 200 छोटी और 200 बड़ी ई-बसें चलाई जायेंगी जानकारी के मुताबिक, योजना के तहत मिलने वाली 400 बसों में 200 बसें नौ मीटर और 200 बसें 12 मीटर लंबी होंगी. पटना में 75 नौ मीटर और 75 बारह मीटर की बसें चलेंगी. जबकि गयाजी, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, पूर्णिया और दरभंगा में 25-25 नौ मीटर और 25-25 बारह मीटर की बसें संचालित की जाएंगी. इस तरह से शहर के हिसाब से बसों की क्षमता और रूट की जरूरत को ध्यान में रखते हुए परिवहन नेटवर्क तैयार किया जाएगा. बसों के परिचालन से पहले तैयार हो रहा चार्जिंग स्टेशन ई-बसों को सड़क पर उतारना सिर्फ बस खरीदने तक सीमित नहीं है. इनके संचालन के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार किया जा रहा है. पटना डिपो में चार्जिंग स्टेशन बन चुका है, जबकि मुजफ्फरपुर में निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है. अन्य शहरों में भी चार्जिंग स्टेशन तैयार करने का काम चल रहा है. बिहार से जुड़ी अन्य ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें पटना में बढ़ेगा ई-बसों का नेटवर्क पटना में पहले से ई-बस सेवा चल रही है. अलग-अलग रूटों पर फिलहाल 25 ई-बसें संचालित हैं

# यूपी चुनाव में 60 सीटों पर JDU की तैयारी, वाराणसी से निशांत कुमार करेंगे चुनावी अभियान की शुरुआत



**पटना (एजेंसी)** 2027 यूपी विधानसभा चुनाव के लिए खउ्र ने 60 सीटों पर तैयारी तेज कर दी है, खासकर पूर्वांचल पर फोकस है. जानें पार्टी की रणनीति और गठबंधन की स्थिति. उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर जनता दल यूनाइटेड (JDU) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. पार्टी की ओर से करीब 60 विधानसभा सीटों पर तैयारी करने की बात कही गई है. पार्टी का फोकस खास तौर पर पूर्वांचल और उन सीटों पर है, जहां कुर्मी और कुशवाहा समुदाय की आबादी प्रभावी मानी जाती है. जदयू उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के साथ चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुकी है. हालांकि, सीटों के बंटवारे को लेकर अंतिम फैसला अभी सामने नहीं आया है. जदयू के यूपी प्रभारी और बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि गठबंधन पर बातचीत चल रही है. अगर सहमति नहीं बनती है तो पार्टी करीब 50 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ सकती है. वाराणसी से होगा चुनावी आगाज पार्टी के कार्यक्रम के मुताबिक 25 अक्टूबर को वाराणसी में जदयू का कार्यकर्ता सम्मेलन प्रस्तावित है. इस कार्यक्रम में निशांत कुमार के शामिल होने की बात कही गई है. पार्टी इस कार्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश में अपने संगठन और चुनावी गतिविधियों को आगे बढ़ाने की तैयारी में है. जदयू की ओर से यूपी में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर भी जोर दिया जा रहा है. इससे पहले भी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठकों में 2027 के विधानसभा चुनाव की रणनीति और संगठन विस्तार पर चर्चा हो चुकी है. 60 सीटों पर तैयारी, गठबंधन पर नजर जदयू प्रवक्ता कुंवर अजय सिंह के मुताबिक पार्टी उत्तर प्रदेश की करीब 60 विधानसभा सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है. पार्टी की ओर से कहा गया है कि वह ठऊअ के साथ मिलकर चुनाव लड़ना चाहती है और सीटों के बंटवारे में सम्मानजनक हिस्सेदारी की अपेक्षा रखती है. वहीं श्रवण कुमार ने भी कहा है कि उत्तर प्रदेश में चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारी जारी है और गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है. जदयू ने हाल के महीनों में यूपी में संगठनात्मक गतिविधियां बढ़ाई हैं. अगस्त में श्रवण कुमार ने मेरठ में कार्यकताओं के साथ बैठक कर संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक काम करने पर जोर दिया था. पूर्वांचल की सीटों पर पार्टी का फोकस जदयू की चुनावी तैयारी में पूर्वांचल को महत्वपूर्ण क्षेत्र बताया जा रहा है. पार्टी की ओर से गाजीपुर, बलिया, चंदौली और सोनभद्र जैसे इलाकों में संगठन मजबूत करने की बात कही जा रही है. जदयू नेताओं का कहना है कि बिहार से सटे उत्तर प्रदेश के जिलों में पार्टी के लिए संगठन विस्तार की संभावनाएं हैं. हालांकि, आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी कितनी सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी, यह गठबंधन और सीट बंटवारे पर होने वाली बातचीत के बाद स्पष्ट होगा. निशांत कुमार की बढ़ी राजनीतिक सक्रियता निशांत कुमार हाल के महीनों में जदयू के कार्यक्रमों में सक्रिय नजर आए हैं. उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद संगठन को मजबूत करने और जदयू की नीतियों को लोगों तक पहुंचाने की बात कही थी. हाल में जदयू के एक कार्यक्रम में उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और विधायकों को संबोधित भी किया. इससे पार्टी में उनकी बढ़ती राजनीतिक सक्रियता चर्चा में आई है. अंतिम तस्वीर सीट शेयरिंग के बाद होगी साफ उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 के लिए अभी चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है. ऐसे में जदयू की ओर से बताई गई सीटों की संख्या को फिलहाल पार्टी की चुनावी तैयारी और दावे के तौर पर देखा जाना चाहिए. ठऊअ के भीतर सीटों के बंटवारे पर बातचीत और उम्मीदवारों के चयन के बाद ही पार्टी के चुनाव लड़ने की अंतिम तस्वीर स्पष्ट होगी.

## सिगरेट के शौकीनों को कश लगाना पड़ेगा मंहगा.....गोल्ड फ्लेक सिगरेट हुई महंगी

मुंबई।

देश की सबसे बड़ी सिगरेट निर्माता कंपनी आईटीसी ने अपने मशहूर ब्रांड गोल्ड फ्लेक सिगरेट की कीमतों में फिर बढ़ोतरी की है। यह वृद्धि गोल्ड फ्लेक प्रीमियम और इसके संबंधित वेरिएंट्स पर लागू हुई है, इससे अब 10 और 20 सिगरेट वाले पैकेट महंगे हुए हैं। दाम बढ़ने के बाद, 10 सिगरेट के पैक की कीमत 115 से बढ़कर 135 रुपए हो गई है। कंपनी ने इस साल गोल्ड फ्लेक प्रीमियम के दाम में 17.4 प्रतिशत का इजाफा किया है। यानी, अब सिगरेट के शौकीनों को कश लगाने के लिए पहले से अधिक कीमत चुकानी होगी और उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

## 28 से 30 तक राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल, 25 सितंबर तक निपटा लें सभी जरूरी काम

**-26 को शनिवार, 27 को रविवार बंद, पांच दिनों तक बैंक का काम रहेगा प्रभावित**

नई दिल्ली।

अगर बैंक से जुड़ा आपका कोई जरूरी काम बाकी है, तो उसे जल्द से जल्द निपटा लेना आपके लिए बेहतर होगा। पंजाब नेशनल बैंक ने अपने ग्राहकों को सलाह दी है कि वे 28 से 30 सितंबर के बीच प्रस्तावित तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल को देखते हुए 25 सितंबर तक अपनी शाखा से जुड़े सभी जरूरी काम पूरे कर लें। बैंक ने अपने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि हड़ताल में शाखाओं में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं।

यह हड़ताल 28 से 30 सितंबर तक है, लेकिन इससे पहले 26 सितंबर को चौथा शनिवार और 27 सितंबर को रविवार है। इसका मतलब है कि लगातार पांच दिनों तक बैंक शाखाओं में काम प्रभावित हो सकता है। ऐसे में बैंक के काम अंतिम समय तक न टालें। हड़ताल के दौरान शाखाओं पर कामकाज प्रभावित होने की स्थिति में ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि पीएनबी ने स्पष्ट किया है कि ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एटीएम, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाएं उपलब्ध रखने की पूरी कोशिश की जाएगी।

## सोने और चांदी की कीमतों में तेजी



नई दिल्ली ।

घरेलू बाजार में बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी आई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर पहुंच गया है। दूसरी ओर चांदी की कीमतों में भी तेजी रही और ये 2.41 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के करीब पहुंच गयी है। प्राप्त जानकारों के अनुसार, सोने की कीमतों में इसह तेजी का कारण पिछले कुछ दिनों से इसमें लगातार को रही बढ़त है। एमसीएक्स पर बीते कारोबारी सत्र में सोना 696 रुपये की बढ़त के साथ 1,52,716 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को सुबह बाजार खुलते ही सोने में करीब 80 रुपये की तेजी दिखी और यह सिलसिला जारी रहा। सुबह 10.50 बजे तक सोने का वायदा भाव 74 रुपये और बढ़कर 1,52,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह कीमत 24 कैरेट यानी 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने के लिए है, जो निवेशकों और खरीदारों के लिए एक महत्वपूर्ण मानक होता है।

इसके अलावा चांदी में भी काफी तेजी दर्ज की गयी। सोने की तुलना में चांदी में तो एक हजार रुपये के आसपास का उछाल दिख रहा है। आज सुबह चांदी के वायदा भाव में 900 रुपये से भी अधिक की तेजी दर्ज की गई थी। सुबह 10.50 बजे तक यह उछाल थोड़ा कम होकर 729 रुपये पर आ गया। इसके बाद एमसीएक्स पर चांदी 2,40,642 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी।

जानकारों का कहना है कि आने वाले त्यौहारी सीजन को देखते हुए कीमतों में और तेजी आ सकती है। वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और मजबूत मांग के चलते आने वाले समय में भी इन कीमती धातुओं के दाम ऊपर बने रह सकते हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 299, निफ्टी 117 अंक उछल**

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। इससे जिससे निवेशकों ने राहत की सांस ली है। बाजार में लौटी रौनक के पीछे वैश्विक स्तर पर उभरते सकारात्मक संकेतों के साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में आई स्थिरता को भी माना जारहा है। अमेरिका और ईरान के बीच दोबारा बातचीत शुरू होने की उम्मीदों ने भू-राजनीतिक तनाव में कमी आने की संभावना जताई। इन अनुकूल घटनाक्रमों ने घरेलू निवेशकों की धारणा को मजबूत किया और खरीदारी का माहौल बना, जिसके चलते बाजार के दोनों प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक शानदार बढ़त के साथ बंद हुए।इस सकारात्मक रुख के चलते, कारोबार के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 299.17 अंकों की शानदार बढ़त के साथ ही 74,828.25 के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का बेंचमार्क निफ्टी भी 117.80 अंक उछलकर 23,446.80 के स्तर पर बंद हुआ। ।बड़े शेयरों के साथ-साथ, मिडकैप शेयरों में भी पूरे दिन अच्छी-खासी तेजी देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 50 सूचकांक भी 101 अंकों की प्रभावशाली बढ़त के साथ 17,979.65 अंक पर बंद हुआ। यह दिखाता है कि निवेशकों की रुचि केवल बड़े शेयरों तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि मझोले आकार की कंपनियों में भी वह निवेश कर रहे थे। शीर्ष लाभ कमाने वाले शेयरों में सेल (6.57 फीसदी की बढ़त के साथ सबसे आगे रहा, जिसके बाद पीबी फिनटेक ने 4.23 फीसदी और 360 वन वाम ने 3.86 फीसदी की वृद्धि दर्ज की। इन कंपनियों के शेयरों में आई उछाल ने संबंधित क्षेत्रों में सकारात्मक भावनाओं को बल दिया। इनके अलावा, बंधन बैंक के शेयरों में 3.62 फीसदी और मोतीलाल ओसवाल में 3.53 फीसदी की तेजी ने भी निवेशकों का ध्यान खींचा।हालांकि, एक मजबूत दिन के बावजूद, कुछ शेयर दबाव में रहे और लाल निशान पर बंद हुए। शीर्ष गिरावट दर्ज करने वाले शेयरों में आइनॉक्स विंड 3.70 फीसदी, एथर एनर्जी 2.88 फीसदी और परसिस्टेंट 2.35 फीसदी की गिरावट के साथ शामिल थे। इसके अतिरिक्त, वन 97 पेटीएम और स्विगी ) के शेयरों में भी क्रमशः 2.17 फीसदी और 1.95 फीसदी की कमी आई। इन शेयरों में गिरावट के पीछे कंपनी-विशिष्ट कारण या निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली हो सकती है, जो बाजार की सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। वहीं इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुला। सुबह सेंसेक्स लगभग 200 अंकों की बढ़त के साथ खुला, वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) निफ्टी में भी तेजी रही।

## चाहकर भी कोई सरकार कृषि उत्पादों की कीमतें तय नहीं कर सकती

**चीनी की कीमतों में उतार-चढ़ाव को लेकर गडकरी ने साफ कर दिया**

नई दिल्ली।

देश में चीनी की कीमतों में उतार-चढ़ाव और चीनी उद्योग द्वारा मिनिमम सपोर्ट प्राइस बढ़ाने की मांग के बीच केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार चीनी या अन्य कृषि उत्पादों के दाम तय नहीं कर सकती। गडकरी ने कहा कि वर्तमान में हम एक वैश्विक अर्थव्यवस्था में हैं, जहां चाहकर भी कोई सरकार कृषि उत्पादों की कीमतें तय नहीं कर सकती। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि चीनी के दाम ब्राजील, मक्के के दाम अमेरिका और पाम ऑयल की कीमतें मलेशिया में तय होती हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहते हुए किसानों के लिए ऐसी मांगों को उठाना आसान होता है, लेकिन सत्ता में रहने पर इन्हें व्यावहारिक रूप से लागू करने में कठिनाइयां होती हैं। वैश्विक बाजार का गणित समझाते हुए उन्होंने बताया कि ब्राजील में 2,000 से 3,000 एकड़ के बड़े फार्म हैं और वहां आधुनिक मशीनों का इस्तेमाल होता है। इस वजह से ब्राजील में चीनी बनाने की लागत महज 23 रुपए प्रति किलो आती है, जबकि भारत में यह लागत 33 से 34 रुपए प्रति किलो पड़ती है। ब्राजील में अतिरिक्त स्टॉक उपलब्ध होते ही भारत में कीमतें अपने आप गिर जाती हैं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गडकरी ने चीनी उद्योग और किसानों को केवल चीनी बिक्री पर निर्भर न रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए गन्ने के अन्य सह-उत्पादों का इस्तेमाल करना जरूरी है।

## दिल्ली में अब बिना वैध सर्टिफिकेट वाहन में नहीं भरी जाएगी सीएनजी

**सुरक्षा के मद्देनजर आईजीएल ने शुरू किया वेरिफिकेशन सिस्टम**

नई दिल्ली।

दिल्ली में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने कई सीएनजी स्टेशनों पर एक ऑटोमेटेड व्हीकल वेरिफिकेशन सिस्टम शुरू किया है, जिसके बाद अब बिना ज्यादा जांच के सीएनजी भरवाना मुश्किल हो सकता है। यह नया सिस्टम तय करेगा कि आपकी गाड़ी में सीएनजी तभी भरी जाए जब आपके सीएनजी सिलेंडर का हाइड्रो-टेस्ट सर्टिफिकेट वैध हो। इस नए सिस्टम के तहत जब कोई वाहन चालक सीएनजी भरवाने पंप पर जाएगा, तो पहले की तरह सीधे सीएनजी नहीं भरी जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक सीएनजी स्टेशन पर लगे कैमरे गाड़ी की नंबर प्लेट स्कैन करेंगे और सिस्टम सीएनजी सिलेंडर से जुड़ी जानकारी की जांच करेगा। यदि सिलेंडर का हाइड्रो-टेस्ट सर्टिफिकेट वैध नहीं पाया जाता है, तो वाहन चालक की गाड़ी में सीएनजी नहीं भरी जाएगी। आईजीएल ने फिलहाल 10 स्टेशनों पर यह ऑटोमेटेड व्हीकल वेरिफिकेशन सिस्टम शुरू किया है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य गैस लीकेज और ब्लास्ट जैसे खतरों को रोकना और सुरक्षा तय करना है। इसलिए, सीएनजी गाड़ी चलाने वालों को यह तय करना होगा कि वे अपने सीएनजी सिलेंडर का हाइड्रो-टेस्ट समय पर करवाएं और उसका सर्टिफिकेट हमेशा वैध रखें। यह आपके और आपकी गाड़ी की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक सीएनजी भरवाने जाने से पहले अपने सिलेंडर के सर्टिफिकेट की वैलिडिटी जांच लेना समझदारी होगी, ताकि आपको कोई परेशानी न हो। एआई सिस्टम की मदद से गाड़ी की जानकारी को सीएनजी सिलेंडर के रिकॉर्ड से मिलाया जाएगा और पीईएसओ के ऑनलाइन पोर्टल से सिलेंडर का सर्टिफिकेट वैध है या नहीं, यह देखा जाएगा।

# स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर के लिए ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स सर्टिफिकेशन जरुरी

**भारत में ऐसे प्रोडक्ट बेचने से पहले कंपनियों को लेनी होगी रेगुलेटरी मंजूरी**

नई दिल्ली।

सरकार ने स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर के लिए ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स सर्टिफिकेशन जरुरी कर दिया है। इसके तहत भारत में ऐसे प्रोडक्ट बेचने से पहले कंपनियों को रेगुलेटरी मंजूरी लेनी होगी। इस कदम से खराब क्वालिटी वाले स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर की बिक्री पर रोक लगने और ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम जैसी घरेलू कंपनियों को मदद मिलने की उम्मीद है, जिन्होंने भारत में प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। 21 सितंबर को जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी गुड्स ऑर्डर, 2021 के नियम उन सामानों या चीजों पर लागू होंगे जो स्मार्टफोन के लिए स्क्रीन प्रोटेक्टर में बताए गए हैं।

इस नोटिफिकेशन के ज़रिए इन्हें ऑर्डर की लिस्ट में जोड़ा गया है, ताकि ये कॉलम 3 में बताए गए संबंधित भारतीय स्टैंडर्ड के अनुरूप हों। यह नियम 1 अप्रैल 2027 से लागू होगा।

स्मार्टफोन स्क्रीन प्रोटेक्टर इस नियम के तहत नोटिफाई की जाने वाली 66वीं चीज है। इस लिस्ट में शामिल अन्य चीज़ों में स्मार्टफोन, लैपटॉप, मोबाइल और लैपटॉप चार्जर, एलईडी टेलीविज़न, माइक्रोवेव ओवन, प्रिंटर और सेट-टॉप बॉक्स वगैरह शामिल हैं। स्क्रीन प्रोटेक्टर के लिए जरूरी बीआईएस स्टैंडर्ड लागू करना इस कैटेगरी के लिए एक अहम पड़ाव है और यह क्वालिटी पर आधारित मेड-इन-इंडिया इकोसिस्टम बनाने की दिशा में एक स्वागत योग्य कदम है।

ऑप्टिएमस ने नोएडा में एक प्रोडक्शन यूनिट लगाई है, जहां अमेरिकी मटीरियल टेक्नोलॉजी कंपनी कॉर्निंग की टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके टेम्पर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर बनाए जाएंगे। कंपनी को उम्मीद है कि जनवरी 2027 से इनकी शिपिंग शुरू हो जाएगी।

कंपनी को चालू वित्त वर्ष में अपने टेम्पर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर बिज़नेस से 1,800-2,000 करोड़ रुपए का रेवेन्यू मिलने की उम्मीद है। मोबाइल डिवाइस बनाने वाली कंपनियों के संगठन आईसीईए के चेयरमैन ने कहा कि 1 अप्रैल 2027 से जरूरी बीआईएस सर्टिफिकेशन लागू होने से ग्राहकों को घटिया क्वालिटी वाले प्रोडक्ट से सुरक्षा मिलेगी और साथ ही घरेलू मैन्युफैक्चरर्स और ग्लोबल कंपनियों के लिए समान अवसर तैयार होगा।उन्होंने कहा कि सालाना 50 करोड़ से ज़्यादा यूनिट के मार्केट के साथ यह कदम 12,000-16,000 करोड़ रुपए की क्वालिटी-बेस्ड इंडस्ट्री को बढ़ावा देगा।

करीब 60,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगा और जीएसटी रेवेन्यू में अनुमानित 2,000 करोड़ रुपए का योगदान देगा।

इससे स्क्रीन प्रोटेक्टर के लिए ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट हब के तौर पर भारत की क्षमता भी मज़बूत होगी। अनुमान है कि 2025 में टेम्पर्ड ग्लास स्क्रीन प्रोटेक्टर का घरेलू मार्केट 40 करोड़ पीस का होगा, जिसकी रिटेल वैल्यू 20,000 करोड़ होगी।

# सितंबर में भारतीय अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार:पीएमआई 3 माह के शीर्ष स्तर पर पहुंचा

मुंबई ।

सितंबर में भारत के निजी क्षेत्र की कारोबारी गतिविधियां तीन महीने के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई है, जो अर्थव्यवस्था में नई गति का संकेत है। बुधवार को जारी एचएसबीसी फ्लैश परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) सर्वे के अनुसार, यह इंडेक्स अगस्त के 54.3 से बढ़कर 56.5 हो गया है। यह लगातार 62वां महीना है जब पीएमआई 50 के विस्तार निशान से ऊपर बना हुआ है, जो आर्थिक वृद्धि का सूचक है। मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस, दोनों सेक्टर में उत्पादन में सुधार ने उछाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सर्वे में बताया गया कि सितंबर के दौरान भारत के निजी क्षेत्र की कंपनियों में कुल नए व्यवसाय में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई, खासकर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जहां मांग में सबसे अधिक सुधार देखा गया। सर्विस सेक्टर में भी प्रॉपर्टी, ट्रांसपोर्ट, ट्रैवल, सॉफ्टवेयर और डिजिटल सॉल्यूशंस जैसी सेवाओं की मांग बढ़ी। सामान बनाने वाली कंपनियों ने एल्युमीनियम, इलेक्ट्रॉनिक्स, खाने-पीने की चीजों, दवाओं और नए प्रोडक्ट मॉडल की मांग में तेजी देखी। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अगस्त के 52.8 से बढ़कर सितंबर में 55.7 हो गया, जबकि फ्लैश इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स 54.1 से बढ़कर 55.8 पर पहुंच गया। बढ़ते उत्पादन और नए ऑर्डरों के कारण कुल रोजगार में भी बढ़ोतरी हुई, जो मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस दोनों क्षेत्रों में करीब समान रही। इस सकारात्मक माहौल के बीच, निजी क्षेत्र में इनपुट लागत की वृद्धि दर जनवरी के बाद से सबसे निचले स्तर पर आ गई, सर्विस कंपनियों के लिए लागत दबाव में कमी ने मैन्युफैक्चरर्स की लागत वृद्धि के प्रभाव को संतुलित किया। सितंबर में कंपोजिट स्तर पर बिक्री कीमतों में बढ़ोतरी करीब वैसी ही रही, हालांकि फैक्ट्री गेट चार्जेस में तेजी देखी गई। एचएसबीसी की मुख्य भारतीय अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने बताया, इनपुट की खरीद में तेजी आई है और तैयार माल के स्टॉक का इंडेक्स अब साढ़े 11 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर है, जो भविष्य की मांग के प्रति विश्वास को दिखाता है। मैन्युफैक्चरर्स के लिए कीमतों का दबाव बढ़ा है और आउटपुट की कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार तेज हुई है। उन्होंने बताया कि कंपनियां मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण अनिश्चितताओं से निपटने के लिए सुरक्षा उपाय बना रही हैं।

## रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई ।

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ ही 95.74 पर बंद हुआ। आज सुबह शुरुआती कारोबार में भारतीय रुपया तेजी के साथ खुला। आज सुबह रुपया डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 95.57 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट और एशियाई मुद्राओं में व्यापक सुधार से भी रुपए को बल मिला है। वहीं विदेशी मुद्रा बाजार के विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और भू-राजनीतिक घटनाक्रम आगे चलकर मुद्रा बाजार की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी रुपया मजबूत हुआ है। इससे आयात बिल का दबाव कम होता है। इसी दौरान अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी के बाद डॉलर में लगातार मजबूती और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारतीय इक्विटी बाजार से लगातार बिकवाली से भी रुपये की मुश्किलें बढ़ी हुई हैं।आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपया 95.58 प्रति डॉलर पर खुला। दिन के कारोबार में यह 95.57 के स्तर तक पहुंचा, जो इसके पिछले बंद भाव से पांच पैसे की बढ़त दिखाता है। गौरतलब है कि मंगलवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.62 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# अगस्त में घरेलू हवाई यातायात घटा, स्पाइसजेट और इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी में कमी

मुंबई ।

भारत में घरेलू हवाई यात्री यातायात ने अगस्त महीने में सालाना आधार पर 6.34 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, जिससे कुल 1.21 करोड़ यात्रियों ने उड़ान भरी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों में जानकारी सामने आई है, जो विमानन उद्योग के लिए एक मिश्रित तस्वीर दिखाती है। इस अवधि के दौरान, कुछ प्रमुख एयरलाइंस की बाजार हिस्सेदारी में महत्वपूर्ण बदलाव दिखाई दिए।

परिचालन संबंधी चुनौतियों से जूझ रही स्पाइसजेट की हिस्सेदारी जुलाई के 1.6 से घटकर अगस्त में मात्र 1.2 प्रतिशत रह गई, जो उसकी मुश्किलों को दिखाती है। वहीं, प्रमुख वाहक इंडिगो को भी अपनी हिस्सेदारी में गिरावट का सामना करना पड़ा, जो जुलाई के 67.4 प्रतिशत से घटकर बीते महीने 65 प्रतिशत हो गई। हालांकि, इंडिगो अभी भी घरेलू विमानन बाजार में अग्रणी बनी हुई है। इसके विपरीत, एयर इंडिया ने अपनी स्थिति मजबूत की, उसकी हिस्सेदारी जुलाई के 24 से बढ़कर अगस्त में 26.7 प्रतिशत हो गई। अकासा एयर की बाजार हिस्सेदारी 5.5 प्रतिशत पर स्थिर बनी रही।

अगस्त में इंडिगो ने 78.87 लाख यात्रियों के साथ शीर्ष स्थान बरकरार रखा। इसके बाद एयर इंडिया समूह रहा, जिसने 32.32 लाख यात्रियों को सेवा दी, जबकि अकासा एयर ने 6.68 लाख यात्रियों के साथ तीसरा स्थान बनाए रखा। स्पाइसजेट ने महीने के दौरान 1.40 लाख यात्रियों को यात्रा कराई। आंकड़ों के अनुसार, ऑन-टाइम परफॉरमेंस (ओटीपी) के मामले में, इंडिगो 91 प्रतिशत के साथ सबसे आगे रहा, उसके बाद अकासा एयर 90.5 प्रतिशत और एयर इंडिया समूह 83.9 प्रतिशत के साथ रहा।

इस बीच, नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने हाल ही में कहा कि डीजीसीए स्पाइसजेट के वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन पर करीब से नजर रख रहा है।

# भारत की बेटियां बना रही हैं आईफोन:उत्पादन में 80 प्रतिशत महिला कर्मचारी

मुंबई ।

आज दुनिया भर में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ी है, लेकिन भारत ने इस मामले में एक नया कीर्तिमान बनाया है, खासकर आईफोन जैसे वैश्विक उत्पाद के निर्माण के क्षेत्र में। देश में आईफोन बनाने वाली प्रमुख कंपनियों में से एक फॉक्सकॉन में 80 प्रतिशत से अधिक कर्मचारी भारत की बेटियां हैं, जो स्मार्टफोन के निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं। यह आंकड़ा भारतीय कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती शक्ति और उनके योगदान को दिखाता है।

यह स्थिति फॉक्सकॉन के तमिलनाडु स्थित प्लांट में विशेष रूप से देखने को मिलती है, जहां 2024 के आंकड़ों के अनुसार कुल 41,281 कर्मचारियों में से 33,360 महिलाएं हैं। इस तरह, बेंगलुरु के देवनहल्ली में स्थित फॉक्सकॉन के एक अन्य प्लांट में बीते साल तक कार्यरत करीब 30,000 लोगों में से 80 प्रतिशत यानी करीब 24,000 महिलाएं थीं। यह आंकड़ा न केवल कंपनियों के भीतर महिलाओं की मजबूत उपस्थिति को दिखाता है, बल्कि उनके लिए रोजगार के व्यापक अवसरों का भी संकेत देता है।यह सिर्फ फॉक्सकॉन तक सीमित नहीं है। भारत में एप्पल के पूरे इकोसिस्टम की बात करें, जिसमें फॉक्सकॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी कंपनियां शामिल हैं, करीब 1.40 लाख नई नौकरियां पैदा हुई हैं।

# आरबीआई का बड़ा फैसला: हड़ताल के बीच रविवार को बैंक ओपन

नई दिल्ली ।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने महत्वपूर्ण कदम उठाकर आगामी रविवार, 27 सितंबर को भी बैंक शाखाएं, कार्यालय, एटीएम लिंक्ड ब्रांच और करेंसी चेस्ट खोलने की अनुमति दे दी है। यह फैसला ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखकर लिया गया है, ताकि उन्हें संभावित लंबी बैंकिंग बाधा का सामना न करना पड़े।

दरअसल, यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का ऐलान किया है। इसके पहले, 26 सितंबर को शनिवार और 27 सितंबर को रविवार की साप्ताहिक छुट्टी थी। यदि रविवार को भी बैंक बंद होते, तब आम ग्राहकों को लगातार पांच दिनों तक बैंकिंग सेवाओं से वंचित रहना पड़ता, इससे नकदी संकट और अन्य महत्वपूर्ण लेनदेन में भारी परेशानी आ सकती थी।


इसी संभावित कठिनाई को देखकर आरबीआई ने यह आपातकालीन निर्णय लिया है। आरबीआई ने इंडियन बैंक्स एसोसिएशन (आईबीए) को लिखे अपने पत्र में साफ किया है कि जनता की वास्तविक बैंकिंग जरूरतों पर कोई विपरीत असर नहीं पड़ना चाहिए। बैंकों को कानूनी प्रावधानों का पालन करते हुए सुनिश्चित करने को कहा गया है कि 27 सितंबर को उनकी शाखाएं और करेंसी चेस्ट पूरी तरह से चालू रहें।

निजी क्षेत्र और विदेशी बैंकों के करेंसी चेस्ट की सूची भी अलग से भेजी गई है, ताकि सभी आवश्यक सेवाएं सुचारु रूप से चल सकें।

बैंक ग्राहकों को सलाह दी गई है कि वे नकदी निकालना, जमा करना या अन्य महत्वपूर्ण लेनदेन जैसे अपने जरूरी काम 27 सितंबर को ही निपटा लें। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि इसके बाद तीन दिनों तक बैंकों में सामान्य कामकाज प्रभावित हो सकता है, जिससे अगले कई दिनों तक वित्तीय लेन-देन में रुकावट आने की आशंका है। यह कदम ग्राहकों को आगामी हड़ताल के कारण होने वाली असुविधा से बचाने के लिए उठाया गया है।

## चीनी के खुदरा दामों में 14 से 17 रुपए प्रति किलो तक की गिरावट

**लोगों को मिली राहत, बढ़ते भावों ने आम जनता की बढ़ा दी थी चिंता**



नई दिल्ली।

त्योहारी सीजन में चीनी के बढ़ते भावों ने आम जनता की चिंता बढ़ा दी थी, क्योंकि इस दौरान मिठाईयों और अन्य पकवानों में चीनी की खपत ज्यादा होती है। अब लगता है कि स्थिति नियंत्रण में आ रही है, क्योंकि चीनी के दामों में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले एक महीने में चीनी की खुदरा कीमत में कमी आई है। चीनी मंडी के आंकड़ों के मुताबिक 22 अगस्त से 21 सितंबर के बीच खुदरा चीनी के भाव में गिरावट दर्ज की गई है। दिल्ली, कानपुर जैसे प्रमुख शहरों में खुदरा चीनी के भाव में 14 से 17 रुपए प्रति किलो तक की गिरावट देखी गई है, जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है।यह गिरावट केवल खुदरा बाजार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि चीनी के थोक भाव में भी काफी कमी आई है। इसी अवधि के दौरान अलग-अलग शहरों में थोक कीमत 1,600 रुपए प्रति क्विंटल से 2,000 रुपए प्रति क्विंटल तक कम हुई हैं। यह थोक गिरावट सीधे तौर पर खुदरा कीमतों को प्रभावित करती है, जिससे व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होता है। सरकार ने भी इस बात को स्वीकार किया है कि चीनी की बढ़ती कीमतों से अब थोड़ी राहत मिली है।

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में खुदरा चीनी की कीमतें करीब 65 रुपए प्रति किलो थीं, जो अब घटकर करीब 58.50 रुपए प्रति किलो रह गई हैं। इसके अलावा, एक्स-मिल कीमतों में भी करीब 25फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। जब खुदरा और थोक दोनों कीमतों में कमी आई है, तो यह उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले कुछ दिनों में जनता तक पहुंचने वाली चीनी की अंतिम कीमतों में भी और गिरावट देखने को मिलेगी।




## संक्षिप्त समाचार

## रोशिबिना देवी क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

### एशियन गेम्स में लगातार तीसरा वुशु मेडल पक्का

**नागोया।** भारत की रोशिबिना देवी ने महिलाओं के 60 किग्रा वुशु क्वार्टर फाइनल में मकाऊ, चीन की चू मैन सिन को 5-0 से शिकस्त दी। मंगलवार को आइची प्रीफेक्चरल मार्शल आर्ट्स हॉल में इस जीत के साथ रोशिबिना ने एशियन गेम्स में अपना तीसरा मेडल सुनिश्चित कर लिया है। 2018 और 2022 एशियन गेम्स की मेडलिस्ट रोशिबिना ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना तीसरा



कॉन्टिनेंटल मेडल पक्का कर लिया है। उन्होंने प्वाइंट्स के अंतर से मैच 5-0 से अपने नाम करते हुए बुधवार को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाई। रोशिबिना ने इससे पहले सोमवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश की शिखा खातून को मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। मौजूदा एशियन गेम्स में वुशु में भारत का यह पहला पक्का मेडल है। रोशिबिना एशियन गेम्स 2023 में सिल्वर मेडलिस्ट रह चुकी हैं, जब वह सांडा 60 किग्रा कैटेगरी में दूसरे स्थान पर रही थीं। उन्होंने 2018 जकार्ता खेलों में भी इसी वेट कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उनके अलावा, भारत के आर्यन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं, जो अब मेडल के लिए मुकाबला करेंगे। आर्यन ने पुरुषों के 56 किग्रा प्री-क्वार्टर फाइनल में अफगानिस्तान के साफी शहजादा को 2-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### नेपाली मुक्केबाज को 5-0 से हराकर

## जदुमणि सिंह प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**निशियो।** एशियन गेम्स 2026 में मंगलवार को भारतीय मुक्केबाज जदुमणि सिंह ने पुरुषों के 55 किग्रा प्रिलिमिनरी राउंड में नेपाल के चंद्र बहादुर थापा को शिकस्त दी। इसी के साथ जदुमणि ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के सिल्वर मेडलिस्ट ने यह बाउट निशियो जिम्नेजियम में जीती। जदुमणि ने शानदार मुकाबला करते हुए थापा पर 5-0 से सर्वसम्मत जीत हासिल की। ??जदुमणि ने मौजूदा वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट के खिलाफ धीमी



शुरुआत की, लेकिन मुकाबले पर अपना दबदबा बनाए रखा और तीनों राउंड में सटीक पंच से जजों को प्रभावित किया। शुरुआती दो राउंड जीतने के बाद जदुमणि ने अपना दबदबा बनाए रखा और तीसरे राउंड में एक लेफ्ट हुक लगाया, जिससे थापा को 'स्टैंडिंग काउंट' का सामना करना पड़ा। भारतीय बॉक्सर ने तीसरा राउंड भी जीता और तीन 30-27 और दो 29-28 स्कोरकार्ड के साथ मुकाबला अपने नाम कर लिया।

जदुमणि अब शनिवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस के बॉक्सर कार्लो पालाम से भिड़ेंगे, जो 2020 टोक्यो ओलंपिक गेम्स के सिल्वर मेडलिस्ट हैं।

एशियन गेम्स
वेटलिफ्टिंग

# खत्म हुआ 28 साल का सूखा

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने अपना पहला सिल्वर मेडल जीतकर इतिहास रच दिया है। मीराबाई ने 28 साल का सूखा खत्म करते हुए देश को वेटलिफ्टिंग में 1998 के बाद पहला एशियन गेम्स मेडल दिलाया है। 49 किलोग्राम वर्ग में मीराबाई ने कुल 198 किलोग्राम का भार उठाते हुए एशियन गेम्स में अपना पहला मेडल जीता। पिछले एशियन गेम्स में वह मेडल लाने से चूक गई थीं और चौथे स्थान पर रही थीं। स्नैच राउंड के अपने पहले प्रयास में मीराबाई ने 83 किलो का वजन उठाया। इसके बाद दूसरे प्रयास में वह 85 किलो का भार उठाने में कामयाब रहीं। तीसरे प्रयास में मीराबाई ने 87 किलो वजन उठाया। क्लीन एंड जर्क राउंड में भी मीराबाई का प्रदर्शन शानदार रहा। मीराबाई ने क्लीन एंड जर्क राउंड के पहले प्रयास में 107 किलो का भार उठाया। वहीं, दूसरी कोशिश में वह 111 किलो का वजन उठाने में सफल रहीं। वहीं, नॉर्थ कोरिया की खिलाड़ी री सोंग-गम ने गोल्ड मेडल को अपने नाम किया। साल 1998 में कर्णम मल्लेश्वरी ने भारत के लिए वेटलिफ्टिंग में आखिरी मेडल जीता था। इसके बाद से कोई भी खिलाड़ी एशियन गेम्स में देश के लिए मेडल नहीं ला सका था। हालांकि, मीराबाई का गोल्ड मेडल जीतने का सपना साकार नहीं हो सका। मीराबाई चानू ने एशियन गेम्स में अपने मेडल का सूखा भी खत्म कर दिया है।



साल 2014 में वह 9वें स्थान पर रही थीं। वहीं, जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में मीराबाई चोट के चलते हिस्सा नहीं ले सकी थीं। हांगझोऊ में हुए एशियन गेम्स में मीराबाई ने 49 किलोग्राम वर्ग में हिस्सा लिया था, लेकिन वह चौथे स्थान पर रही थीं और मेडल लाने से चूक गई थीं।

## महिलाओं के बाद भारतीय पुरुष स्कीट टीम का कमाल, ब्रॉन्ज मेडल पर जमाया कब्जा

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के बाद भारतीय पुरुष स्कीट टीम ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। भवतेघ सिंह गिल, अनंतजीत सिंह नारुका और मैराज अहमद खान की तिकड़ी ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया है। भारतीय स्कीट टीम ने फाइनल में कुल 346 का स्कोर करते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। कुवैत ने 348 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया, जबकि कतर की टीम 353



स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीतने में सफल रही। अनंतजीत ने इस स्पर्धा के व्यक्तिगत फाइनल के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। इससे पहले भारत की महिला स्कीट टीम ने भी देश को इसी स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। परिनाज धालीवाल, रजिया ढिल्लों और माहेश्वरी चौहान ने कुल 331 का स्कोर करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। इससे पहले, शूटिंग में भारत की उम्मीदों को उस समय करारा झटका लगा, जब मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत इवेंट में मेडल लाने से चूक गईं। मनु 181.1 के स्कोर के साथ फाइनल मुकाबले में पांचवें स्थान पर रहीं। मनु अपने प्रदर्शन से खुद निराश नजर आईं। इसके साथ ही 10 मीटर एयर पिस्टल के टीम इवेंट में भी मनु, ईशा और सुरुचि की तिकड़ी मेडल जीतने से मामूली अंतर से चूक गई। भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही।

# जय मीणा ने रचा इतिहास

### सॉफ्ट टेनिस में भारत को दिलाया पहला ब्रॉन्ज मेडल

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में जय मीणा ने इतिहास रच दिया है। उन्होने पुरुषों के सॉफ्ट टेनिस में भारत के लिए पहला मेडल जीता है। हालांकि, सेमीफाइनल में उन्हें जापान के ताकुया कुरोसाका से 2-4 से हार का सामना करना



पड़ा। सेमीफाइनल में हार के बावजूद वह ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम करने में सफल रहे हैं। मीणा ने क्वार्टर फाइनल में शेरविन नुगुइट के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए एशियन गेम्स में सॉफ्ट टेनिस में भारत का पहला मेडल पक्का किया था। उस मैच में वे आखिरी गेम में पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर वापसी करते हुए लगातार चार प्वाइंट जीते और क्वार्टर फाइनल 4-3 से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां वे कुरोसाका से हार गए और ऐतिहासिक ब्रॉन्ज मेडल के साथ अपना सफर खत्म किया। सॉफ्ट टेनिस में मीणा का सफर एक दिलचस्प संयोग से शुरू हुआ। शुरुआत में उनकी रुचि क्रिकेट में थी और वे क्रिकेटर बनना चाहते थे। मगर जब उन्होंने देवास के पायनियर पब्लिक स्कूल में दाखिला लिया, तो वहां बने सॉफ्ट टेनिस कोर्ट ने उनका ध्यान खींचा। पहले वे खिलाड़ियों को खेलते हुए देखते थे और बाद में बॉल बॉय के रूप में मदद करने लगे।



धीरे-धीरे उनकी दिलचस्पी सॉफ्ट टेनिस में बढ़ी और उन्होंने खुद यह खेल खेलना शुरू कर दिया। स्कूल और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं से शुरुआत करने के बाद वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे।

### भारतीय महिला कबड्डी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी

# ईरान को 37-23 से हराया



**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला कबड्डी टीम का शानदार प्रदर्शन जारी है। भारतीय टीम ने कड़े मुकाबले में ईरान को 37-23 से हराते हुए टूर्नामेंट की अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

भारत और ईरान के बीच पहले हाफ में खासतौर पर कांटे की टक्कर देखने को मिली। ईरान ने मुकाबले में शुरुआती बढ़त बनाई। 10-6 के स्कोर पर भारतीय टीम ऑलआउट होने की दहलीज पर थी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी पूजा ने बेहतरीन रेड करते हुए दो प्वाइंट अर्जित किए। पूजा की यह रेड मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुई और इसके बाद भारतीय टीम ने जबरदस्त वापसी की। जल्द ही भारतीय टीम ने स्कोर को 11-11 से बराबर कर दिया। हाफ टाइम का अंत होने तक भारत ने 19-15 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ में भारतीय टीम ईरान के डिफेंस पर पूरी तरह से हावी नजर आई। हालांकि, ईरान के रेडर ऐनाज जोब्रान की तीन प्वाइंट की सुपर रेड ने टीम को मैच में वापस लाने का काम किया।

दबाव में भारतीय डिफेंस और रेडर्स ने कमाल का संयम दिखाया।

## व्यक्तिगत इवेंट में मेडल लाने से चूकीं राइजा ढिल्लों और परिनाज धालीवाल

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में महिला स्कीट टीम स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालीं भारतीय शूटर राइजा ढिल्लों और परिनाज धालीवाल व्यक्तिगत स्पर्धा में देश के लिए मेडल लाने से चूक गईं। राइजा चौथे स्थान पर रहीं जबकि परिनाज ने



आठवां स्थान हासिल किया। तीन दिनों के क्वालिफिकेशन राउंड के बाद राइजा और परिनाज ने 125 में से 111 शॉट लगाकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया और क्रमशः आठवें और नौवें स्थान पर रहीं। हालांकि भारतीय जोड़ी फाइनल में कोई खास असर नहीं दिखा पाई और नतीजतन व्यक्तिगत इवेंट से खाली हाथ लौटीं। टीम इवेंट में परिनाज, राइजा और माहेश्वरी ने क्वालिफिकेशन में कुल 331 का स्कोर किया और पोडियम पर तीसरा स्थान हासिल किया।

# भारत की उम्मीदों को लगा करारा झटका

### मेडल से चूकीं मनु भाकर, फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं

**नागोया।** दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट शूटर मनु भाकर को एशियन गेम्स में निराशा हाथ लगी है। वह महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत इवेंट में पोडियम तक नहीं पहुंच सकीं और बुधवार को फाइनल में पांचवें स्थान पर रहीं। वहीं, साउथ कोरिया की गाउन चू ने 246.3 के स्कोर के साथ एशियाई रिकॉर्ड और गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए गोल्ड मेडल जीता।

चीन की यियाओ शेन (241.3) और रैनक्सिन जियांग (221.6) ने क्रमशः सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीतकर पोडियम पर अपनी जगह बनाई। मनु क्वालिफिकेशन राउंड में 579 के स्कोर (जिसमें 20 'इनर 10' शामिल थे) के साथ तीसरे स्थान पर रहकर व्यक्तिगत फाइनल में पहुंची थीं। आठ महिलाओं के फाइनल में उन्होंने 181.1 का स्कोर किया। टीम मेडल से बहुत कम अंतर से चूकने के बाद, महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत को कोई मेडल



नहीं मिला। अब मनु अपना ध्यान 25 मीटर पिस्टल इवेंट पर लगाएंगी, जहां वह ईशा और 2018 एशियन गेम्स की चैंपियन राही सरनोबत के साथ शामिल होंगी।

### महिला टीम क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में हारीं पीवी सिंधु

# जापान ने बनाई 1-0 की बढ़त

**इचिनोमिया सिटी।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को मंगलवार को एशियन गेम्स 2026 के महिला टीम क्वार्टर फाइनल के पहले मैच में जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।

यह मुकाबला इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में खेला गया, जहां यामागुची ने सिंधु को हराकर अपनी टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। पहला गेम टाई-ब्रेक में जीतने के बाद सिंधु तीन बार की वर्ल्ड चैंपियन



यामागुची से 21-23, 21-18, 21-11 से हार गईं, जिससे जापान को क्वार्टर फाइनल में 1-0 की बढ़त मिल गई। उन्नति हुड्डा दूसरे मुकाबले में टोमोका मियाजाकी के खिलाफ भारत के लिए स्कोर बराबर करने की कोशिश करेंगी। इस मैच से पहले, दोनों खिलाड़ी 30 बार आमने-सामने हो चुकी थीं, जिसमें सिंधु 16 जीत के साथ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में आगे थीं। मंगलवार की हार के बाद दोनों के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 16-15 हो गया है, जो अभी भी सिंधु के पक्ष में है।

सिंधु ने 6-10 के अंतर को पाटते हुए अच्छा खेल दिखाया और स्कोर 12-12 तक पहुंचाया। इसके बाद 15-18 से पिछड़ने के बाद वापसी की और एक गेम प्वाइंट बचाकर पहला गेम 23-21 से जीता।

## साक्षी ने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता विलेगास को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**निशियो।** कॉमनवेल्थ गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता साक्षी चौधरी ने मंगलवार को एशियन गेम्स 2026 के शुरुआती राउंड में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता विनर आइरा विलेगास को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

चौधरी ने निशियो जिमनैजियम में अपने एशियन गेम्स डेब्यू में शानदार परफॉर्मेंस देते हुए फिलिपिनो बॉक्सर को 5-0 के एकमत फैसले से हराया। उन्होंने 10-9 के स्कोर के साथ तीनों राउंड एकमत से जीते और दोनों में से बेहतर बॉक्सर थीं। उनके सटीक पंच पेरिस की कांस्य पदक विजेता के लिए संभालना मुश्किल था।

कॉमनवेल्थ गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट अब प्री-क्वार्टर में पहुंच गई हैं। गुरुवार को उनका मुकाबला मौजूदा 51 किग्रा वर्ल्ड चैंपियन



अलुआ बाल्किबेकोवा से होगा।

साक्षी पहले से ही एक मशहूर बॉक्सर हैं और उन्होंने इस खेल की कुछ बड़ी मुक्केबाजों को हराया है। उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल्स में दो बार की वर्ल्ड चैंपियन निकहत जरीन और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा को हराया। उन्होंने ट्रायल्स के सेमीफाइनल में निकहत को हराया, जबकि फाइनल में चैंपियन हुड्डा को हराया।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में साक्षी ने फाइनल में इंग्लैंड की रूबी व्हाइट को 5-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। एक सफल कॉमनवेल्थ के बाद, साक्षी ने एशियाड पर अपनी नजरें टिकाए रखीं।

साक्षी ने कहा था, 'कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीतना मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है।

# एसआईआर पर मतभेद के दावों के बीच चुनाव आयोग की सफाई : ईसीआई बोला- 'सभी फैसले सर्वसम्मति से हुए'




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय निर्वाचन आयोग के अंदर फैसलों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों के बीच अनबन की खबरों ने देश की राजनीति में हलचल मचा दी है। एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने मतदाता सूची और डेटा सुरक्षा जैसे कई अहम मुद्दों पर 10 महीनों में 14 बार अपनी असहमति जताई। भारतीय निर्वाचन आयोग (एउक) की कार्यप्रणाली और उसकी निष्पक्षता को लेकर देश में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। हाल ही में आई मीडिया रिपोर्टों के बाद यह दावा किया जा रहा है कि आयोग के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सर्वसम्मत नहीं है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने दो अन्य चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की आपत्तियों को नजरअंदाज करते हुए कई महत्वपूर्ण आदेश जारी किए। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण (रक्क), फॉर्म-6 में बदलाव और डिजिटल वोटर डेटा की सुरक्षा से जुड़े इन दावों ने देश के राजनीतिक हलकों में खलबली मचा दी है। एक तरफ जहां चुनाव आयोग ने इन आरोपों का खंडन करते हुए सभी फैसले सर्वसम्मति से होने की बात कही है, वहीं पूरे विपक्षी गठबंधन ने मुख्य चुनाव आयुक्त और केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

भारतीय निर्वाचन आयोग में मुख्य रूप से तीन अधिकारी होते हैं, जिनमें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दो अन्य चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू तथा विवेक जोशी शामिल हैं। नियमानुसार आयोग का कोई भी बड़ा फैसला तीनों अधिकारियों के हस्ताक्षर या फिर कम से कम दो अधिकारियों की सहमति से ही पास होता है। अंदरूनी मतभेद की खबरें सामने आने के बाद आयोग ने स्पष्टीकरण दिया कि किसी भी संस्था में अलग-अलग राय होना स्वाभाविक है, लेकिन अंतिम फैसला हमेशा सबकी सहमति से ही होता है। आयोग से जुड़े सूत्रों का यह भी कहना है कि किसी भी चुनाव आयुक्त ने कोई आधिकारिक आपत्ति या विरोध दर्ज नहीं कराया था, बल्कि उन्होंने सिर्फ अपनी सलाह और टिप्पणियां दी थीं, जिन्हें अंतिम फैसला लेते समय ध्यान में रखा गया था।

अंग्रेजी अखबार 'द इंडियन एक्सप्रेस' की एक खोजी रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि पिछले 10 महीनों के दौरान दोनों चुनाव आयुक्तों ने आयोग के कई फैसलों पर अपनी चिंता जाहिर की थी। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों अधिकारियों की शिकायत थी कि कई महत्वपूर्ण फैसले उनकी गैरमौजूदगी या बिना उनकी मंजूरी के लिए गए। जिन मुख्य विषयों पर सवाल उठाए गए, उनमें देश भर में मतदाता सूची सुधार का विशेष अभियान, नए मतदाताओं के लिए फॉर्म-6 में किए गए बदलाव, वोटर डेटा की डिजिटल सुरक्षा और मतदाता सूची से नाम हटाने या जोड़ने की कानूनी प्रक्रिया शामिल थी।

रिपोर्ट में बताया गया है कि नए वोटर बनने के लिए भरे जाने वाले फॉर्म-6 में एक नया सवाल जोड़ा गया था, जिसमें आवेदक से उसके या उसके परिवार के पिछले वोटर होने का सबूत मांगा जा रहा था। इस पर चुनाव आयुक्त विवेक जोशी और सुखबीर सिंह संधू ने कड़ा ऐतराज जताया और कहा कि नियमों में बिना औपचारिक संशोधन किए ऐसा बदलाव करना सही नहीं है। इसके अलावा, दोनों अधिकारियों ने डिजिटल वोटर डेटा के सुरक्षा ऑडिट की भी मांग की, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई अनधिकृत व्यक्ति मतदाता सूची में फेरबदल न कर सके। दोनों आयुक्तों ने राज्य स्तर के अधिकारियों को पोर्टल तक पूरी पहुंच न मिलने का मुद्दा भी उठाया और इस संबंध में कैबिनेट सचिव को पत्र लिखा।

आयोग की बैठकों में कुछ राज्यों से जुड़े मामलों पर भी गंभीर चर्चा हुई। पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट सुधार के दौरान जिन लोगों के नाम अदालत के आदेश से दोबारा जोड़े गए थे, उनके खिलाफ आयोग द्वारा अपील दाखिल की गई। इस पर चुनाव आयुक्त संधू ने सवाल उठाया कि जब उन्होंने या राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इसकी मंजूरी नहीं दी थी, तो यह कदम किसकी अनुमति से उठाया गया।

## एसआईआर पर खुलासे से बवाल, प्रशांत भूषण बोले- ज्ञानेश कुमार को हटाएं



नई दिल्ली (एजेंसी)। हाल ही में दावा किया गया है कि चुनाव आयोग के भीतर ही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव आयोग के तीन सदस्यों के पैनल में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार, चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी शामिल हैं। इनमें से दो चुनाव आयुक्तों ने पिछले दस महीनों के दौरान कम से कम चौदह बार इस प्रक्रिया और नए मतदाताओं के पंजीकरण, नाम हटाने तथा बहाल करने जैसे महत्वपूर्ण मसलों पर अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई थी। इस आंतरिक असहमति के सार्वजनिक होने के बाद से ही विपक्षी दलों के साथ-साथ कानूनी हलकों में भी तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। इस खुलासे के बाद वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने सोशल मीडिया के माध्यम से तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने अन्य सदस्यों के विरोध के बावजूद मनमाने और गैर-कानूनी तरीके से निर्देश जारी किए, जिसके कारण भारी संख्या में मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो गए हैं। उन्होंने मांग की है कि इस पूरे गंभीर प्रकरण पर सर्वोच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और मुख्य चुनाव आयुक्त को तत्काल पद से हटाते हुए उन पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। यह विवाद ऐसे समय में तूल पकड़ रहा है जब विभिन्न राज्यों में चुनावी सरगर्मियों के बीच एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लगातार सवाल खड़े किए जा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी इस मामले से जुड़ी सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई है कि बड़ी संख्या में जारी किए गए नोटिस मशीन जनित प्रतीत होते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर संदेह गहराता जा रहा है।

## दिल्ली में जुटे देशभर के उलेमा, मस्जिद गिराने और धार्मिक आजादी के मुद्दे पर करेंगे मंथन

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की मौजूदा स्थिति, मस्जिद गिराने, संविधान के उल्लंघन और धार्मिक स्वतंत्रता पर मंडराते खतरों को देखते हुए जमीयत उलमा-ए-हिंद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक आपात बैठक बुलाई है। बुधवार को दिल्ली में जमीयत के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी की अध्यक्षता में बैठक हो रही है, देश के तमाम मौलाना और जमीयत से जुड़े हुए लोग शिरकत कर रहे हैं। बैठक के मुख्य एजेंडे में प्रशासन और न्यायपालिका के कुछ हालिया फैसलों और कदमों के संदर्भ में शरीयत के मामलों में बढ़ते हस्तक्षेप का मुद्दा प्रमुखता से शामिल है। इसके साथ ही देश में धार्मिक स्वतंत्रता के संरक्षण, मस्जिदों के विध्वंस और इस्लामी मदरसों के सामने उत्पन्न चुनौतियों की समीक्षा की जाएगी। जमीयत उलमा-ए-हिंद ने साफ किया है कि संविधान की सर्वोच्चता, कानून का शासन, धार्मिक स्वतंत्रता और सभी नागरिकों के समान अधिकारों का संरक्षण ही देश की एकता और अखंडता की मूल बुनियाद है। संगठन के मुताबिक वर्तमान परिस्थितियां बहुत ही चिंताजनक हैं और इन पर गंभीर मंथन करना जरूरी है। कार्यकारिणी की इस बैठक में इन तमाम मुद्दों पर सामूहिक रूप से विचार-विमर्श के बाद आगे की रणनीति और ठोस कार्ययोजना के संबंध में बड़ा फैसला लिया जा सकता है।

## मणिपुर में 2.1 किलोग्राम 'याबा' टैबलेट जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

इंफाल (एजेंसी)। सुरक्षा बलों के एक संयुक्त अभियान में मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले से 2.1 किलोग्राम कृत्रिम मादक पदार्थ 'याबा' जब्त करने के साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि राज्य पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की एक संयुक्त टीम ने मंगलवार को मंत्रीपुखरी में बस के एक यात्री को रोका और 20,000 'याबा' गोलियां जब्त कीं जिनका कुल वजन करीब 2.1 किलोग्राम है। अधिकारी ने बताया कि थाई में 'याबा' का अर्थ 'उन्मादी प्रदान करने वाली दवा है। इसमें कैफीन और मेथामफेटामीन होता है, जो 'नियंत्रित पदार्थ अधिनियम' के तहत 'अनुसूची दो' का पदार्थ है। एक अन्य अभियान में राज्य पुलिस और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने काकचिंग जिले के वाइखोंग पुलिस थाने के अंतर्गत लमजाओ मयाई लीकाई इलाके से प्रतिबंधित 'पीपल्स लिबरेशन आर्मी' के एक सक्रिय सदस्य को पकड़ा है। अधिकारी ने बताया कि उसकी पहचान मैबम गुनामणि के तौर पर हुई है।

## 17 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के बाद लेडी श्रीराम कॉलेज सहमा

### -कॉलेज की प्रिंसिपल ने आनलाइन क्लासेस की शुरु

नई दिल्ली (एजेंसी)। राजधानी दिल्ली के कालकाजी मंदिर के पास स्थित आस्था कुंज पार्क में 17 वर्षीय एक नाबालिग किशोरी के साथ हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म की खौफनाक घटना ने पूरे शहर को स्तब्ध किया है। इस दरिंदगी ने फिर महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। दिल दहला देने वाली घटना के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के प्रतिष्ठित लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमेन (एलएसआर) ने अपनी नियमित कक्षाएं रद्द कीं और बुधवार की सभी शैक्षणिक गतिविधियों को ऑनलाइन मोड पर स्थानांतरित कर दिया। उल्लेखनीय है कि लेडी श्रीराम कॉलेज घटना स्थल से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। कॉलेज की प्रिंसिपल कनिका के. आहूजा ने बताया कि दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी मिलने के बाद ही उन्होंने कक्षाएं रद्द करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि उनके छात्रों की सुरक्षा और भलाई उनके लिए सबसे महत्वपूर्ण है। प्रिंसिपल ने अपने फैकल्टी मेंटर्स और कॉलेज काउंसलर को निर्देश दिया है कि वे किसी भी तरह की जरूरत पड़ने पर छात्रों की मदद के लिए उपलब्ध रहें।

## चक्रवात अर्नब का पूर्वी तट पर भीषण खतरा : आंध्र, ओडिशा में हाई अलर्ट, स्कूल बंद

नई दिल्ली (एजेंसी)। बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव अब शक्तिशाली चक्रवाती तूफान अर्नब में बदल गया है, जो भारत के पूर्वी तटीय इलाकों की ओर तेजी से आ रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि चक्रवात अर्नब के 23 सितंबर की शाम 5 बजे से 24 सितंबर की सुबह 5 बजे के बीच तट से टकराने की प्रबल आशंका है। संभावना है कि यह 23 सितंबर की आधी रात से पहले विशाखापत्तनम और गोपालपुर के बीच उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा तट को पार करेगा। इस भीषण खतरे को देखकर ओडिशा और आंध्र प्रदेश में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है और राष्ट्रीय व राज्य आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ/एसडीआरएफ) की टीमें तटीय क्षेत्रों में तैनात कर दी गई हैं। चक्रवात का असर केवल ओडिशा-आंध्र तट तक सीमित नहीं रहेगा। मौसम विभाग ने पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में भी भारी बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है, जहां 25 सितंबर तक खराब मौसम की चेतावनी दी गई है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। बिहार में भी 23 से 28 सितंबर के बीच मौसम में महत्वपूर्ण बदलाव की उम्मीद है, जिसमें कई इलाकों में आंधी-तूफान, बिजली कड़कने और तेज हवाएं चलेंगी।

## दिल्ली में धार्मिक टिप्पणी विवाद: अदालत ने पुलिस से मांगा जवाब

**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली की एक अदालत ने हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़े एक गंभीर विवाद में दिल्ली पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। यह मामला एक छात्र-कार्यकर्ता और उनके पिता के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग से जुड़ा है। भाजपा से जुड़ी अधिवक्ता अमिता सचदेवा ने आरोप लगाया है कि इन दोनों ने सोशल मीडिया पर जानबूझकर ऐसा कंटेंट पोस्ट किया है, जिसमें हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक और आपत्तिजनक बातें कही गई हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं।

दिल्ली की अदालत ने दिल्ली पुलिस को संवेदनशील मामले में अब तक की गई कार्रवाई का विस्तृत ब्यौरा, यानी कार्रवाई रिपोर्ट (एक्शन टेकन रिपोर्ट) पेश करने का निर्देश दिया है। अधिवक्ता सचदेवा ने पहले दिल्ली पुलिस के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन उनका कहना था कि पुलिस की ओर से कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। इसकारण उन्होंने न्याय के लिए अदालत का रुख किया और एफआईआर दर्ज करने की याचिका दाखिल की। मुख्य महानगर दंडाधिकारी (सीजेएम) मृदुल गुप्ता की अदालत में याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखकर दिल्ली पुलिस को न केवल अपना जवाब दाखिल करने को कहा, बल्कि यह भी निर्देश दिया कि वह अपनी कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पुलिस की रिपोर्ट का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने के बाद ही यह अंतिम फैसला लिया जाएगा कि एफआईआर दर्ज की जाए या नहीं।

## राम मंदिर दान चोरी केस में 7000 पन्ने की चार्जशीट दाखिल

### चंपत राय और अनिल मिश्रा का नाम शामिल नहीं



**अयोध्या, एजेंसी।** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर आठों आरोपियों के खिलाफ एंटी करप्शन कोर्ट में 7 हजार पन्नों से अधिक की विस्तृत चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। विवेचक बुधवार सुबह बड़े-बड़े बक्सों में चार्जशीट लेकर कोर्ट पहुंचे, जिसमें आरोप पत्र के साथ-साथ बैंक स्टेटमेंट और बैंक की जमा पर्चियां भी मौजूद थीं। इस चार्जशीट में राम मंदिर ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा का नाम न होने पर मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने गहरी नाराजगी और असंतोष जताया है।

दाखिल की गई इस चार्जशीट में कुल 173 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं और इसमें 105 बार चोरी होने का जिक्र किया गया है। इसके अलावा, रिकॉर्ड की गई जांच में 803 चीजों का रिकॉर्ड पूरी तरह सही पाया गया है, जबकि 86 कीमती चीजों की रसीद नहीं मिल सकी है। पुलिस द्वारा आरोपियों के पास से कार, गहने और 79.85 लाख रुपये नकद बरामदगी का भी चार्जशीट में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है। सुप्रीम कोर्ट में हुई पिछली सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ को जानकारी दी थी कि एसआईटी इस मामले में आरोपपत्र दाखिल करेगी। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिरीक्षक किरण एस. के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने मीडिया और सोशल मीडिया पर मूल्यवान चढ़ावे से संबंधित लगाए गए सभी आरोपों का गहन सत्यापन किया था। एसआईटी की रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि मंदिर के तीर्थयात्री सुविधा केंद्र के गिनती कक्ष के सीसीटीवी फुटेज और अन्य डिजिटल आंकड़ों से यह स्पष्ट हुआ कि गिनती प्रक्रिया में शामिल कुछ लोगों की मिलीभगत से कक्ष से नकदी को अनधिकृत रूप से निकाले या छिपाने के 105 मामले सामने आए थे।

चार्जशीट और एसआईटी की रिपोर्ट में कुल आठ आरोपियों की पहचान की गई है, तथा उनके बैंक खातों में जमा उस रकम का पूरा ब्यौरा दिया गया है जिसका कोई स्पष्ट स्रोत नहीं मिल सका है। इसके साथ ही, उन सभी चल और अचल संपत्तियों की जानकारी भी सार्वजनिक की गई है जिनमें चोरी का अवैध पैसा लगाया गया था। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है और अधिवक्ताओं द्वारा नाम शामिल न किए जाने पर लगातार तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

## जिसकी विरोधी रहीं सायोनी अब उसी भाजपा के लिए मांगेंगी वोट

### बंगाल उपचुनावों में नए समीकरण बनते दिख रहे



**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक दिलचस्प मोड़ सामने आया है, जहां अभिनेत्री और तृणमूल कांग्रेस की मुखर आलोचक सायोनी घोष अब भारतीय जनता पार्टी के लिए प्रचार करती दिख सकती हैं। नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) ने नंदीग्राम और रेजीनगर विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में भाजपा का समर्थन करने की घोषणा की है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब अरूप रॉय की डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस ने भी इन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं, जिससे मुकाबला और भी त्रिकोणीय हो गया है। फिलहाल, एनसीपीआई ने अपने नेताओं के नामों का ऐलान नहीं किया है, जो भाजपा के लिए प्रचार करेंगे।

एनसीपीआई, जिसमें ममता बनर्जी से अलग हुए 20 बागी सांसद शामिल हैं, ने खुद को नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) का दूसरा सबसे बड़ा भागीदार बताया है। पार्टी ने कहा है कि चूंकि उनके पास कोई उम्मीदवार नहीं है, इसलिए उन्होंने भाजपा के समर्थन में प्रचार करने का फैसला किया है। एनसीपीआई का दावा है कि एनडीए में वे भाजपा के बाद सबसे बड़े दल हैं। पार्टी अध्यक्ष ज्योति प्रकाश चटर्जी ने इस फैसले को राज्य के भविष्य से जोड़ा। उन्होंने कहा, एनसीपीआई एनडीए में भाजपा के बाद सबसे बड़ा साझेदार है। जिस तरह से हमारे मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री राज्य के लिए काम कर रहे हैं, मुझे लगता है कि लंबे समय से चली आ रही टकराव की स्थिति से अब राज्य के लोगों को छुटकारा मिलना चाहिए। अब टकराव का समय नहीं है, बल्कि साथ मिलकर काम करने का समय है। उन्होंने आने वाले समय में एक बड़े बैठक की भी घोषणा की, जिसमें केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के शामिल होने की बात कही गई। हालांकि, भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि इस समर्थन का मतलब किसी चुनावी गठबंधन से नहीं है। प्रदेश प्रवक्ता सायंतन बसु ने कहा, यह अच्छी बात है कि एनसीपीआई ने भाजपा के लिए प्रचार करने का फैसला किया है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बंगाल में भाजपा और एनसीपीआई का कोई चुनावी गठबंधन हो सकता है या भविष्य में किसी भी तरह से सीटों का बंटवारा हो सकता है। दूसरी ओर, डेमोक्रेटिक तृणमूल कांग्रेस ने इन उपचुनावों को ममता बनर्जी के खिलाफ सीधी लड़ाई माना है। पार्टी नेता संदीपन साहा ने कहा कि यह चुनाव साबित कर देगा कि असली तृणमूल वे ही हैं, क्योंकि ममता गुट की उम्मीदवार मुकाबले से पीछे हट गई हैं। इस बागी गुट ने नंदीग्राम से मोहम्मद एतेशामुल हक को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस भी राज्य में तृणमूल कांग्रेस में टूट का फायदा उठाने की कोशिश में है। कांग्रेस नेताओं ने कहा है कि उनकी पार्टी को अब तृणमूल की जगह लेनी चाहिए और भाजपा विरोधी सभी मतदाताओं, खासकर अल्पसंख्यक मतदाताओं की स्वाभाविक पसंद के रूप में उभरना चाहिए।

## मेघालय में भाजपा का बड़ा सियासी दांव- यूडीपी के 8 विधायक बीजेपी में शामिल, दो से 10 हुई विधायकों की संख्या




**शिलांग, एजेंसी।** मेघालय की राजनीति में बड़ा सियासी उलटफेर देखने को मिला है, जहां यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के 8 विधायक बुधवार को नई दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए। इस बड़े राजनीतिक घटनाक्रम के बाद 60 सदस्यीय मेघालय विधानसभा में भाजपा की सदस्य संख्या सीधे 2 से बढ़कर 10 हो गई है। मेघालय में क्षेत्रीय राजनीति को बड़ा झटका देते हुए यूनाइटेड डेमोक्रेटिक पार्टी के आठ प्रमुख विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा की मौजूदगी में इन सभी नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। पूर्वोत्तर में भाजपा के विस्तार की दिशा में इसे एक बड़ा राजनीतिक कदम माना जा रहा है। 8 नए विधायकों के आने से राज्य विधानसभा में भाजपा न केवल पहले से अधिक शक्तिशाली हुई है, बल्कि सदन के भीतर उसका राजनीतिक वजन भी काफी बढ़ गया है।

भाजपा में शामिल होने वाले आठ विधायकों में लखमेन रिम्बुई, पायस मारवेन, किर्मेन श्यल्ला, मायरालबॉर्न सिएम, मैथ्यू कुर्बाह, ओलन सिंह सुइन, बालाजीड कुपार सिनरेम और सिनशार लिंग्दोह थबाह शामिल हैं। इन सभी नेताओं ने नई दिल्ली में पूरी औपचारिकता के साथ पार्टी की सदस्यता ली। इनके आने से मेघालय की प्रमुख क्षेत्रीय पार्टी यूडीपी को तगड़ा झटका लगा है और विधानसभा में उसके पास विधायकों का आंकड़ा काफी घट गया है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सभी आठों विधायकों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष लगाव और पिछले 12 वर्षों में हुआ इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास इस फैसले का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि ये सभी विधायक केंद्र सरकार के प्रदर्शन और नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़े हैं। इस बदलाव से पूर्वोत्तर के राज्यों में भाजपा के नेतृत्व और विकास मॉडल पर जनता व नेताओं का भरोसा और मजबूत हुआ है।

## बॉम्बे हाईकोर्ट का सख्त आदेश- सार्वजनिक सड़कों पर पटाखे फोड़ने पर पूरी तरह रोक

### त्योहारों में लाउडस्पीकर के इस्तेमाल को बताया अनुचित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने त्योहारों पर ध्वनि और वायु प्रदूषण पर कड़ा रुख अपनाते हुए सार्वजनिक सड़कों पर पटाखे फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आयोजनों में लाउडस्पीकर, डीजे और लेजर बीम का इस्तेमाल पूरी तरह अनुचित है और नागरिकों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। महाराष्ट्र में गणेश उत्सव और आगामी त्योहारों के सीजन के बीच बॉम्बे हाईकोर्ट ने बढ़ते प्रदूषण और शोर-शराबे को लेकर एक बेहद अहम और सख्त फैसला सुनाया है। त्योहारों के दौरान सार्वजनिक सड़कों पर आतिशबाजी, तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर, डीजे और आंखों को नुकसान पहुंचाने वाली लेजर लाइटों के बेलगाम इस्तेमाल पर अदालत ने कड़ा ऐतराज जताया है। जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस नीला गोखले की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि उत्सव मनाने के नाम पर आम लोगों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण की बलि नहीं दी जा सकती।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त लहजे में आदेश दिया कि मुंबई जैसे घने और व्यस्त शहर में सार्वजनिक सड़कों पर दिन हो या रात, किसी भी परिस्थिति में पटाखे फोड़ने की इजाजत नहीं दी जा सकती। कोर्ट ने कहा कि सड़कों पर आतिशबाजी न केवल आम राहगीरों और यातायात के लिए जानलेवा साबित हो सकती है, बल्कि इससे शहर में दमघोंटू प्रदूषण और जहरीली धुंध फैलती है।

जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस नीला गोखले की पीठ ने आयोजकों के रवैये पर सवाल उठाते हुए तीखी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, क्या इन सभी लाउडस्पीकरों और पटाखों का उपयोग करने से हमें भगवान का अतिरिक्त आशीर्वाद मिल जाएगा? एक जिम्मेदार समाज के रूप में हमें यह सब बंद करना चाहिए। अदालत ने पंढरपुर की प्रसिद्ध 'वारी' यात्रा की मिसाल देते हुए कहा कि वह अनुशासित आयोजन बिना किसी लाउडस्पीकर या शोर-शराबे के बेहद शांति से निकाला जाता है, जिससे सीख लेनी चाहिए।

सुनवाई के दौरान जब राज्य सरकार ने बताया कि पुलिस ने पहले से ही प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं, तो अदालत ने इस पर असंतोष जताया। हाईकोर्ट ने कहा कि ऐसे आदेश सिर्फ फाइलों में ही अच्छे लगते हैं, जबकि हकीकत में नियमों का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन होता है। कोर्ट ने सुझाव दिया कि पंडालों या जुलूसों की इजाजत देते समय सरकार को आयोजकों से भारी सुरक्षा राशि जमा करानी चाहिए। अदालत ने सख्त हिदायत दी कि यदि कोई भी समिति या आयोजक ध्वनि और वायु प्रदूषण के तय मानकों का उल्लंघन करता है, तो उसकी जमा सुरक्षा राशि को तुरंत जब्त कर लिया जाए।

इससे नियम तोड़ने वालों में कानून का खौफ पैदा होगा। खंडपीठ ने यह साफ किया कि अदालत किसी भी त्योहार के खिलाफ नहीं है, लेकिन किसी भी उत्सव को आम नागरिकों की सेहत, शांति और सुरक्षा की कीमत पर मनाने की इजाजत नहीं दी जा सकती।



## साइकोलॉजिकल थ्रिलर गुरु से कमबैक करेंगे जॉन, लंदन में शुरू की शूटिंग

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दमदार अभिनेता के तौर पर जॉन अब्राहम को जाना जाता है। बीते साल आई फिल्म द डिप्लोमेट के बाद से जॉन बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं। लेकिन, आने वाले समय में वह जोरदार कमबैक करते हुए नजर आएंगे। जिसकी वजह उनकी अपकमिंग कई फिल्में, जिनमें एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर गुरु भी शामिल है। खबरें हैं कि लंदन में जॉन अब्राहम ने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। उसे भी अगले साल ही प्रदर्शित करने की योजना है सिनेमाई गलियारों की रिपोर्टों के अनुसार, यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन द गर्ल ऑन द ट्रेन और कोड नेमः तिरंगा के निर्देशक रिभु दासगुप्ता कर रहे हैं।



लाइफ Style


# सना

## आठ साल की उम्र में किया था डेब्यू

शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी अभिनीत फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में बतौर बाल कलाकार काम करने वाली सना सईद ने दर्शकों का खूब दिल जीता। वे रानी मुखर्जी और शाहरुख खान की बेटी अंजलि की भूमिका में दिखीं।


'कुछ कुछ होता है' वाली छोटी सी मासूम सी अंजलि अब 38 वर्ष की हो गई हैं। सना का जन्म 22 सितंबर 1988 को मुंबई में हुआ था। सना सईद ने अपने कॅरियर की शुरुआत 8 साल की उम्र में फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से की थी। उनके इस रोल को फिल्म में बेहद पसंद किया गया था। इस फिल्म के बाद सना ने दो और बड़ी बॉलीवुड फिल्मों- 'हर दिल जो प्यार करेगा' और 'बादल' में भी काम किया था। हालांकि, सना ने इन फिल्म के बाद फिल्मों से दूरी बना ली थी। करण जौहर निर्देशित 'कुछ-कुछ होता है' में भोली भाली सी दिखने वाली बच्ची यानी सना अब अपने ग्लैमरस लुक से फैंस का दिल जीत लेती हैं। बॉलीवुड की तीन बड़ी फिल्में करने के बाद सना लंबे समय तक बड़े पर्दे से गायब रहीं। इसके बाद उन्होंने टीवी सीरियल्स से वापसी की। टेलीविजन पर सना साल 2008 में बाबुल का आंगन छूटे न और लो हो गई पूजा इस घर की जैसे टीवी सीरियल में नजर आईं। इसके अलावा छोटे पर्दे पर वे कई रियलिटी शो झलक दिखला जा 6, झलक दिखला जा 7, नच बलिए 7 और झलक दिखना जा 9 में भी नजर आ आईं। टीवी में काम करने के बाद सना ने बड़े पर्दे पर एक बार फिर वापसी की।

हॉलीवुड मसाला



## इंसानियत की नहीं है कोई बराबरी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने फिल्म निर्माण के दौरान एआई के इस्तेमाल पर बात पर अपने विचार व्यक्त किये हैं। इसके साथ ही अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' पर भी काफी कुछ कहा। हाल ही में टॉम क्रूज लंदन में बाफ्टा के 'लाइफ इन पिक्चर्स'समारोह में पहुंचे थे। जहां वैरायटी से हुई बातचीत में 'मिशनः इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' में किये गए एआई के उपयोग के बारे में बात करते हुए कहा, 'असल बात यह है कि इंसानियत की कोई बराबरी नहीं है।



## एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर 25 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की सुपरहिट फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' एक बार फिर सिनेमाघरों में वापसी करने जा रही है। 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म के सात साल बाद मार्वल इसे 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' के नाम से दोबारा रिलीज कर रहा है। भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। फिल्म 25 सितंबर को रिलीज होने वाली है। खास बात यह है कि इस बार मार्वल फिल्म को सिर्फ पुरानी यादों के सहारे वापस नहीं ला रहा है। 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' में नया फुटेज और 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की एक्सक्लूसिव झलक भी दिखाई जाएगी। यही वजह है कि फिल्म की वापसी को लेकर दर्शकों में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म की सबसे ज्यादा हलचल 25 सितंबर यानी ओपनिंग डे के लिए देखने को मिल रही है।



## सोहला को प्रेजेंट कर रहीं सोनाली...

**मुंबई।** सोनाली बेंद्रे लंबे अरसे के बाद 2013 में फिल्मों में वापस लौटी थीं। इसके बाद से वह फिल्मों और सीरीज में काम करती रही हैं। अब वह अपकमिंग फिल्म 'सोहला' से बतौर प्रेजेंटर जुड़ी हैं। पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख का ऐलान किया गया है। यह फिल्म परिवार, सपनों और उन फैसलों के बारे में है, जो हमारी जिंदगी को आकार देते हैं। इस फिल्म के निर्देशक सैकत बागबान हैं। इसे रोज ऑडियो विजुअल्स के बैनर तले गोल्डी बहल ने प्रोड्यूस किया है। कैरीऑन फिल्म्स के बैनर तले सचिन श्रीवास्तव, रत्ना श्रीवास्तव और कविता बागबान भी इसके प्रोड्यूसर हैं। इसका साउंडट्रैक यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप ने तैयार किया है। यह 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका ट्रेलर 29 सितंबर को जारी किया जाएगा।



## प्रेम कीटाणु में दिखी दोस्ती की झलक

**मुंबई।** वीर पहाड़िया और अपारशक्ति खुराना की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'प्रेम कीटाणु' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में कॉलेज लाइफ, दोस्ती और प्यार दिखाया गया है। इसके अलावा इसमें दो दोस्तों के बीच लड़की को लेकर पैदा होने वाली स्थिति की भी झलक है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी का तड़का भी देखने को मिला है। प्रेम कीटाणु' 2 अक्टूबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 2 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि वीर पहाड़िया एक लड़की (आफिया सैयद) के चक्कर में पड़ जाते हैं। उन्हें उससे प्यार हो जाता है। उनकी प्रेम कहानी अच्छी चल रही होती है। इस बीच अपार शक्ति खुराना आ जाते हैं। वीर को लगता है कि आफिया का और आपर शक्ति खुराना का चक्कर चल रहा है।

टीवी मसाला



## बिग बॉस 20 : अमन ने छीनी यंग डीएसए की पावर

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 20 में प्रतिभागियों के बीच खूब बहस और विवाद देखे जा रहे हैं। कुछ के बीच दोस्ती हुई है तो कुछ एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं देखना चाहते। हाल ही में शो का नया प्रोमो जारी हुआ है। इसमें यंग डीएसए उर्फ हर्ष मछारे और अमन गांधी के बीच तीखी बहस देखी जा सकती है। दरअसल, एक टास्क के बाद अमन गांधी ने यंग की लाइफलाइन छीन ली।


## वर्तमान के लिए बहुत प्रासंगिक है 'भेड़ बकरी भूत' की कहानी

**नई दिल्ली।** अभिषेक चौबे और नवदीप सिंह मिलकर शॉर्ट फिल्म 'भेड़ बकरी भूत' लेकर आए हैं। इसे कई फेस्टिवल में सराहा गया है। फिल्म को अनुराग कश्यप के क्यूरेटेड यूट्यूब चैनल 'ओह शॉर्ट फिलप्स' पर रिलीज किया जाएगा। फिल्ममेकर अभिषेक चौबे और नवदीप सिंह अवॉर्ड जीतने वाली शॉर्ट फिल्म 'भेड़ बकरी भूत' (बीबीबी) पेश कर रहे हैं। नवदीप सिंह ने कहा कि फिल्म की ऑब्जर्वेशनल स्टोरीटेलिंग ने तुरंत उनका ध्यान खींचा। उन्होंने कहा, 'भेड़ बकरी भूत' बहुत बारीकी से देखी गई और समझदारी से निर्देशित की गई फिल्म है। यह आज के समय के लिए बहुत प्रासंगिक है। यह एक शानदार शॉर्ट फिल्म है, जो समझदारी भरी और जबरदस्त मनोरंजक है।' 'भेड़ बकरी भूत' कई फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जा चुकी है। इन फेस्टिवल में इंटरनेशनल कुर्जफिल्मटेग विंटरथुर का 29वां एडिशन, आईफसा टोरंटो, तिराना इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, रोमा शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल,




टोक्यो इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल, येलोस्टोन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और बेस्ट ऑफ इंडिया शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल शामिल हैं। उड़ता पंजाब जैसी फिल्म के लिए मशहूर चौबे और एनएच10 जैसी फिल्म से जुड़े सिंह इस शॉर्ट फिल्म को पेश कर रहे हैं। इस फिल्म को कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सराहा गया है। 'भेड़ बकरी भूत' दिखाती है कि कैसे निजी शिकायतें सिस्टम से जुड़ी निराशाओं पर एक बड़ी टिप्पणी बन सकती हैं। फिल्म की शुरुआत एक दुखी ब्रास बैंड म्यूजिशियन से होती है, जो पब्लिक बाथरूम की दीवार पर अपनी प्रेमिका के बारे में गुस्से भरा मैसेज लिखता है। जो चीज एक निजी गुस्से के तौर पर शुरू होती है, वह जल्द ही शिकायतों की एक सामूहिक दीवार बन जाती है। यहां लोग समाज और सिस्टम से जुड़ी अपनी शिकायतें लिखने लगते हैं। बढ़ती आवाजों के बीच, बाथरूम की बिगड़ती हालत पर किसी का ध्यान नहीं जाता। फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिषेक चौबे ने एक बयान में कहा, ''भेड़ बकरी भूत' के बारे में मुझे जो बात सबसे ज्यादा पसंद आई, वह है शिवम का कहानी कहने का मॉडर्न तरीका और यह बात कि यह फिल्म जितनी मजेदार है, उतनी ही परेशान करने वाली भी।

## जेलर 2 की कास्ट में शामिल हुई विद्या दबंग और प्रभावशाली है किरदार



**मुंबई।** 'जेलर 2' के मेकर्स धीरे-धीरे उन कलाकारों के किरदारों से पर्दा उठा रहे हैं जो इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में रजनीकांत के साथ नजर आएंगे। इस कड़ी में अब विद्या बालन का नाम भी जुड़ गया है। मेकर्स ने अब विद्या के किरदार का पहला लुक जारी किया है। वह 'कांथा' का किरदार निभा रही हैं। इस किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन नए वीडियो में उन्हें एक जबरदस्त अंदाज में पेश किया गया है। वीडियो में विद्या नीली साड़ी और काले ब्लाउज में नजर आ रही हैं। उनके हाथ में सिगरेट है और वह सीढ़ियों से उतरकर एक कमरे में दाखिल होती हैं। वीडियो में ज्यादा कुछ तो नहीं दिखाया गया है लेकिन एक बात साफ है कि कांथा का किरदार कोई शांत या दब्बू किस्म का नहीं है। इस सीन में विद्या का अंदाज काफी प्रभावशाली और दबंग है। मेकर्स ने अभी तक यह नहीं बताया है कि कहानी में कांथा का क्या रोल है। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, विद्या मिथुन चक्रवर्ती की बड़ी बेटी का किरदार निभाएंगी। कहा जा रहा है कि मिथुन 'जेलर 2' में मुख्य विलेन (खलनायक) की भूमिका में होंगे और रजनीकांत के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। हिंदुस्तान टाइम्स ने पहले एक सूत्र के हवाले से कहा था, 'विद्या मिथुन चक्रवर्ती की बड़ी बेटी का रोल निभा रही हैं।' नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित 'जेलर' फिल्म मुथुवेल पांडियन की कहानी थी। वह एक रिटायर्ड जेलर थे, जिनका शांत जीवन तब उथल-पुथल हो गया, जब उनका बेटा लापता हो गया। फिल्म ने भारत में 348.55 करोड़ रुपए (नेट) और दुनिया भर में 604.50 करोड़ रुपए (ग्रॉस) की कमाई की थी।

JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC | VOCATIONAL | IIT
MANAGEMENT | ENGINEERING | AICTE
INTERMEDIATE | UG & PG | LAW
NCTE | MBBS | ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.